सुप्रभात

रांची, बुधवार

01.03.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 227




12 प्रियंका चोपड़ा ने शेयर की वेब सीरीज सिटाडेल की झलक


B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR

RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS

APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY

ESTD : 2007 BACET

Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA

Seat Booking Open for 2023

WHY CHOOSE US?

•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore.

•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.

Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533

www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in

City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001


## सदन में फिर टूटी मर्यादा, गांजा से लेकर औकात तक पर चर्चा

### पक्ष-विपक्ष के व्यवहार से व्यथित दिखे स्पीकर रवींद्रनाथ महतो

- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान जमकर हुई नोकझोंक
- प्रथम पाली में ठीक-ठाक चला सदन, दूसरी पाली में भिड़े पक्ष-विपक्ष

**उदय चौहान**

**रांची।** बजट सत्र के दूसरे दिन सदन की मर्यादा फिर एक बार तार-तार हुई। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण पर वाद विवाद के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर थूका-फजीहत हुई। पक्ष-विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप के बाद औकात और देख लेने की बात कही गयी। मंगलवार को सदन की प्रथम पाली में जहां सुचारू रूप से प्रश्न काल चलने पर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो हर्षित थे, वहीं दूसरी पाली में पक्ष-विपक्ष के व्यवहार से वे व्यथित दिखे।

दरअसल, कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने वाद-विवाद के बीच भाजपा के मुख्य सचेतक विरंची नारायण की ओर मुखातिब होकर कहा कि मुंह मत खुलवाइये। चुनाव के वक्त आपने क्या किया था, वह सबको मालूम है। उनका इशारा बिरंची नारायण के अश्लील वायरल वीडियो पर था। यही नहीं, वाद विवाद के दौरान पक्ष और विपक्ष के बीच खूबियों और खामियों पर तथ्यों के साथ फोकस करने के बजाये ज्यादा समय तक छींटाकशी होती रही। सत्ता पक्ष के विधायकों ने केंद्र सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े किये। वहीं, भाजपा के भानु प्रताप शाही ने कहा कि विधायक जी गांजा पीकर आये हैं। स्पीकर की ओर मुखातिब होने के बजाये 23 बार उन्हें एड्रेस कर चुके हैं।

दूसरी ओर, भाजपा के बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य में उद्योग का स्वरूप बदल गया है। यहां ट्रांसफर-पोस्टिंग की बोली लगती है। धनकुबेर इंजीनियर वीरेंद्र राम को सरकार के नुमाइंदों की सरपरस्ती है। वीरेंद्र राम के पास अरबों की संपत्ति कहां से आयी? उन्होंने कहा कि मीडिया की सुर्खियां बनी है कि इंजीनियर वीरेंद्र राम को दो मंत्रियों का संरक्षण प्राप्त है। इस पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने विपक्ष से पूछा कि अडाणी के कौन हैं मोदी जी। फिर भाजपा के विरंची नारायण ने कहा कि पंकज मिश्रा कौन हैं? वह जेल में हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम प्रकाश और पूजा सिंघल पर अब तक एफआइआर क्यों नहीं कराया सरकार ने? प्रेम प्रकाश के घर एके 47 मिला था, लेकिन कार्रवाई हुई सिर्फ सिपाही पर।

#### प्रदीप यादव ने किया राज्यपाल के अभिभाषण का समर्थन

इसके पहले राज्यपाल के अभिभाषण का समर्थन करते हुए प्रदीप यादव ने कहा कि झूठी घोषणाएं तो भाजपा की सरकार करती आयी ही है। 2 अक्टूबर 2017-18 को बापू की जयंती के दिन झारखंड को ओडीएफ घोषित कर दिया। लेकिन, सच्चाई इससे उलट है। सबको मालूम है कि झारखंड के 400 गांवों को डिजिटल घोषित कर दिया। दुग्धी गांव को कैशलेस घोषित किया। पीएम से मन की बात में इसका जिक्र भी करा दिया। यही नहीं, कसमार ब्लॉक को पहला वाईफाई ब्लॉक घोषित कर दिया। यह सवाल जेपीएससी में भी पूछा गया। प्रदीप यादव को बोलने के लिए ज्यादा वक्त मिलने पर भाजपा ने विरोध किया। इस पर राजद कोटे के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि उनके दल का समय भी श्री यादव को दिया गया है। इसके बाद प्रदीप यादव ने भाजपा विधायकों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर आपकी औकात है, तो अपना समय बाबूलाल मरांडी जी को दिला कर दिखायें।



#### बेहतर संचालित हुआ शून्य काल

विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने अल्पसूचित प्रश्न के अलावा तारांकित, ध्यानाकर्षण व शून्य काल बढ़िया से संचालित किया। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों से चर्चा को जनहित में रखने का आह्वान किया। लेकिन, कई बार अलग-अलग प्रश्नों के जवाब पर विपक्षी दलों के सदस्य असंतुष्ट दिखे।

## राज्य के 13 हजार डॉक्टर आज करेंगे कार्य बहिष्कार

- सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी छोड़ अन्य सेवाएं रहेंगी बाधित
- रिम्स के पीजी से लेकर सीनियर डॉक्टरों को ड्यूटी करने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हाल के दिनों में चिकित्सकों पर हो रहे हमले को लेकर राज्यभर के चिकित्सकों में आक्रोश है। एक माह के अंदर धनबाद, हजारीबाग, लोहरदगा, गढ़वा और रांची में डॉक्टर पर हमले हो रहे हैं। राजधानी रांची में सोमवार को डॉ अंचल कुमार पर एक अपराधी ने घर में घुसकर हमला कर दिया। घटना के बाद आइएमए-झासा व अन्य चिकित्सकों ने आपातकालीन बैठक बुलायी। निर्णय लिया गया कि 1 मार्च (बुधवार) को राज्यभर के करीब 13 हजार चिकित्सक कार्य बहिष्कार करेंगे। हालांकि इमरजेंसी सेवा और अस्पताल में भर्ती मरीजों की इलाज जारी रहेगी। इधर, रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि चिकित्सा सेवा एक इमरजेंसी सेवा है। सीनियर डॉक्टरों से लेकर पीजी डॉक्टरों तक को सेवा बाधित नहीं करने को कहा है। उन्हें पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निभाने के लिए कहा गया है।



#### मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट जल्द लागू करे राज्य सरकार

एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर इंडिया (एएचपीआइ) झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष योगेश गंभीर ने कहा कि 1 मार्च को आइएमए और झासा के आह्वान पर कार्य बहिष्कार का समर्थन किया जायेगा। इस दिन ओपीडी सेवाओं को ठप रखा जायेगा। किसी भी मरीज को चिकित्सक परामर्श नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार, प्रताड़ना और हिंसक घटनाओं से हम सभी आहत हैं। राज्य सरकार अविलंब मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे, ताकि राज्य के चिकित्सक और पारा मेडिकल कर्मी सुरक्षित वातावरण में काम कर सकें।

#### डॉक्टरों की समस्या का हल शीघ्र निकले

आइएमए वीमेंस विंग की राष्ट्रीय सह अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप ने कहा कि जब हर राज्य में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है, तो फिर झारखंड में क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि भारत को मुस्कुराता हुआ कल चाहिए, तो डॉक्टरों की समस्या का हल होना चाहिए। हमारी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है। अफसरों और नेताओं की तानाशाही बंद करने की जरूरत है। घटना में जो भी लोग शामिल होते हैं, वैसे लोगों पर कार्रवाई जरूरी है।

(शेष पेज 11 पर)

## धालभूमगढ़ में नहीं बनेगा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

- पर्यावरण मूल्यांकन समिति ने 25 सितंबर 2020 को ही रद कर दिया था प्रस्ताव
- केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पत्र से सामने आयी सच्चाई

**सत्येंद्र कुमार**

**जमशेदपुर।** अगर आप जमशेदपुर समेत कोल्हान प्रमंडल के निवासी हैं और सोच रहे हैं कि राज्य और केंद्र सरकार धालभूमगढ़ एयरपोर्ट बनाकर देने जा रही है, तो यह सपना ही है। सच्चाई यह है कि एयरपोर्ट बनाने के लिए गठित धालभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड के प्रस्ताव को ही अनुपयुक्त पाया गया है। हाथियों के आने-जाने के क्षेत्र में स्थित होने के चलते इस कंपनी को हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है। यानी, अब धालभूमगढ़ में इंटरनेशनल एयरपोर्ट नहीं बनेगा।

27 फरवरी 2023 को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को लिखे एक पत्र में केंद्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पष्ट कर दिया है कि धालभूमगढ़ में अब एयरपोर्ट नहीं बनेगा। हालांकि, निकट भविष्य में झारखंड सरकार वैकल्पिक भूमि उपलब्ध कराती है, तो नये सिरे से इस पर जरूर विचार किया जायेगा। उपसभापति को लिखे पत्र में केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि भारत सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत जमशेदपुर में टाटा स्टील के स्वामित्व वाले सोनारी हवाई अड्डे से 31 जनवरी 2023 से सीधी उड़ान का संचालन शुरू हो चुका है। जहां तक धालभूमगढ़ हवाई अड्डा की बात है, तो यह हवाई अड्डा द्वितीय विश्वयुद्ध का एक परित्यक्त हवाई क्षेत्र है। इस हवाई अड्डे पर 1741 मीटर गुना 45 मीटर आयाम के दो रनवे हैं, जो वर्तमान हालत में बहुत जर्जर हैं और संचालन के लिए उपयुक्त नहीं हैं। मंत्री ने बताया है कि धालभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड को 21 जुलाई 2019 को झारखंड में हवाई अड्डे के विकास के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में बनाया गया था। (शेष पेज 11 पर)

## पीटीआर क्षेत्र के बेतला रेंज में फंदे में फंसने से हिरण की मौत

**बेतला।** बेतला नेशनल पार्क से सटे मतनाग में एक हिरण की मौत फंदे में फंसने से हो गयी है। बताया गया कि गांव पहुंचा हिरण फंदे में फंस गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पहुंची। जख्मी हिरण को इलाज के लिए बेतला ला रहे थे, लेकिन तब तक काफी रक्तस्राव हो चुका था, जिससे उसकी मौत हो गयी। दूसरी ओर, इस संबंध में वनपाल उमेश दुबे ने बताया कि हिरण की मौत नहीं हुई है। उसने हिरण को रेस्क्यू कर पीटीआर के जंगलों में छोड़ देने का दावा किया है, लेकिन ग्रामीणों में हिरण की मौत की चर्चा बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, किसान वन्य प्राणियों से अपनी फसल की सुरक्षा के लिए फंदा लगा देते हैं। दूसरी ओर, गर्मी शुरू होते ही पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र के जलाशयों में पानी का संकट हो जाता है। इस कारण वन्य प्राणी ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी प्यास बुझाने के लिए आते हैं। अंदेशा है कि यह हिरण भी पानी की खोज में गांव में आया होगा और फंदे में फंस गया।

## जी-20 समिट कल, तैयारी पूरी ब्राजील से रांची पहुंचे डेलिगेट्स

- प्रशासन अलर्ट, 500 मीटर की परिधि नो फ्लाई जोन और रेड जोन घोषित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची जी समिट को लेकर सज-धज कर तैयार है। विदेशी मेहमानों का आगमन बुधवार की सुबह 7:30 से शुरू हो जायेगा। वैसे ब्राजील से कुछ मेहमान मंगलवार की शाम रांची पहुंच चुके हैं। अपने खास मेहमानों के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर अलग-अलग टीमें दिन भर तैनात रहेंगी। इधर, होटल रेडिसन ब्लू और चाणक्या बीएनआर के 500 मीटर की परिधि में नो फ्लाई जोन और रेड जोन घोषित कर दिया गया है। यानी, इन दोनों क्षेत्रों के 500 मीटर के दायरे में ड्रोन, पाराग्लाइडिंग, हॉट एयर बलून और अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगा दी गयी है।



जी-20 समिट को लेकर सजी राजधानी रांची की सड़कें।

एयरपोर्ट से मेहमानों को वीआइपी गेट से बाहर लाया जायेगा। वहीं, वीआइपी गेट के पास एक सुंदर स्टेज भी बनाया गया है, जिस पर झारखंड के लोक नृत्य कर मेहमानों का स्वागत किया जायेगा। इसके बाद लाइजनिंग अफसर अपने मेहमान को गाड़ी में बैठा कर होटल लायेंगे। इसके बाद दो मार्च को दिनभर रेडिसन ब्लू में साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषय पर इन मेहमानों की बैठक होगी। फिर दो मार्च की रात ग्रैंड डिनर रेडिसन ब्लू के बैंक्वेट हॉल में होगा। इन सब कार्यक्रमों के बाद तीन मार्च की सुबह दो लग्जरियस बस में बैठाकर मेहमानों को पतरातू ले जाया जायेगा। दिनभर पतरातू में मेहमान वोटिंग करेंगे और शिल्पग्राम का आनंद लेंगे। तीन मार्च की शाम और चार मार्च को मेहमानों की वापसी होगी। वहीं, इस कार्यक्रम को लेकर 3 मार्च तक रांची में धारा 144 लागू रहेगी।



#### बिजली के खंभे रोप लाइट और नियोन लाइट से रोशन

मेन रोड पर लगे सभी बिजली के खंभों को रोप लाइट व नियोन लाइट से रोशन कर दिया गया है। शाम होते ही रांची की सड़कें रोशनी से जगमग रही। इसके साथ ही पूरे शहर में कहीं गंदगी न दिखे, इसके लिए हर दिन दो बार कूड़े का उठाव किया जा रहा है। अतिथियों को रांची सुंदर लगे, इसे लेकर डिवाइडरों पर आकर्षक फूलों के पौधे व गमले लगाये जा रहे हैं। वहीं, जहां पर डिवाइडर के बीच अधिक गैप है, वहां घास भी लगायी गयी है। इसके साथ ही जगह-जगह दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग भी की गयी है।

### 7 रजत और 3 कांस्य पदक जीत विद्यार्थियों ने झारखंड का नाम किया रोशन

## जैन उत्सव में रांची विवि व डीएसपीएमयू ने लहराया परचम

- रांची विवि के विद्यार्थियों ने 7 इवेंट्स में लिया था हिस्सा
- डीएसपीएमयू के 29 सदस्यीय दल ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय (आरयू) और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीपीएसपीएमयू) के छात्रों ने जैन उत्सव में पदकों की भरमार कर दी है। जैन यूनिवर्सिटी बेंगलुरु में आयोजित 36वें इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल (जैन उत्सव) में आरयू और डीएसपीएमयू के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रांची विवि के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन का परिचय देते हुए 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। वहीं, डीएसपीएमयू के विद्यार्थियों ने तीन सिल्वर और एक ब्रांज जीतकर झारखंड और रांची का नौम रोशन किया है। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति व अन्य अधिकारियों ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

आरयू के विद्यार्थियों ने कुल 7 इवेंट्स में भाग लिया था। इसमें म्यूजिक इवेंट के वेस्टर्न वोकल (सोलो) में यामीमा कच्छप, फाइन आर्ट्स इवेंट्स के कार्टूनिंग में शुभम कुमार दुबे, मेहंदी में जेनिस खलखो एवं इंस्टालेशन में रमा कुमारी, चंदा कुमारी, गौरव पाल एवं शुभम कुमार दुबे ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक और थिएटर इवेंट के मिमिक्री में जितेंद्र कुमार एवं फाइन आर्ट्स इवेंट के क्ले मॉडलिंग में गौरव पाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम मैनेजर के रूप में डॉ पूनम निगम सहाय और सुजीत कुमार शर्मा, परफॉर्मिंग आर्ट के शिक्षक विवेक दास इन बच्चों के साथ बेंगलुरु में उपस्थित थे। विवि के कुलसचिव डॉ एमसी मेहता, डीएसडब्ल्यू डॉ जीएस झा, डॉ बीपी सिन्हा, उपनिदेशक सीवीएस डॉ स्मृति सिंह, डॉ नियति कल्प, समन्वयक, परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स विभाग ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।




#### कई खिताब जीते :

डीएसपीएमयू के 29 सदस्यीय दल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई खिताब अपने नाम किये। इनमें क्लासिकल वोकल इंडियन गायन में कुमार आदित्य पांडेय ने सिल्वर, ऑन स्पॉट पेंटिंग में आकाश कर्मकार ने सिल्वर, लाइट वोकल में युवराज ने ब्रांज, इंस्टालेशन में सिल्वर और सांस्कृतिक झांकी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दल के साथ 4 शिक्षक और 2 टीम मैनेजर डॉ गीतांजलि सिंह और डॉ राहुल देव साह शामिल थे। इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह परिणाम प्रतिभागियों के सकारात्मक सोच और आत्मबल का परिणाम है। व्यक्तिगत तौर पर प्रत्येक उपलब्धि विवि की सामूहिक श्रेष्ठता को बढ़ावा देती है। आगे भी उनसे इसी प्रदर्शन की आशा है। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इस दल को बधाई दी और कहा कि आगे भी विवि उनसे यह उम्मीद रखता है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## ट्विटर प्रमुख एलन मस्क फिर बने दुनिया के सबसे अमीर शख्स

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला और ट्विटर प्रमुख एलन मस्क एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर शख्स बन गये हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 187 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ मस्क ने अरबपतियों की सूची में पहला स्थान हासिल कर लिया है।

इंडेक्स के अनुसार सिर्फ दो महीने में मस्क की संपत्ति में 50 अरब डॉलर से ज्यादा का उछाल आया है, जो 187 अरब डॉलर पर पहुंच गयी है। इस सूची में दूसरे नंबर पर बर्नार्ड अरनॉल्ट हैं, जिनकी संपत्ति एक साल में 23.3 अरब डॉलर बढ़ कर 185 अरब डॉलर हुई है। अमेजन के फांउडर जेफ बेजोस 117 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि 114 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ बिल गेट्स चौथे स्थान पर हैं। 5वें पायदान के वॉरेन बफे की संपत्ति 106 अरब डॉलर है। दुनिया के सबसे अमीर लोगों की टॉप-10 सूची में भारतीय कारोबारी मुकेश अंबानी शामिल हो गये हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआइएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी 81.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ इस सूची में 10वें पायदान पर हैं। उनकी संपत्ति में भी इस साल 6.02 अरब डॉलर की गिरावट आयी है। (शेष पेज 11 पर)

➲ मुकेश अंबानी 81.1 अरब डॉलर के साथ 10वें पायदान पर



#### दुनिया के टॉप-5 अमीर

| क्रम | नाम | संपति |
|---|---|---|
| 1. | एलन मस्क | 187 अरब डॉलर |
| 2. | बर्नार्ड अरनॉल्ट | 185 अरब डॉलर |
| 3. | जेफ बेजोस | 117 अरब डॉलर |
| 4. | बिल गेट्स | 114 अरब डॉलर |
| 5. | वॉरेन बफे | 106 अरब डॉलर |

### न्यूज डायरी

#### अब कल होगी हेमंत कैबिनेट की बैठक

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार की प्रस्तावित कैबिनेट बैठक की तिथि एक बार फिर बदल दी गयी है। अब यह बैठक बुधवार की जगह गुरुवार को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने इस बाबत मंगलवार को अधिसूचना जारी की है। पहले यह बैठक 27 फरवरी (सोमवार) को होनी थी। उसके बाद तिथि में बदलाव कर बैठक एक मार्च की गयी। एक बार फिर से परिवर्तन करते हुए कैबिनेट बैठक गुरुवार यानी 2 मार्च को रखी गयी है।

#### गिरिडीह : फैक्ट्री में ब्लास्ट से तीन मजदूर गंभीर

**गिरिडीह।** जिले की कार्बन रिसोर्सेज फैक्ट्री में ब्लास्ट के बाद आग लगने से तीन मजदूर झुलसकर गंभीर हो गये हैं। स्थानीय निजी नर्सिंग होम में उनका इलाज कराया जा रहा है।

#### इंजीनियर वीरेंद्र राम की रिमांड अवधि चार दिन बढ़ी

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम मंगलवार को फिर से पीएमएलए कोर्ट में पेश हुए। पुलिस निगरानी में वे कोर्ट लाये गये थे। इडी ने कोर्ट से एक्स्ट्रा रिमांड का आग्रह किया था। जिसे स्वीकारते हुए कोर्ट ने चार दिन के और रिमांड की अनुमति दे दी है।

#### मनीष सिसोदिया पांच दिन की सीबीआइ रिमांड पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में 4 मार्च तक की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। अब वे 4 मार्च को कोर्ट में पेश होंगे। स्पेशल जज एमके नागपाल ने ये आदेश सुनाया।

#### केंद्रीय वित्त मंत्री ने किया रोप-वे का उद्घाटन

**गंगटोक।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामले की मंत्री निर्मला सीतारमण ने दक्षिण सिक्किम के यांगगांग में धापर से भालेढुंगा तक नवनिर्मित पर्यावरण अनुकूल यात्री रोप-वे का उद्घाटन किया। उन्होंने राजधानी के चिंतन भवन में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से रोप-वे का उद्घाटन किया।

#### रूस से तीसरी एस-400 पहुंची भारत

**नई दिल्ली।** दुनिया में तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका के बीच रूस ने भारत से अपनी मित्रता की एक और मिशाल पेश कर अपना वादा पूरा किया है। रूस ने स्क्वाड्रन-400 की तीसरी यूनिट भारत पहुंचा दिया है। इससे पाकिस्तान और चीन की तरफ से आने वाली मिसाइलों, विमानों, हेलिकॉप्टरों को मार गिराया जा सकता है।

#### सेल्स टैक्स क्लर्क 20 हजार घूस लेते धराया

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित सेल्स टैक्स विभाग के क्लर्क सुबोध सिंह को एसीबी की टीम ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा। सुबोध को एसीबी की टीम रांची लेकर चली गयी। एसीबी के सूत्रों के अनुसार एक व्यापारी ने जमशेदपुर डिवीजन सेल्स टैक्स विभाग के क्लर्क सुबोध की शिकायत सोनारी के एसीबी थाने में लिखित रूप से की थी। कहा था कि घूस न देने पर सुबोध काम करने से इंकार कर रहे थे।

#### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 68,500 रु./प्रति किलो |

समाचार पत्र पंजीयन (केंद्रीय) कानून, 1956 आठवें नियम के अंतर्गत अपेक्षित 'खबर मन्त्र' रांची नामक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा :-

**प्रपत्र-4**

1. प्रकाशन स्थल : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड 834009
2. प्रकाशन अवधि : प्रतिदिन
3. मुद्रक का नाम : मंजू सिंह, वास्ते वृंदा मीडिया, पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
   क्या भारत का नागरिक हैं : हां
   पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
4. प्रकाशक का नाम : मंजू सिंह, वास्ते वृंदा मीडिया, पब्लिकेशन्स प्रा. लि.
   क्या भारत का नागरिक हैं : हां
   पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
5. संपादक : अविनाश चन्द्र ठाकुर
   क्या भारतीय नागरिक हैं : हां
   पता : चिरौंदी, बोड़ेया रोड रांची, झारखंड
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों : XX

मैं मंजू सिंह एतद द्वारा घोषित करती हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

तारीख : 1 मार्च 2023

ह. मंजू सिंह
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)

## हेमंत सरकार ने स्थानीय भाषा और लोक-संस्कृति को नियोजन नीति से जोड़ने का किया था प्रयास

# युवाओं के सुझाव से बनेगी नयी नियोजन नीति

**2016 के पहले वाली नियोजन नीति के आधार पर तात्कालिक तौर पर नियुक्ति के पक्ष में 73 प्रतिशत युवा, 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति का प्रस्ताव राज्यपाल ने किया था वापस**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में खतियान आधारित नियोजन नीति पर अंतिम निर्णय लेते हुए विधानसभा से इस संबंध में विधेयक पारित करते हुए आगे के निर्णय के लिए राज्यपाल के पास भेजा था। राज्य सरकार का इस संदर्भ में स्पष्ट मानना था कि 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति एवं पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची का संरक्षण मिल जाने के बाद ही बहाल किया जाये। इन परिस्थितियों में जब राज्यपाल द्वारा राज्य सरकार का प्रस्ताव वापस कर दिया गया। ऐसे में, एक तात्कालिक कदम की जरुरत को महसूस करते हुए राज्य के युवाओं से इस संबंध में राय जानने का प्रयास किया गया, क्योंकि पूर्व की सरकार के समय लायी गयी 13-11 वाली नियोजन नीति को भी न्यायालय द्वारा रद्द करने का आदेश पारित किया जा चुका था। ऐसे में युवाओं का राय जानना था कि क्या तत्कालिक तौर पर पूर्व की नियोजन नीति 2016 के पहले वाली के आधार पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार ने भारत सरकार की मिनी रत्न कंपनी को राय लेने का जिम्मा सौंपा। राय के लिए कुल 7,33,921 लोगों तक पहुंच बनाई गई। 73 प्रतिशत झारखण्ड के युवाओं ने 2016 से पहले वाली नियोजन नीति के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति जताई।

### स्थानीय भाषाओं को नियोजन नीति से जोड़ने का हुआ था प्रयास

मालूम हो कि विधानसभा के शीत कालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा था कि सरकार की मंशा थी कि थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नियुक्ति में आदिवासी और मूलवासियों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो, लेकिन, नौजवानों की मंशा के साथ सरकार जायेगी। ज्ञात हो कि वर्तमान सरकार ने स्थानीय भाषाओं एवं लोक-संस्कृति की जानकारी को नियोजन नीति से जोड़ने का प्रयास किया था। साथ ही, राज्य में स्थित संस्थान से 10वीं, 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होने की शर्त भी जोड़ी थी। जिसे कुछ लोगों एवं दूसरे राज्य के अभ्यर्थियों के द्वारा न्यायालय में चुनौती दी गयी थी।

**इसलिये युवाओं के मत को जानने की हुई आवश्यकता :** मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य अलग होने में लंबा समय लगा। राज्य के लोगों के लिए हितकारी नियोजन नीति लाने के उद्देश्य ने सरकार ने कदम बढ़ाया था, जिसे वापस कर दिया गया। स्थानीय युवाओं, भाषाओं एवं लोक-संस्कृति की शर्त देश के विभिन्न राज्यों में लागू है। भाषा के सम्बन्ध में कई राज्यों में स्पष्ट नीति है जो नियुक्ति प्रक्रिया का मुख्य आधार भी है।

## डॉ लंबोदर महतो ने सदन में उठाया 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति की मांग

**जेएसएससी स्नातक स्तर परीक्षा नियमावली नहीं होने और निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को बहाल नहीं किये जाने को लेकर स्थगन का प्रस्ताव भी लाया**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति लागू करने की मांग की। डॉ महतो ने शून्यकाल में कहा कि झारखंड सरकार 14 सितंबर 2022 को राज्य मंत्रिमंडल द्वारा निर्णय लिये जाने के बाद 11 नवंबर 2022 को 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति संबंधित विधेयक विधानसभा से पारित के बाद भी अब तक अधिनियम नहीं बन सका है। जिसके कारण राज्य में 12 हजार से ज्यादा बहाली रद्द हो गई है। साथ ही, 16 दिसंबर 2022 को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा नियोजन नीति रद्द किए जाने तथा नई नियोजन नीति अब तक नहीं बन पाने के कारण 3 लाख 59 हजार से ज्यादा रिक्तियों पर नियुक्ति नहीं हो पा रहा है। डॉ महतो ने कार्य स्थगन प्रस्ताव लाकर सरकार से स्थानीय नीति, नियोजन नीति एवं जेएसएससी स्नातक स्तर परीक्षा संचालन नियमावली तथा निजी क्षेत्रों की कंपनियों में 40 हजार तक वेतन पाने वाले पदों पर 75 प्रतिशत स्थानीय को बहाल करने पर चर्चा कराये जाने की भी मांग की।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चतरा**

**अत्यावश्यक सूचना**

एतद द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक–24.02.2023 को समीक्षात्मक बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत आवंटित पुल निर्माण कार्य से संबंधित निम्नलिखित संवेदको को सूचित किया जाता है कि उनके सामने आवंटित पुल निर्माण कार्यो को एकरारनामा के अनुसार निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं किया गया है। इस संबंध में बार–बार मौखिक एवं लिखित सूचना दिये जाने के बावजूद भी आपलोगों के द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है और न ही पूर्ण करने की दिशा में कोई ठोस पहल की जा रही है। उक्त परिस्थिति में इस सूचना के माध्यम से आपके द्वारा किये गये पुल निर्माण कार्य का अंतिम मापी संबंधित कनीय अभियंता के द्वारा ले ली जायेगी, ताकि अवशेष कार्य पूर्ण करने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। मापी के समय आपको या आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को उपस्थित रहना अनिवार्य है। उपस्थित नहीं रहने पर भी अंतिम मापी ले ली जायेगी, जो आपको मान्य होगी। तत्पश्चात् एकरारनामा के अनुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

| क्र सं. | पैकेज सं. | कार्य का नाम | संवेदक का नाम | अंतिम मापी की तिथि | अंतिम मापी लेने वाले पदा. का नाम | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | JH-WB-CHA-BR-003A (JH02J B003A) | सिद्दकी मोड से घोरीघाट पथ में पुल निर्माण का कार्य। | मेसर्स सहाय कन्स्ट्रक्शन, अव्वल मुहल्ला, कोर्ट मोड़, जिला–चतरा। | 11.03.2023 | श्री नरेश प्रसाद सिंह, कनीय अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, हण्टरगंज तथा श्री वीर बहादुर वेंकट सिंह, सहायक अभियन्ता (PMGSY), ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा। | 11.00 बजे पूर्वाह्न |
| 2. | JH-02-TKE-B-5 | L029 से भुईया टोला पथ के Local Nala at Ch-2.70 कि.मी. पर पुल निर्माण का कार्य। | मेसर्स काली कन्स्ट्रक्शन, काली मंदिर के नजदीक, जोरी, जिला–चतरा। | 13.03.2023 | श्री ओम प्रकाश गुप्ता, कनीय अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, चतरा तथा श्री वीर बहादुर वेंकट सिंह, सहायक अभियन्ता (PMGSY), ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा। | 11.00 बजे पूर्वाह्न |
| 3. | JH02T KE 154B | कोराम्बे से मेराल पथ के Ch-4.90 कि.मी. पर पुल निर्माण का कार्य। | मेसर्स माँ संतोषी कन्स्ट्रक्शन, गिद्धौर, जिला–चतरा। | 14.03.2023 | श्री गिरेन्द्र कुमार शर्मा, कनीय अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, चतरा तथा श्री वीर बहादुर वेंकट सिंह, सहायक अभियन्ता (PMGSY), ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा। | 11.00 बजे पूर्वाह्न |

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 291393 Rural Work Department(22-23)#D

## झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम बहंगी लेकर पहुंचे विधानसभा, कहा- सरकार हमारी भी नहीं सुनती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के विधायक लोबिन हेम्ब्रम बजट सत्र के दूसरे दिन हरे रंग के परिधान में कंधे पर बहंगी लिये थे और उस बहंगी में दोनों तरफ दो घड़ा था, जिसपर राज्य के ज्वलंत मुद्दे लिखे हुए थे। उनके विधानसभा परिसर पहुंचते ही मीडियाकर्मियों ने घेर लिया। इस दौरान मीडिया के सुर्खियों में बने लोबिन हेंब्रम ने अपनी ही सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सीएम उनकी नहीं सुनते। जल, जंगल जमीन के नाम पर लोगों का दोहन हो रहा है। स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बनाई गई। पेसा कानून का उल्लंघन हो रहा है। यह पूछे जाने पर कि आप तो अकेले हैं, जवाब में कहा कि हम तो एकला चले हैं, हमारा कारवां बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ झारखंड का गठन हुआ उसे पूरा करने में आज तक किसी सरकार ने रुचि नहीं दिखाई। आदिवासी बहुल क्षेत्र होने के कारण राज्य में एसपीटी और सीएनटी एक्ट का प्रावधान है। मगर सरकार इसे प्रभावी ढंग से लागू नहीं कर पा रही है। इसी तरह से उन्होंने स्थानीय नीति नहीं बनाए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि गुरुजी के सपना को पूरा नहीं किया जा रहा है। ऐसे में भले ही हमारी ही सरकार क्यों ना हो हम विरोध दर्ज कराते रहेंगे।

## भाजपा विधायकों ने विस के मुख्य द्वार पर किया प्रदर्शन



**नियोजन नीति की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायकों ने राज्य में नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। विधायकों ने कहा कि राज्य सरकार जान बूझकर स्थानीय और नियोजन नीति को लटकाए हुए है। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि हर वर्ष 5 लाख युवाओं को रोजगार देने की बात कहकर सत्ता में आयी झामुमो सरकार 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थानीय और नियोजन नीति नहीं बना पाई है। उन्होंने कहा कि राज्य में चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है।

## पंकज मिश्रा को बेल के लिए करना होगा इंतजार, फैसला सुरक्षित

**रांची।** टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। हाईकोर्ट के फैसला सुरक्षित रखने के बाद पंकज मिश्रा को अपनी जमानत के लिए फिलहाल इंतजार करना होगा। बता दें कि पंकज मिश्रा को ईडी ने अवैध खनन मामले में पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। इस मामले में पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में 11 करोड़ 88 लाख रुपये जमा थे, जिसे ईडी जब्त कर चुकी है।

## इडी कोर्ट में प्रेम प्रकाश की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** 1000 करोड़ रुपये के मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद प्रेम प्रकाश की ओर दाखिल डिस्चार्ज अर्जी ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। अर्जी पर 25 फरवरी को सुनवाई पूरी होने के अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। अब प्रेम प्रकाश के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी। आरोपी के अधिवक्ता ने निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज अर्जी दाखिल की थी।

## खबर एक नजर में

### विधायक ढुल्लू महतो की जमानत याचिका मंजूर

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने विधायक ढुल्लू महतो की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है। अब ढुल्लू महतो जेल से बाहर आ सकते हैं। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि ढुल्लू महतो के विरुद्ध धनबाद जिले के केंदुआडीह थाना में वर्ष 2022 में कांड संख्या 132 दर्ज की गई थी। उनके खिलाफ हत्या का प्रयास, रंगदारी मांगने और आर्म्स एक्ट समेत कई आरोप हैं। धनबाद जिला अदालत ने इस केस में ढुल्लू महतो को बेल देने से इंकार कर दिया था।

### जेल में ही बीतेगी रामधीर सिंह की होली

**रांची।** विनोद सिंह हत्याकांड में सजायाफ्ता बाहुबली रामधीर सिंह की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने इस केस की अगली सुनवाई होली के बाद निर्धारित की है। इस समय रामधीर सिंह बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल, होटवार रांची में सजा काट रहे हैं। कतरास बाजार में 1998 में कोयला कारोबारी विनोद सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में जमानत के लिए रामाधीर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। पूर्व मंत्री बच्चा सिंह इस केस में बरी हो चुके हैं।

### डीएसपी और जेल अधीक्षक को तीसरा सम्मन

**रांची।** मंत्री आलमगीर आलम और सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को क्लीन चिट देने के मामले में आरोपी डीएसपी पीके मिश्रा को ईडी ने मंगलवार को तीसरा समन भेजा है। ईडी ने डीएसपी पीके मिश्रा को छह मार्च को ईडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। गौरतलब है कि इससे पहले ईडी ने डीएसपी को छह दिसंबर 2022 को पहला समन भेजा था। जिसमें वे उपस्थित नहीं हुए। जिसके बाद ईडी ने दूसरा समन 13 दिसंबर 2022 को भेजकर डीएसपी पीके मिश्रा को 15 दिसंबर 2022 को ईडी ऑफिस में पेश होने को कहा था लेकिन पीके मिश्रा ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। वहीं दूसरी ओर ईडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को भी समन भेजा है और 7 मार्च को उपस्थित होने को कहा है।

### प्रेम प्रकाश को संपूर्ण दस्तावेज देने का आदेश

**रांची।** मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद कारोबारी प्रेम प्रकाश की ओर से संपूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने प्रार्थी के आग्रह को स्वीकार करते हुए ईडी को मामले से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज प्रार्थी को देने का निर्देश दिया। साथ ही कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। पूर्व में दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका में कहा गया था कि ईडी ने जो पुलिस पेपर उपलब्ध कराए हैं वह अपूर्ण हैं, इसलिए उसे संपूर्ण पुलिस पेपर उपलब्ध कराया जाए।

### चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की रिमांड अवधि बढ़ी

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को 5 दिन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रिमांड के बाद मंगलवार को ईडी कोर्ट के न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेश किया गया। ईडी की ओर से आवेदन देकर फिर से वीरेंद्र राम को पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने का आग्रह किया गया। ईडी को वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए और चार दिनों की रिमांड मिली। 23 फरवरी को ईडी कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर वीरेंद्र राम को ईडी को सौंपा था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

**भ्रष्टाचार के आरोपी बीरेंद्र राम हुए सस्पेंड :** भ्रष्टाचार के आरोपी ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र के मुख्य अभियंता बीरेंद्र कुमार राम को जल संसाधन विभाग ने निलंबित कर दिया है। 23 फरवरी की तिथि से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया गया है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यलिय, जलपथ प्रमण्डल, संख्या–I, सिमडेगा**

पत्रांक– 75 | सिमडेगा/दिनांक– 28.02.2023

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक :– 55 दिनांक 09.02.2023 द्वारा प्रकाशित e-Tender Reference No.- WRD/WWD NO.-1 SIMDEGA/01/2022-23 एवं PR NO. 289924 (Water Resource) 22-23 (D) में अपरिहार्य कारण वश आंशिक संशोधन किया गया है जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाय :–

1. Time of Bid Submission :- From 14.02.2023 to 10.03.2023 (5:00PM.)
2. Last Date and Time of Submission of Bid cost and EMD :- Date- 11.03.2023, Time- up to 5:00 PM.
3. Date of opening (Technical Bid) :- Date - 13.03.2023, Time 4:00 PM.
4. SBD के Page No. 19 (Terms & Conditions) के क्रमांक 11 – Rate quoted by the tenderer shall be treated as per direction of WRD letter No. 2/PMC/miss/195 /2013- 430 dated- 19.11.2020 with annexure PWD/miss-06-33/2007 (part-1)-2146(s), Ranchi, dated-09.09.2020 and Memo No.- 01/PMC/miss/321/2008-656 Ranchi, dated-22.12.2020 shall be applicable.
5. SBD के Page No. 24 Clause 4.5 A(c)–

| SL. NO. | ITEM OF WORK | Minimum Quantity required as per Clause 4.5A(c) of SBD |
|---|---|---|
| 1 | Earthwork | 37190.191 $M^3$ |
| 2 | Sand Filter (Lining) | 16322.13 $M^2$ |
| 3 | PCC/RCC | 1806.619 $M^3$ |
| 4 | Boulder Masonary | 196.535 $M^3$ |
| 5 | Boulder Pitching | 408.72 $M^3$ |
| 6 | Turfing | 26.185 per 100$M^2$ |

1.SBD के Page No. 37 क्रमांक–5–

| SL. NO | ITEM OF WORK | INVOLVE QUANTITY | Minimum Quantity required as per Clause 4.5A(c) of SBD |
|---|---|---|---|
| 1 | Earthwork | 74380.382 $M^3$ | 37190.191 $M^3$ |
| 2 | Sand Filter (Lining) | 32644.26 $M^2$ | 16322.13 $M^2$ |
| 3 | PCC/RCC | 3613.239 $M^3$ | 1806.619 $M^3$ |
| 4 | Boulder Masonary | 393.07 $M^3$ | 196.535 $M^3$ |
| 5 | Boulder Pitching | 817.44 $M^3$ | 408.72 $M^3$ |
| 6 | Turfing | 52.37 per 100$M^2$ | 26.185 per 100$M^2$ |

आमंत्रित ई–निविदा में इस हद तक संशोधित समझा जाय। शेष नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमण्डल सख्या–1 सिमडेगा

PR 291507 Water Resource(22-23).D

**JHARKHAND STATE SPORTS PROMOTION SOCIETY**
**(A CCL- State Govt. of Jharkhand Joint Initiative)**
**C/o Mega Sports Complex, Khelgaon, Hotwar, Ranchi- 835217**
**Registration under Society Act No.519**
**Registration under GST No. 20AACAJC1Z9**
**OUR MISSION- OLYMPIC GOLD**
**Contact no.:8987784136**

Ref. No. JSSPS/CEO/Civil/e-tender/2022-23/ 368-77 Dated: 20.02.2023

**Notice Inviting Tender**

**NIT No.05 of 22-23**

1. Tenders are invited online under single cover system on the website https://jharkhandtenders.gov.in from the eligible bidders having Digital Signature Certificate (DSC) issued from any agency authorized by Controller of Certifying Authority (CCA), Govt. of India and which can be traced up to the chain of trust to the Root Certificate of CCA, for the following work::

| Description of work | Location | Estimated Cost of Work (Including GST) (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Period of Completion (In Days) |
|---|---|---|---|---|
| Repair and maintenance of water supply and sanitary fitting works for a period of 24 months at MSC, Hotwar, Ranchi. | MSC, Hotwar, Ranchi | 48,78,905.68 | 61,000.00 | 730 days |

Note: The bid documents will be available on the website(s) **www.centralcoalfields.in/ www.jharkhandcclsports.in** and can be downloaded by the bidder up to the bid submission end date.

(I) **For Site visit of location of work, the prospective bidder(s) may contact Sri Nasir Towheed, Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no: -9771919385.**

| Tender inviting authority | Contact Person(s)/Tender Dealing Officer(s) |
|---|---|
| GM(TA)/Member (Civil)/JSSPS, Mobile no:9431392787 | Dy. Manager (C)/JSSPS, Mobile no:9771919385 |

**2. Time Schedule of Tender:**

| Sl. No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| a. | Tender e-Publication date | 28.02.2023 | 18.00 Hours |
| b. | Document download start date | 01.03.2023 | 10.00 Hours |
| c. | Document download end date | 13.03.2023 | 15.00 Hours |
| d. | Bid Submission start date | 01.03.2023 | 10.00 Hours |
| e. | Bid submission end date | 13.03.2023 | 15.00 Hours |
| f. | Start date for seeking Clarification on-line | 01.03.2023 | 10.00 Hours |
| g. | Last date for seeking Clarification on-line | 08.03.2023 | 17.00 Hours |
| h. | Date of Pre-bid meeting (if any) | NA | NA |
| i. | Last date of receipt of EMD through DD / BC at the office of CEO, JSSPS, Ranchi | 13.03.2023 | 15.00 Hours |
| j. | Bid opening date | 14.03.2023 | 15.00 Hours |

**Sd on 20.02.2023**
**GM (TA)/ Member (Civil)**
**LMC, JSSPS**

PR 291457 (Art Culture Sports and Youth Affairs) 22-23 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in, ☎ 06562-240100 (का0)

पत्रांक:–131/ मेदिनीनगर, दिनांक:– 25.02.2023/

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांक–885, दिनांक–22.10.2022 के द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/MEDININAGAR/F2-16/2022-23 जिसका PR No.-280757 Water Resource (2022-23) D है, निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 291438 (Water Resource)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.– 02 गढ़वा**

ई–निविदा सूचना सं0–RWD/SD/GARHWA/19/2022-23

CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0– RWD/SD/GARHWA/19/2022-23, PR 290395 Rural Development (22-23)#D द्वारा प्रकाशित निविदा जो www.jharkhandtenders.gov.in पर Uploaded है, Uploaded SBD के क्रमांक सं0–12, Page-11 Documents Comprising the Bid A. Technical Bid – (Fee/Pre-Qualification/Technical Cover) के क्रम सं0– 4 (a) में आंशिक संशोधन करते हुए वर्णित Registration के अलावे BCD, RCD एवं RWD के Registration भी मान्य होगें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02 गढ़वा।

PR.NO.291449 Rural Development(22-23):D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (जिला नजारत शाखा)**
Email Id :- dist.nazaratgrd@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

नया परिसदन भवन, गिरिडीह के अनुरक्षण मरम्मति एवं सुसज्जीकरण हेतु मुहरबंद निविदा जिला नजारत शाखा, गिरिडीह में दिनांक–01.03.2023 से दिनांक 09.03.2023 के 12:30 बजे अपराह्न / पूर्वाह्न तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा 09.03.2023 को 03.30 बजे अपराह्न में समाहरणालय सभागार, गिरिडीह में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।

विस्तृत कार्य तथा निविदा की शर्तों का विवरण सूचना पट्ट एवं आधिकारिक वेबसाईट http://giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला नजारत उप समाहर्त्ता, गिरिडीह। | अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह।
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गिरिडीह।

PR.NO.291501 Giridih(22-23):D

## राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद

# राज्यपाल से पढ़वाया गया झूठ का पुलिंदा : भाजपा
# विकास कार्यों का आइना है अभिभाषण : झामुमो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस दौरान भाजपा ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्यपाल से सदन में झूठ का पुलिंदा पढ़वाया। विपक्ष के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। हर विभाग में भ्रष्टाचार है। उन्होंने राज्य सरकार से पूछा कि इंजीनियर वीरेंद्र राम कौन है, जिसे दो मंत्रियों का संरक्षण प्राप्त है। आखिर भ्रष्ट पूजा सिंघल, वीरेंद्र राम, प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, विभूति नारायण, पंकज मिश्रा को किसका संरक्षण है। सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है।

वहीं, झामुमो के डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार के विकास कार्यों का आइना है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की विषम परिस्थिति के बाद भी सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी से नहीं उतरने दिया। हर क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं। कांग्रेस के प्रदीप यादव ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की सोच का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में सिर्फ गलत बातों को राज्यपाल से कहवाया जाता था। हमारी सरकार में गरीबों के लिए काम होता है। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा गलतफहमी नहीं पाले कि हर घर, नल-जल योजना सिर्फ केंद्र सरकार की है। वे राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार का पक्ष रख रहे थे। इस पर भानू प्रताप शाही ने कहा कि यह योजना केंद्र की है। यह सुनते ही मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि गलतफहमी में न रहे कि यह केंद्र की योजना है। राज्य सरकार की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय ने कहा कि भाजपा सीबीआई, ईडी जांच के नाम पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है।

वहीं प्रथम पाली में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। अल्पसूचित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, तारांकित व शून्य काल बढ़िया से संचालित हुआ। उन्होंने सदस्यों से जनहित में चर्चा का आह्वान किया लेकिन, अलग-अलग जवाब पर विपक्ष असंतुष्ट दिखे। भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सरकार का उत्तर भ्रामक है। झामुमो के डॉ सरफराज ने उत्तर को खारिज कर दिया।

# उत्सवपूर्ण माहौल में करें जी-20 के प्रतिनिधियों का स्वागत : संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा है कि जी-20 के प्रतिनिधियों का स्वागत उत्सवपूर्ण माहौल में किया जायेगा। श्री सेठ ने आम जनता से कहा कि जी-20 के प्रतिनिधियों के अभिनंदन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों से मेरा अनुरोध है कि 1, 2 और 3 मार्च को अपने अपने घरों को बेहतर तरीके से सजायें। इसी क्रम में कहा कि रांची के विभिन्न चौक चौराहों पर दीपक जले, फूल बिछे, लड़ियों से घरों और शॉपिंग कंपलेक्स को सजाया जाये। 20 देशों के प्रतिनिधि दो दिनों तक रांची शहर में रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने रांची शहर के कई संस्थानों से, कई संस्थाओं और नागरिकों से व्यक्तिगत रूप से इस आयोजन का सहभागी बनने की प्रार्थना है। हर नागरिक अपने नागरिक कर्तव्यों का गंभीरता से पालन करें। अच्छी रांची, अच्छे झारखंड, अच्छे भारत की छवि वैश्विक पटल पर बनायें।

# जी-20 समिट की मेजबानी करना गर्व की बात : भाजपा

## जागरूकता के लिए भाजयुमो ने मैराथन दौड़ का किया आयोजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा है कि जी-20 सम्मेलन की मेजबानी करना देश के लिए गौरव की बात है। श्री त्रिपाठी मंगलवार को भाजयुमो की ओर से आयोजित मैराथन दौड़ को रवाना कर रहे थे। यह आयोजन महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में मोराबादी मैदान से अल्बर्ट एक्का चौक तक किया गया था। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व के अलग-अलग देशों से उनके प्रतिनिधि भारत आ रहे हैं। हमारे देश की संस्कृती को करीब से समझेंगे। इससे भारत के बढ़ते हुए सामरिक, आर्थिक और विश्व पटल पर स्थान को समझा जा सकता है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र की सरकार द्वारा किये जा रहे परिश्रम का परिणाम है।

मौके पर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि मैराथन दौड़ का आयोजन कर दूसरे देशों के डेलिगेट्स को सकारात्मक संदेश देना है। कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण, सुबोध सिंह गुड्डू, संजीव विजयवर्गीय, केके गुप्ता, हेमंत दास, जितेंद्र सिंह पटेल, सूर्य प्रभात, पवन पासवान, अमित साहू, मिंटू चौबे, अमित सिंह सेठी, अमन कुमार, रंजीत नाथ शाहदेव, कुंदन कुमार, सचिन साहू, धर्मवीर सिंह, रोहित राज, सुमिता लकड़ा, सोनी पांडेय, रूप, श्रुति सिंह, नितेश राजपूत, रोहन आदि उपस्थित थे।

## बाल मित्र निर्वाचन क्षेत्र के निर्माण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# कानून, नीतियां और सेवाएं बच्चों के अनुकूल हों : रवींद्र नाथ महतो

### यूनिसेफ और झारखंड विधानसभा ने आयोजित की कार्यशाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** यूनिसेफ झारखंड ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के कॉन्फ्रेंस हॉल में बच्चों के अनुकूल निर्वाचन क्षेत्र निर्माण को लेकर विधायकों के साथ परिचर्चा का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य बाल मित्र निर्वाचन क्षेत्रों के निर्माण को लेकर विधायकों के साथ चर्चा के माध्यम से एक रोडमैप का निर्माण करना था, ताकि झारखंड में बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कर बाल मित्र समाज की स्थापना की जा सके। साथ ही जाति, मजहब, लिंग, विकलांगता आदि के आधार पर बिना किसी भेदभाव के उनके अधिकारों को सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही बच्चों के विकास के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे कि-स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं बेहतर वातावरण के निर्माण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।



कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष, रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों को बच्चों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है और यह पहल उस दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कानून, नीतियां और सेवाएं बच्चों के अनुकूल हों और बच्चे के सर्वोत्तम हित को प्रतिबिंबित करता हो। हमें बच्चों और युवाओं को उन्हें प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त करने तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने और सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

**कार्यशाला में विधानसभा अध्यक्ष समेत ये विधायक थे शामिल :** परिचर्चा में विधायक इरफान अंसारी, कुमार जयमंगल, समरी लाल, विरंची नारायण, विनोद कुमार सिंह, संजीव सरदार, समीर मोहंती, रामचंद्र सिह, अमित कुमार मंडल, केदार हाजरा, उमाशंकर अकेला, सरफराज अहमद, दीपिका पांडेय, पूर्णिमा नीरज सिंह, अपर्णा सेन गुप्ता, प्रदीप यादव, राजेश कच्छप, नमन विक्सल कोंगारी, लंबोदर महतो, पुष्पा देवी, सबिता महतो, नारायण दास और सोना राम सिंकू सिंकू शामिल थे।

**बच्चों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समय पर समाधान हो :** संसदीय कार्य और पंचायती राज मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि ग्राम सभा और बाल सभा एक बाल-सुलभ निर्वाचन क्षेत्र की कल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं जिसके माध्यम से बच्चे अपनी आवश्यकताओं की पहचान कर सकते हैं और उसे अभिव्यक्त कर सकते हैं। ग्राम सभा को यह सुनि्ति करने के लिए तत्परता से काम करने की जरूरत है, ताकि बच्चों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समय पर समाधान किया जा सके।

**बच्चों के विकास में ही देश और राज्य का भविष्य :** महिला, बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि बच्चों के विकास से ही राज्य और देश का भविष्य सुनि्ति किया जा सकता है। इसलिए, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम राज्य के बच्चों को सहभागिता का एक उपयुक्त मंच प्रदान करें, ताकि इस मंच के माध्यम से बच्चे अपनी समस्याओं की पहचान करने के साथ-साथ उन पर चर्चा कर सकें।

**बच्चे समाज और देश का भविष्य :** परिचर्चा में यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख, डॉ. कनीनिका मित्र ने कहा कि बच्चों के अनुकूल समाज का निर्माण प्रत्येक युवा नागरिक को अपने निर्वाचन क्षेत्र के बारे में निर्णयों को प्रभावित करने का अधिकार और गारंटी देता है। इसके अलावा, यह युवाओं को अपनी राय व्यक्त करने, परिवार, समुदाय और सामाजिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग लेने एवं स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आश्रय प्राप्त करने जैसी बुनियादी सेवाएं प्राप्त करने की गारंटी और आशवासन भी देता है। इस पहल के माध्यम से बच्चे अपनी नागरिक भागीदारी और वैश्विक नागरिकता के बारे में भी सीख सकते हैं। बच्चे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने के साथ-साथ आने वाला भविष्य भी हैं, इसलिए उनकी उनकी जरूरतों एवं अधिकारों को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में यूनिसेफ झारखंड की संचार विशेषज्ञ, आस्था अलंग ने बाल-मित्र निर्वाचन क्षेत्र निर्माण की पहल पर रोशनी डाला। वहीं सामाजिक नीति विशेषज्ञ ओंकार नाथ त्रिपाठी ने पावर प्वाइंट के माध्यम से तकनीकी प्रस्तुति दी। चाईबासा के दो बाल पंचायत प्रतिनिधि सिमरन पांडेय और कृष बनरा ने भी सम्मेलन में शामिल होकर अपने अनुभव साझा किए।

# सीसीएल सेवानिवृत्त 113 कर्मियों को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत सात कर्मियों को सम्मान समारोह आयोजित कर मंगलवार को विदाई दी गई। सेवानिवृत होनेवाले कर्मियों में ओएस (ए1) सुचन्द्रा गोस्वामी, मो. अख्तर हुसैन, सुधीर कुमार रजक, तरूण तेत्रु तिर्की, भवानी उरॉव, सहायक फोरमैन, कुंवर राम, सहायक सुपरवाइजर (ट्रांसपोर्ट), दिलीप कुमार घोष, रसोईया शामिल हो। ज्ञात हो कि फरवरी माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 113 कर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं जिन्हें उनके क्षेत्रों समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी।



कार्यक्रम में निदेशक हर्ष नाथ मिश्र ने सेवानिवृत्त कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि आपकी उत्कृष्ट कार्यक्षमता एवं दृढ़ विश्वास से आज कंपनी ने वह मुकाम हासिल किया जो अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने कार्यकाल में जहां भी पदस्थापित रहें वहां अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। आपलोगों ने अपने व्यवसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन में संतुलन रखते हुए कर्त्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन की दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की। मौके पर विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिजन थे। कार्यक्रम में कल्याण विभाग के मुख्य प्रबंधक किया मुखर्जी तथा उनके टीम का विशेष योगदान रहा।

# नैक रिपोर्ट का विमोचन अब दो को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नैक बेंगलुरु से आ रहे दो सलाहकार डॉ डीके कांबली, डॉ नरेश पांडेय और एक एकेडमिक एक्सपर्ट डॉ श्रीकांत स्वामी के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। तीनों अधिकारी 28 फरवरी की शाम में रांची पहुंचे हैं। इस कारण अब राजभवन में नैक रिपोर्ट का विमोचन दो मार्च की सुबह 11 बजे होगा। पहले कार्यक्रम एक मार्च को होना था। इस अवसर पर सभी विवि के कुलपति भी उपस्थित रहेंगे। नैक की रिपोर्ट का लोकार्पण राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बाहर रहने के कारण कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। तीनों अधिकारी अब एक मार्च की सुबह 11 बजे से आर्यभट्ट सभागार में डीन, विभागाध्यक्षों, कॉलेजों के प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य, प्रोफेसर इंचार्ज, आइक्वेक निदेशक, सदस्यों को संबोधित करेंगे। बताते चलें कि बेंगलुरु से आ रहे तीनों सदस्य मोरहाबादी स्थित आर्यभप्त सभागार में दिन के डेढ़ बजे से आइक्वेक सेल द्वारा आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में शामिल होने वाले थे।

## खबर एक नजर में

### डीसी ने प्राकृतिक आपदा क्षतिपूर्ति के लिए आश्रितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति दी

**रांची।** राजधानी रांची के इलाकों में हुई पिछले दिनों हुई प्राकृतिक आपदा से नुकसान की भरपाई के लिए रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने आश्रितों को मुआवजा राशि के भुगतान की स्वीकृति दे दी है। प्रभावितों के मकान की आंशिक क्षति का आंकलन करते हुए प्रत्येक आवेदक को 3,200 रुपए के भुगतान की स्वीकृति दी गई है। क्षतिपूर्ति की कुल राशि 6,400 अनुदान हेतु स्वीकृत की गई है। रांची डीसी ने मांडर अंचल की जमीला बेगम, करगे, सुशीला तिर्की, टटकुन्दो पतरा टोली, इटकी, मांडर जिला- रांची को प्राकृतिक आपदा से हुए उनके कच्चा मकान की आंशिक क्षति मुआवजा के लिए अनुदान राशि भुगतान की स्वीकृति दी है। अंचल अधिकारी मांडर, उप समाहर्ता भूमि सुधार, रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी, रांची की अनुशंसा को लेकर उपायुक्त द्वारा मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### मनी लांड्रिग : राजीव झावर की अर्जी खारिज

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी राजीव झावर की अर्जी मंगलवार को ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। इससे उसको झटका लगा है। राजीव झावर ने अर्जी दाखिल करके अदालत में मामले में उपस्थित से छूट मांगी थी। ईडी कोर्ट ने सुनवाई पश्चात 24 फरवरी को आदेश सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने मंगलवार को अपना आदेश सुनाया। उसकी ओर से अधिवक्ता ने पांच जनवरी को अर्जी दाखिल की थी। जानकारी के अनुसार राजीव झावर सिंगापुर में रहते हुए अर्जी दाखिल की है। बता दें कि पश्चिम सिंहभूम की घाटकुरी खदान से तय सीमा से 190 करोड़ रुपये मूल्य के अधिक लौह अयस्क खनन मामले में सीबीआइ की नई दिल्ली स्थित आर्थिक अपराध शाखा में 20 सितंबर 2016 को उषा मार्टिन के विरुद्ध स्वीकृत मात्रा से अधिक लौह अयस्क खनन की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में केस को प्रवर्तन निदेशालय ने टेक ओवर कर लिया। दर्ज प्राथमिकी में तत्कालीन झारखंड सरकार के खान निदेशक आइडी पासवान और ऊषा मार्टिन व अन्य को आरोपी बनाया गया था।

### जंगल की जमीन खरीद-बिक्री मामले में प्रार्थी को शपथ पत्र दायर करने का निर्देश

**रांची।** जंगल की जमीन और सरकारी जमीन खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शाहदेव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थी को 2 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि कुछ प्राइवेट कंपनियों (इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड वेदांता, जीवीके पावर) और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि को खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है। इसकी जांच कराई जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से राज्य के फॉरेस्ट का ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक के तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था लेकिन 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और राज्य में 62952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमणकारियों के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन को खरीद लिया है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया एवं राज्य सरकार के कुल फॉरेस्ट एरिया में लगभग 2.5 लाख का अंतर है।

### इडी में हाजिर नहीं हुए सीएम के सुरक्षा अधिकारी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुरक्षा प्रभारी विमल कुमार को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। उन्हें पावर ब्रॉकर प्रेम प्रकाश के आवास से एके 47 बरामदगी मामले में पूछताछ के लिए जारी सम्मन किया गया था। मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष वे पेश नहीं हुए। तय कार्यक्रम के मुताबिक, उन्हें सुबह 11 बजे पूछताछ में शामिल होना था। हालांकि ईडी काम के घंटों तक डीएसपी विमल कुमार के आने का इंतजार किया, लेकिन डीएसपी नहीं आए। बता दें कि संताल क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले में मनी लॉउंड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही ईडी ने बीते 24 फरवरी को मुख्यमंत्री के सुरक्षा प्रभारी डीएसपी विमल कुमार को समन किया था। विमल कुमार से आगामी 28 फरवरी को ईडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ होनी थी। पूरा मामला नेताओं और नौकरशाहों के करीबी व अवैध खनन में आरोपी प्रेम प्रकाश के ठिकाने से दो एके-47 की बरामदगी का है।

### सदन में गूंजा पांकी दंगा का मामला

**रांची।** भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सदन के अंदर पांकी में हुई सांप्रदायिक घटना का मामला उठाया। उन्होंने मामले की जांच करने की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा की आखिर मस्जिद के अंदर पत्थर और पेट्रोल बम कैसे आए। स्पीकर ने संसदीय कार्यमंत्री से मामले पर जवाब देने को कहा। मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस पर संज्ञान ले लिया है। इधर विधानसभा में सोमवार को हुए राष्ट्रगान के अपमान का मुद्दा मंगलवार भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने उठाया। उन्होंने कहा कि बीते सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण से पहले राष्ट्रगान के समय अधिकारी दीर्घा में आधा दर्जन अधिकारी बैठे थे। यह राष्ट्रगान का अपमान है। भाजपा ने 10 विधायकों का हस्ताक्षर युक्त पत्र स्पीकर को भेजा है।

# कोल इंडिया लिमिटेड ने 30 खनिज क्षेत्रों को बनाया ईको-टूरिज्म स्थल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) अपनी परित्यक्त खदानों को इको-पार्क में बदलने की प्रक्रिया में है, जो इको-टूरिज्म के स्थलों के रूप में लोकप्रिय हो गए हैं। ये इको-पार्क और पर्यटन स्थल स्थानीय लोगों के लिए आजीविका का स्त्रोत भी साबित हो रहे हैं।

कोयला खदान पर्यटन को और बढ़ावा देने वाले कुछ लोकप्रिय स्थलों में गुंजनपार्क, ईसीएल, गोकुल इको-कल्चरल पार्क, बीसीसीएल, केनपारा इको-टूरिज्म साइट एवं अनन्या वाटिका, एसईसीएल, कृष्णाशिला इको रेस्टोरेशन साइट एवं मुदवानी इको-पार्क, एनसीएल, अनंत मेडिसिनल पार्क, एमसीएल, बाल गंगाधर तिलक इको पार्क, डब्ल्यूसीएल और चंद्रशेखर आजाद इको पार्क, सीसीएल शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एसईसीएल द्वारा विकसित केनापारा ईको-टूरिज्म साइट पर एक आगंतुक ने कहा, कोई भी यह सोच नहीं सकता था कि एक परित्यक्त खनित भूमि को एक आकर्षक पर्यटन स्थल में रूपांतरित भी किया जा सकता है। हम नौका विहार, आस-पास की हरियाली के साथ खूबसूरत जलाशय और एक तैरते रेस्तरां में दोपहर के भोजन का आनंद ले रहे हैं। केनपारा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और यह जनजातीय लोगों के लिए आय का एक अच्छा स्त्रोत भी है। इसी तरह, मध्य प्रदेश के सिंगरौली के जयंत इलाके में एनसीएल द्वारा हाल ही में विकसित किए गए मुदवानी इको-पार्क में लैंडस्केप वाटर फ्रंट और रास्ते हैं। एक आगंतुक ने कहा, सिंगरौली जैसे दूरदराज के एक स्थान में, जहां देखने लायक बहुत कुछ नहीं है, मुदवानी इको-पार्क सुंदर परिदृश्य और मनोरंजन की अन्य सुविधाओं के कारण आगंतुकों की संख्या में वृद्धि का साक्षी बन रहा है।

वहीं 2022-23 के दौरान, कंपनी ने अपने हरित आवरण को 1610 हेक्टेयर तक विस्तार करके 1510 हेक्टेयर के अपने वार्षिक वृक्षारोपण लक्ष्य को पार कर लिया है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में 30 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। पिछले पांच वित्त वर्षों में, खनन पट्टा क्षेत्र के अंदर 4392 हेक्टेयर हरियाली ने 2.2 एलटी/वर्ष की कार्बन सिंक क्षमता पैदा की है।

# हरमू चौक से रातू रोड चौक तक बनेगा फ्लाईओवर

**रांची।** राजधानी में ट्रैफिक लोड कम करने के मद्देनजर हरमू चौक से भाया सहजानंद चौक होते रातू रोड चौराहे के बीच फ्लाईओवर बनाने की तैयारी है। इसके लिए पथ निर्माण विभाग तैयारियों में लगा हुआ है। विभाग ने इस फ्लाईओवर के लिए डीपीआर बनाने में मदद लेने की पहल की है। डीपीआर के लिए कंसल्टेंसी सर्विस लेने को उसकी ओर से प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी कर दी गई है। 9 मार्च तक आवेदन मांगे गए हैं। चयनित कंसल्टेंसी को 30 दिनों में डीपीआर तैयार करके देना होगा। मालूम हो कि हरमू चौक से रातू रोड चौराहे के बीच 2.80 किमी का फ्लाईओवर बनाया जाना है। पूर्व में भी दो बार डीपीआर तैयार कराया गया था। सरकार से मंजूरी नहीं मिलने पर फिर से इसके लिए पहल की गयी है।

# गठित कमेटी ने हाइकोर्ट के नये भवन का निरीक्षण पूरा किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नए हाईकोर्ट भवन में वकीलों और मुवक्किलों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भवन निर्माण विभाग ने अदालत को दी है। जिसमें बताया गया कि झारखंड हाईकोर्ट का नया भवन 14 लाख स्क्वायर फीट में निर्मित है। जिसमें वकीलों के लिए 540 चैंबर, कैंटीन, डिस्पेंसरी बिल्डिंग, दिव्यांगों के लिए रैम्प और स्पेशल टॉयलेट का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही सीनियर वकीलों के लिए बने चेंबर में अटैच टॉयलेट भी बनाया गया है। कोर्ट के कार्यरत महिलाओं और वकीलों के छोटे बच्चों के लिए प्ले रूम की सुविधा भी है। अपने केस की सुनवाई के लिए कोर्ट आने वाले लोगों के लिए पानी और टॉयलेट की सुविधा के साथ शेड का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही अदालत को यह भी जानकारी दी कि भविष्य में बजटीय प्रावधान के तहत जरूरत के मुताबिक वकीलों और आम लोगों की सुविधाओं के लिए अन्य कार्य किये जाएंगे। सरकार के इस जवाब पर पिछले दिनों हाईकोर्ट ने असंतुष्टि जाहिर की थी।

अदालत ने कहा था कि सरकार के शपथपत्र से नए हाईकोर्ट भवन में सुविधाओं की जानकारी नहीं मिल रही है। जिसके बाद अदालत ने वकीलों की चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने 26 और 27 फरवरी को हाईकोर्ट के नए भवन का निरीक्षण किया। हाईकोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी में अधिवक्ता मनोज टंडन, पीएएस पति, कौशिक सरखेल और अधिवक्ता अंकित सरखेल शामिल हैं। कमिटी को दो मार्च तक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश है।

# कन्हैया सिंह की गिरफ्तारी से फिर चर्चा में आया 5 लाख रुपये का इनामी गैंगस्टर अखिलेश सिंह

## झारखंड-बिहार का है खूंखार गैंगस्टर

### अखिलेश सिंह पर 56 से अधिक मामले हैं दर्ज, दुमका जेल में बंद है खूंखार

**कुबेर सिंह**

**रांची।** जमशेदपुर पुलिस ने यूपी पुलिस के सहयोग से गैंगस्टर अखिलेश सिंह के करीबी कन्हैया सिंह की कानपुर स्टेशन से सोमवार को गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर गैंगस्टर अखिलेश सिंह व उसके गिरोह चर्चा में आ गया है। कन्हैया सिंह पूर्व में छह जून, 2017 को झारखंड के पलामू में शराब पीने के चक्कर में पकड़ा गया था। कन्हैया सिंह की गिरफ्तारी के बाद खूंखार गैंगस्टर अखिलेश सिंह की पुरानी फाइल पुलिस खंगाल रही है।



**56 मामले दर्ज हैं गैंगस्टर अखिलेश सिंह पर :** झारखंड-बिहार का सबसे खूंखार गैंगस्टर में अखिलेश सिंह का नाम आता है। इसके नाम से पूरा लौहनगरी कांपता है। झारखंड औश्र बिहार में अखिलेश सिंह पर 56 से अधिक केस दर्ज है। स्टील सिटी जमशेदपुर के हर कारोबारी इस नाम से ही खौफ खाते हैं। अखिलेश सिंह जमशेदपुर के सिदगोड़ा में रहता है।

### अदालत परिसर में कारोबारी की दिनदहाड़े करवा दी थी हत्या

अखिलेश सिंह पर जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के बार एसोसिएशन भवन परिसर में 30 नवंबर 2016 को उपेंद्र सिंह की हत्या कराने का आरोप है। गौरतलब है कि उपेंद्र सिंह की हत्या अखिलेश सिंह के गुर्गे विनोद सिंह और सोनू सिंह ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। भीड़ ने दोनों शूटरों को घेराबंदी कर पकड़ लिया था। दोनों के पास से पिस्तौल बरामद किए गए थे। सीतारामडेरा थाना की पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर थाना ले गई थी। अखिलेश सिंह के खिलाफ 56 दर्ज मामलों में से उपेंद्र सिंह हत्याकांड, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी, दस्तावेज की हेराफेरी, जयराम सिंह, आशीष डे, परमजीत सिंह हत्याकांड समेत अन्य मामले है। साकची जेल के जेलर उमाशंकर पांडेय की हत्या मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 2007 में उसे उच्च न्यायालय से पेरोल मिला था, लेकिन इसके बाद वह समय पर अदालत में उपस्थित नही हुआ। दोबारा वह दिल्ली के नोएड़ा से 2011 में पकड़ा गया था। 2015 में उसे कुछ शर्तो के साथ झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिली थी। इस बीच सोनारी के अमित सिंह और उपेंद्र सिंह की हत्या का मामला दर्ज हुआ। जमशेदपुर की पुलिस ने उसे गुरुग्राम से अक्टूबर 2017 को पत्नी के साथ गिरफ्तार किया था।

फिलहाल दुमका जेल में बंद है। वह बिहार के बक्सर का मूल निवासी है। फरारी के दिनों में वह बिहार में ही छुपा करता था। बागबेड़ा कालोनी निवासी ट्रांसपोर्टर सह झामुमो नेता उपेंद्र सिंह की हत्या मामले में गैंगस्टर अखिलेश सिंह की जमानत अर्जी पर झारखंड उच्च न्यायालय के जस्टिस आर मुखोपाध्याय की अदालत में सुनवाई हुई थी। न्यायाधीश ने आरोपित को जमानत देने से इनकार कर दिया था।

**अखिलेश सिंह का परिचय**

नामः अखिलेश सिंह

जन्मस्थान : जमशेदपुर झारखंड

इनाम : पांच लाख रुपये

आरोप : झारखंड, बिहार में आपराधिक गतिविधियों का संचालन

हत्या, हत्या की कोशिश जैसी दर्जनों संगीन वारदातों में शामिल

जबरन उगाही, हत्या और अपहरण का कारोबार

# ₹1 करोड़ के इनामी नक्सली को बनाया गया उत्तराधिकारी

**रांची।** एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा को भाकपा माओवादी संगठन ने ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो का सुप्रीम कमांडर नियुक्त किया है। ईस्टर्न रिजनल ब्यूरो के तहत झारखंड, बिहार, बंगाल, यूपी और पूर्वी भारत के राज्य शामिल हैं। मुख्यालय सारंडा में स्थित है। बता दें कि हाल के दिनों में सारंडा में सेंट्रल कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई थी। इसी बैठक में मिसिर बेसरा को ईआरबी का सुप्रीम कमांडर चुना गया। बैठक के बाद शीर्ष माओवादी प्रमोद मिश्रा सारंडा से निकलकर बाहर चला गया है। पहले चर्चा थी कि प्रमोद मिश्रा को माओवादियों ने ईआरबी का सुप्रीम कमांडर बनाया जाएगा। इसके पहले एक करोड़ का इनामी नक्सली प्रशांत बोस ईआरबी का सुप्रीम कमांडर के पद पर था। सारंडा इलाके में मिसिर बेसरा के नेतृत्व में 110 से 120 माओवादी एक्टिव है।

## वैश्य मोर्चा का विधानसभा के समक्ष आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो महाधरना

# 27% आरक्षण पिछड़ों का संवैधानिक अधिकार : महेश्वर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के तत्वावधान में ओबीसी को 27% आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों, दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज पर हो रहे हमले, शोषण-दमन, अत्याचार, हत्या, रंगदारी के खिलाफ विधानसभा भवन (कुप्ते ग्राम मैदान) के समक्ष एक दिवसीय आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार दो महाधरना कार्यक्रम का आयोजन किया गय। इस महाधरना में विभिन्न जिलों से आये वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। इस महाधरना कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं संचालन उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता ने किया,




जबकि पटना से आये अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संस्थापक एवं लेखक डॉ. विनोद कुमार सिन्हा अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड में पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है। हमारी नौकरियों को किसी और को दे दिया जा रहा है। ओबीसी के छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा में सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सरकार को समझना चाहिए कि ओबीसी को 27% आरक्षण से वंचित करना डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान की अवहेलना करना है। जब तक ओबीसी को 27% आरक्षण नहीं मिल जाता है, वैश्य मोर्चा झारखंड से लेकर दिल्ली तक लड़ाई जारी रखेगी। पटना से आये अतिथि वरीय अधिवक्ता डॉ. विनोद कुमार सिन्हा ने कहा कि वैश्य मोर्चा झारखंड के वैश्य एवं पिछड़ों की लड़ाई लड़ रही है। हम लोग इनके साथ खड़े हैं। कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु ने कहा कि हम लोग वैश्य एवं पिछड़ों को लाभ दिलाने के लिए अलग राज्य की लड़ाई लड़े थे, लेकिन हमारा ही हक अधिकार छीना जा रहा है। इसे कदापि बर्दास्त नहीं किया जायेगा। महाधरना के अंत में एक प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार से मांग की गई कि चालू विधानसभा के सत्र में ही ओबीसी को 27% आरक्षण देने, वैश्य आयोग का गठन करने, छोटे दुकानदारों की 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्य समाज के हत्यारों, शोषकों पर कठोर कार्रवाई की जाये। कार्यक्रम में संजीव चौधरी, लक्ष्मण साहु, सहदेव चौधरी, उपेन्द्र प्रसाद साहु, कपिल प्रसाद साहु, हरिनाथ साहु, अनिल वैश्य, लखन अग्रवाल, नरेश साहु, कृष्णा साहु, महावीर साहु, आशीष कुमार वर्मा, राहुल कुमार साहु, रोहित कुमार साहु, रेणू देवी, हलधर साहु, संजय साहु, रंजन साहु, आदित्य कुमार, पवन कुमार साहु, शैलेश साहु, अमन साहु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### श्री राधा वल्लभ मंदिर से श्री श्याम संघ की निशान यात्रा 3 को

**रांची।** श्री श्याम संघ रांची द्वारा 3 मार्च को श्री राधा वल्लभ मंदिर से श्याम निशान यात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव के संयोजक विकास मोदी ने बताया कि प्रातः 7 बजे यजमान आशीष अग्रवाल सह धर्मपत्नी मंदिर प्रांगण में निशान पूजन करायेंगे। उन्होंने बताया कि रात्रि 7 बजे से स्थानीय श्री राधा वल्लभ मंदिर अपर बाजार में फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर बरसाना की भजन गायिका मनीषा ठाकुर भी भजनों का रसपान करायेंगी। संस्था के संरक्षक विष्णु लोहिया और अध्यक्ष कमलेश संचेती ने श्याम प्रेमियों को फाल्गुन उत्सव में भाग लेने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हरेंद्र अग्रवाल, अनिल लोहिया, मनोज काबरा, दीपक पोद्दार, उत्कर्ष लोहिया, संजय सुरेका, आकाश शर्मा, आशीष अग्रवाल, वैभव ढानढनिया, रूपेश लोहिया, विनायक पोद्दार, सौरभ कटारुका, सौरभ बथवाल, मनीष लोधा, अभिषेक, कृष्णा अग्रवाल सहयोग कर रहे हैं।

### बहावलपुरी पंजाबी समाज का होली मिलन समारोह 12 मार्च को

**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज एवं बहावलपुरी पंजाबी समाज महिला समिति की कृष्णा नगर कॉलोनी में बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 8 मार्च, होली के दिन गुरुद्वारा मंदिर चौक से होली की टोली निकाली जाएगी। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि इसके अलावा 12 मार्च को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित दयाल बाग में संध्या 6:30 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। मनोरंजन के लिए ऑर्केस्ट्रा पार्टी के साथ गीत संगीत का कार्यक्रम होगा। बैठक में डॉ सतीश मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, ललित किंगर, अश्विनी सुखीजा, किशोर पपनेजा, कंवलजीत मिढ़ा, हरीश नागपाल, मुकेश बजाज, मोहन खीरबाट, जितेंद्र मुंजाल, रवि नागपाल, मनीषा मिढ़ा, मधु मक्कड़, कमलेश मिढ़ा, कंचन सुखीजा समेत अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल 5 को

**रांची।** भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ के तत्वावधान में कर्नाटक जिम्नास्टिक संघ के द्वारा आयोजित होने वाली राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 29 से 31 मार्च 2023 को बंगलोर, कर्नाटक में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड एरोबिक जिमनास्टिक टीम के गठन के लिए 5 मार्च 2023 को आर. के. आनंद बॉल्स ग्रीन स्टेडियम में चयन ट्रायल होगा। इस चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ी, टीमें 5 फरवरी से पहले ही निबंधन करवा लें। इस चयन प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर खिलाड़ियों की टीमों का गठन किया जायेगा। खिलाड़ियों को झारखंड राज्य से निर्गत आधार कार्ड की छाया प्रति, तीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं सक्षम कार्यालय से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र लेकर आने पर ही चयन ट्रायल में भाग लेने दिया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए 7004150442 और 6205523640 पर संपर्क किया जा सकता है।

### ऐक्सिस बैंक सीएससी केंद्र का उदघाटन

**रांची।** हरमू स्थित आधार केंद्र में एक्सिस बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। मंगलवार को विंजामुरी श्रीराम, सीनियर वीपी एक्सिस बैंक, संजय कुमार एमडी सीएससी, आकाश कुमार सर्कल हेड झारखंड एक्सिस बैंक और अभय कुमार क्लस्टर हेड ने संयुक्त रूप से विधिवत उदघाटन किया। इस अवसर पर विकास कुमार, शंभु कुमार, रणधीर कुमार, प्रीतम सिन्हा दीप, चंद्र देव सिंह, अविनाश टंटिया, निशिकांत भदानी, इंद्रजीत बारिक, कौशिक, आलम उपस्थित थे।

### शिवांश सिंह की मौत का सच छुपा रहा प्रशासन : संजय

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार व मंत्री पप्पू वर्मा ने शिवांश सिंह की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। नेताओं ने कहा कि निष्पक्ष तरीके से शिवांश के मौत की जांच नहीं हुई तो सामाजिक व धार्मिक संगठन सड़कों पर उतरेंगे। दरअसल, बीते दिनों अंजुमन प्लाजा के पास घटित दुर्घटना में शिवांश सिंह की मौत की हो गयी थी।

### सीयूजे की प्रियंका का सीसीएल में चयन



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के डिपार्टमेंट ऑफ एंथ्रोपोलॉजी एंड ट्राइबल स्टडीज की शोधार्थी प्रियंका ठाकुर का चयन कोल इंडिया की सीसीएल में बतौर कम्युनिटी डेवलपमेंट ऑफिसर के पद पर हुआ है। प्रियंका नामकुम की रहने वाली है। मैनेजमेंट ट्रेनी की अखिल भारतीय चयन परीक्षा दी थी। इसी के तहत उसका चयन हुआ है। प्रियंका ने कहा कि नियमित पढ़ाई की बदौलत आज उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। वर्तमान में वह झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में डॉ शमशेर आलम के निर्देशन में जनजातीय बहुल क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण और उनसे जुड़े मुद्दों पर पीएचडी कर रही हैं।

### विद्यापति स्मारक समिति का होली मिलन समारोह चार को

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में लेखानांद झा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में समिति के महासचिव उदित नारायण ठाकुर, डॉक्टर बच्चा राम झा, अमरेंद्र मोहन झा, रविकांत झा, संजय कुमार मिश्र, बी के झा, दिलीप झा, श्रीराम मिश्र, रहमान अंसारी, रामानद यादव, श्याम झा, योगेश कुमार झा आदि सदस्य उपस्थित थे। इसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि समिति का होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन चार मार्च मार्च को किया जायेगा।

## काांके में दिव्यांगता मेडिकल जांच कैंप

**रांची।** कांके प्रखंड के मुख्यालय में दिव्यांगों के लिए मेडिकल जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को आयोजित किया गया। जांच शिविर में दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए फॉर्म भरने के लिए अलग-अलग 4 टेबल लगाये गए थे, जिसमें महिला पर्यवेक्षक, बीआरपी कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही यूडी आईडी सर्टिफिकेट निबंधन के लिए 9 कंप्यूटर सहित ऑपरेटर लगाया गया था। इस कैंप में हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ एवं बहरापन से संबंधित विशेषज्ञ मौजूद थे। कैंप में कुल 113, नेत्र रोग-21, ईएनटी-13, आर्थो-79 लोगो की जांच की गई।

## केन्द्रीय सरना समिति ने सरहुल शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन से की मुलाकात

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अध्यक्षता में मंगलवार को उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन अपर समाहर्ता राजेश बरवार को सौंपा गया। जिसमें इस बात का उल्लेख है कि 24 मार्च को सरहुल महापर्व की शोभायात्रा निकाली जानी है। कांटाटोली चौक से पटेल चौक चुटिया तक फ्लाईओवर का काम धीमी गति से चल रहा है, जिससे सरहुल शोभा यात्रा का सफल आयोजन संभव नहीं है। शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए जो फ्लाईओवर का काम चल रहा है उसमें बदलाव किया जाये। ताकि शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से केंद्रीय पाहन जगलाल पाहन, महासचिव कृष्णकांत टोप्पो, कुसुम लकड़ा, दिनेश मुंडा शामिल थे।

## संत शिरोमणि सदानंद महाराज रांची में शिष्यों को देंगे होली की बधाई

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट रांची के संस्थापक व संरक्षक संत अध्यक्ष शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज होली के शुभ अवसर पर 2 मार्च को रांची में अपने शिष्यो को होली की बधाईयां देंगे। यह जानकारी मंगलवार को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता मे विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज हरमू रोड स्थित सत्संग भवन में होली मिलन सह भजन संकीर्तन कार्यक्रम दी गयी। संत श्री के राँची आगमन पर उनके शिष्यों के द्वारा संत सदानंद जी महाराज का भव्य स्वागत किया जायेगा।

## सीसीएल ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**रांची।** सीसीएल ने मंगलवार को रांची के चौड़ी बस्ती में ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाकर लाभ उठाया। शिविर में 146 ग्रामीणों के रक्तचाप (हाइपरटेंशन) तथा मधुमेह (डायबिटिज) की निःशुल्क जांच की गई। ज्ञाता हो कि सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद के कुशल निर्देशन में अपने हितधारकों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निदान हेतु समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन करती रहती है। इससे सीसीएल के कमांड क्षेत्रों और आस-पास के ग्रामीणों को काफी लाभ होता है। शिविर के आयोजन में डॉ. सुमन सिंह, डॉ. अरूणा हेंब्रोम, डॉ. मयूरी भप्ताचार्य, डॉ. अनिता होरो, डॉ रंजू मेहता सहित गांधीनगर अस्पताल के अन्य चिकित्सक एवं पारा मेडिकल स्टाफ का योगदान रहा। स्टाफ उपस्थित थे।

## मलेशिया में इंडिया का प्रतिनिधित्व कर रहे कराटे खिलाड़ियों को इमा ने प्रदान किए किट

खबर मन्त्र संवाददाता





**रांची।** मलेशिया की राजधानी तितिवंग्सा स्टेडियम में 03 से 05 मार्च तक आयोजित 12वी साइलेंट नाइट कराटे कप अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारतीय कराटे टीम में झारखंड से दो महिला खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ी इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के हैं। यही नहीं इमा के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाए गए हैं रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि मोहिनी रितिका टोप्पो सीनियर महिला काता वर्ग में एवं काजल कुजूर 12 से 13 साल 47 किलो से अधिक वजन के कुमिते वर्ग में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

राज्य के खिलाड़ी मंगलवार को रांची से कोलकाता के लिए रवाना हुए। कोलकाता एयरपोर्ट पहुंचने के बाद वे भारतीय कराटे दल में शामिल होकर एक मार्च को मलेशिया रवाना होंगे। राज्य से भारतीय टीम में शामिल दोनों खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी की ओर से बहु बाजार स्थित इमा कराटे स्टूडियो में इमा के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए दोनों को कराटे किट प्रदान किया ताकि दोनों खिलाड़ियों को किसी तरह की असुविधा न हो।

# बीएयू के डीन एग्रीकल्चर बने डॉ डीके शाही और डॉ पीके सिंह डायरेक्टर रिसर्च

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बड़ा फेर बदल, आदेश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बड़ा फेरबदल किया गया है। डॉ डीके शाही को डीन एग्रीकल्चर बनाया गया है। डॉ पीके सिंह को डायरेक्टर रिसर्च बनाया गया है। कई अन्य वैज्ञानिकों को भी प्रभार सौंपा गया है। इसका आदेश निदेशक प्रशासन ने जारी कर दिया है। डॉ शाही इससे पहले निदेशक छात्र कल्याण थे। वह मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग के अध्यक्ष भी हैं। वे विभाग में कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान परियोजनाओं में भी काम कर चुके हैं। वर्तमान में दो राष्ट्रीय परियोजनाओं में काम कर रहे हैं।

**इन वैज्ञानिकों को प्रभार**

| | |
|---|---|
| डॉ डीके शाही | डीन एग्रीकल्चर |
| डॉ एसके मल्लिक | नोडल ऑफिसर, आईसीएआर |
| डॉ एमके गुप्ता | डीन पीजी, कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी |
| डॉ पीके सिंह | डायरेक्टर रिसर्च |
| डॉ बीके अग्रवाल | डायरेक्टर स्टूडेंट वेलफेयर |
| डॉ एस करमकार | चेयरमैन, एग्रोनॉमी डिपार्टमेंट |
| डीन एग्रीकल्?चर | एसोसिएट डीन, गढ़वा कृषि कॉलेज |
| डॉ शैलेश चप्तोपाध्?याय | यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन |
| डॉ निभा बाड़ा | डिप्टी डायरेक्टर इंफोर्मेशन, डीईई |
| डॉ बसंत उरांव | डिप्टी/एसोसिएट लाइब्रेरियन, सेंट्रल लाइब्रेरी |

## पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस ने राजेन्द्र बाबू को किया याद

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन में मंगलवार को मनाई गई। इस अवसर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद के बहुअयामी विलक्षण व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि वे एक महान देशभक्त थे। देश सेवा की भावना उनमें कूट-कूट कर भरी हुई थी। उन्होंने कहा कि डा. राजेन्द्र बाबू अपने जीवन काल में दो बार अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। अपने अध्यक्षीय काल में उन्होंने कांग्रेस की अनेकों उलझी हुई गुथियों को सुलझाया तथा समस्त भारतवर्ष में कांग्रेस के प्रति सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित किया। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद होने के बाद विधान निर्माण सभा के अध्यक्ष नियुक्त किये गये और उसी विधान के अनुसार 26 जनवरी 1950 को भारत का एक स्वतंत्र प्रजातंत्र राष्ट्र घोषित किया गया।कार्यक्रम में राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, कुमार राजा, जगदीश साहु, सलीम खान, जय शंकर पाठक, शहीद अहमद, जितेन्द्र त्रिवेदी, राजीव नारायण प्रसाद, राजीव प्रकाश चौधरी, मंजर मुजीबी, अजय चौधरी, रामानन्द केशरी सहित अनेकों कांग्रेसजनों नें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## सीआईटी में मॉडल प्रदर्शनी एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**रांची।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची में विद्यार्थियों द्वारा ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल वेल बिइंग विषय पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बिरसा कृषि विवि के फॉरेस्ट्रोरी डिपार्टमेंट के डीन डॉ एम एस मलिक ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडली के शिक्षकों ने प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के समूह को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ एम एस मलिक ने कहा कि तेजी से हो रहे वैश्विक विकास के दौर में ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर समस्या के रूप में उभरकर सामने आया है। जिसपर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न प्रकार के आयामों यथा सौर ऊर्जा, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, विंड एनर्जी, बायो गैस, रिन्यूअल सोर्सेज को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रो अरशद उस्मानी, डॉ एम एन बंधोपाध्याय, डॉ ए भट्टाचार्या, डॉ डीके सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय शंकर सिंह, डॉ रणवीर कुमार, शिक्षक डॉ मो. आसिफ इकबाल, डॉ नैयर मुमताज, प्रो रोहित कुमार, प्रो तापस कुमार, प्रो स्वेता सोनाली धाल आदि थे।

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी मानव समाज के लिए वरदान : कुन्दन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मोराबादी में आयोजित पर्यावरण मेले के सातवें दिन कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उदय और इसका प्रभाव विषय पर परिचर्चा किया गया। इस अवसर पर विटी रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष कुन्दन कुमार लाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी मानव समाज के लिये एक वरदान है। एआई से आप उन हर क्षेत्रों में असाधारण सफलता प्राप्त कर सकते हैंए जो अब तक आपके लिए अबूझ है या जो अबतक असंभव था। झारखंड जैसे राज्य में पानी, ऊर्जा, खनन, वन, कृषि, पर्यावरण एवं प्रदूषण जैसे ऐसे कई विषय है, जिनपर एआई के माध्यम से काफी काम कम समय में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को इस क्षेत्र में अपना बजट बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। अमेरिका ने भारत के कुल बजट से भी ज्यादा एआई में निवेश किया है। एक शोध के मुताबिक 2030 के बाद यूरोप निवासियों को ड्राईविंग लाईसेंस नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि एआई के इस्तेमाल से भारत जैसे बेरोजगारों से भरे देश में तो और भी स्थिति खराब होगी। इसमें दर्द तो होगा पर आपको फैसला इसी में करना होगा। आपने एक पक्ष देखा कि बेरोजगारी बढ़ जायेगी। इस परिचर्चा के सम्मानित अतिथि बाबूलाल मराण्डी ने कहा कि जिस तरह से हमने अपने पूर्वजों से त्रेता, द्वापर एवं कलयुग की बातें सुनी है। आज के युग को वेद पुराण के अनुसार कलयुग कहा जाता है। लेकिन मैं इस युग को मशीन युग, तकनीक युग कहता हूं। पिछले कुछ सालों में जिस तरह के आविष्कार हुए है, वह मानव समाज के लिए काफी लाभदायक हुआ है।

# शैक्षणिक जागरूकता के साथ शराब छोड़ो तथा निकाह को आसान व सस्ता करो : मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी

## तहरीक-ए- बेदारी का 14वां सभा (जलसा) सफलता पूर्वक सम्पन्न

### समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने के लिए समाज को शिक्षित करना जरुरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** एदारा-ए-शरीया झारखंड व सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वावधान में डोरण्डा स्थित मरकजी मस्जिद में तहरीक-ए-बेदारी की 14वीं सभा का समापन हुआ। इसमें मौलाना आफताब जेया की अध्यक्षता व मस्जिद कमिटी के मोतवल्ली इजहारुल हक राजू, नईम आलम, परवेज रहमान, अख्तर रिजवी, मंसूर आलम आदि शामिल रहे। इस कार्यक्रम में मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि तिलक- दहेज, नशा, जुआ, चुगली, एक दूसरे की बुराई करना, मजलूमों को सताना, एक दूसरे से नफरत करना, किसी का हक मारना आदि जैसी बुराईयों के लिए समाज में कोई स्थान नहीं है। मजहब-ए-इस्लाम ने सख्ती से इसपर पाबंदी की है। उन्होंने मजलूमों का मदद करने एवं अपने समाज के लोगों की इज्जत आबरू की सुरक्षा के लिए नौजवानों को आगे आने की बात कही। समाज से बुराई को समाप्त करने के लिए नशा छोड़ो और निकाह को सस्ता व आसान बनाने का नारा दिया। मौलाना राशिदुल कादरी ने कहा कि हम अपनी संस्कृति व तहजीब भूल गए हैं। हमरा समाज पिछड़ता जा रहा है। इसका मूल कारण शिक्षा का आभाव है। अतः समाज के हर व्यक्ति को शैक्षणिक जागरूकता की जिम्मेदारी लेते हुए अपने अपने समाज को शिक्षित करना होगा। मौलाना मो.आबिद रिजवी ने समाज में फैल रहे बुराई को पूरी ताकत से रोकने पर जोर दिया। सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के प्रवक्ता मो. इसलाम एवं महासचिव अकीलुर्रहमान ने बताया कि अगला कार्यक्रम 03 मार्च शुक्रवार को डोरंडा स्थित कुरैशी मुहल्ला मस्जिद में रात्रि 8 बजे रखी गई है। मौके पर कारी अय्यूब, मौलाना डा. ताजुद्दीन रिजवी, हाफिज शादाब मंजर, हाफिज अब्दुल गफार, मौलाना शम्स तबरेज, मौलाना आबिद हुसैन, मौलाना गुलाम फारूक, मौलाना शेर मोहम्मद कादरी, मौलाना अब्दुल सलाम, अकीलुर्रहमान, मो. इसलाम, मौलाना मो. हुसैन, मौलाना शौकत अली, कारी शमशीर, हाफिज मो. कलीम, मौलाना अब्बास रिजवी, हाफिज मोजीब, मौलाना आफताब जेया, कारी व हाफिज मो. साबिर, हाफिज व कारी जावेद, मौलाना ओवेश रजा, मौलाना महमूदुल हसन, मौलाना मोबीन नाजिश, मौलाना समशाद, मुफ्ती सद्दाम हुसैन, मौलाना मनीर, हाफिज मोजीबुर्रहमान, मौलाना शैदा पलामवी, कारी अशरफुल्लाह, हाफिज मोजीब, हाफिज इम्तेयाज, मौलाना ताबे आलम, हाजी सईद कौसर, मौलाना गुफरान, मो. अशरफ आदि थे।


# PUBLIC NOTICE
## For Lost of Document

TO KNOW ALL MEN, that I, Mrs. Anita Singh W/o. Abhay Kumar Singh. R/o. A-7 / S-4 , Govinda Gourkhede Complex, Hajaripahad, Nagpur have purchased the property for valuable consideration vide Sale Deed dated 07.03.2003 duly Registered at Serial No. 589 / 2003 in Additional Book. No.1 in the Office of Sub-Registrar, Nagpur - 4 on 10.03.2003 from M/s. Sikhar Constructions Pvt. Ltd., Nagpur in pursuance of Agreement to Sell dated 21.01.2002 Registered at Serial No. 172 in the Office of Sub-Registrar, Nagpur and since then, I am in unobstructed and absolute possession of the said property. However, the said Original Sale Deed as well as Agreement to Sell were misplaced / lost from my custody during shifting from Nagpur to Ranchi (Jharkhand) for which I have already lodge a F.I.R. at Ranchi. If any person or persons found it or got both the abovementioned documents, he / they shall intimate or contact me at my address and phone number given below.

**SCHEDULE OF THE PROPERTY**

ALL THAT R.C.C. Structure comprising of Residential Flat No. S-4 on Second Floor, admeasuring Built up Area of 60.18 Sq. Mtr. in a Building No. A-7 situated at Govinda Gourkhede Complex, constructed on piece & parcel of land admeasuring 48846 Sq. Mtr. out of Khasra No. 91/1, Mouza: HAJARIPAHAD, bearing City Survey No. 481, Togetherwith its proportionate undivided 0.1084 % undivided share and interest in the land, situated at Ward No.56 (New ) & 68 (Old ) , within the limits of N.I.T. and N.M.C. Tahsil & District Nagpur

Mrs. Anita Singh W/o. Abhay Singh R/o. A-7/S-4,
Govinda Gourkhede Complex, Hajaripahad, Nagpur.
& Presently Residing at
2C/7, Jawahar Nagar, Colony Kanke Road, Ranchi, Jharkhand.
Cell Nos. 9234609780, 8969162341
Nagpur, Dated:

# किसानों की बात

**कि**सान परिवारों की संख्या लगभग 12 करोड़ है। सामान्यतः एक परिवार में पांच सदस्य न्यूनतम भी हुए तो इनकी आबादी लगभग 60 करोड़ है। देश में केन्द्र और राज्य की सरकारें इन्हीं किसानों के बदौलत चलती है। कोरोना काल का विकास दर जब लगभग सभी उद्योग बंद कर दिये गये थे तब कृषि पर ही टिकी थी। ऐसे में किसान का ख्याल रखना, उनकी हितों की बात करना, उनकी आमदनी दोगुनी करनेकी बात , बिजली फ्री-पानी फ्री- फ्री की लंबी फेहरिस्त के साथ सरकारें सामने आ रही है। इसमें सबसे अधिक राजनीति चमकाने का अवसर भी है। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश में किसान और कृषि राजनीति के मध्य में स्थित रहें हैं। 2024 के चुनाव के पहले नौ राज्यों के विधान सभाओं में चुनाव हो रहें हैं। ऐसे में किसान के मुद्दें और सवाल की जमकर चर्चा होगी। किसान नेता राजेश टिकैत का आंदोलन बिहार पहुंचा है क्योंकि उन्हें मालूम है कि केन्द्र पर दबाव के लिये यूपी और बिहार में राजनीतिक माहौल और विरोध के स्वर को तेज करना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा के चुनाव के कारण जिस प्रकार केन्द्र ने अपने कृषि कानून को वापस लिया उससे यह संकेत साफ गया कि चुनाव जीतना किसी भी दल के एजेंडें में सबसे उपर है। वैसे बिहार की राजनीति में जातिवाद प्रभावी रहा है विकास मुद्दा बने इसका इंतजार हो ही रहा है। ऐसे में महत्वपूर्ण सवाल है कि किसानों की आय को बढ़ाने के लिये जो कार्यक्रम चलाये जा रहें हैं उसके बीच बड़ी विकास योजनाओं चाहे वे सड़क की हो या रेल, अस्पताल हो या यूनिवर्सिटी जमीन अब किसानों की जा रही है। शहरों में जमीन की कीमत आसमान छू रही है और सरकार भी बाजार मूल्य से कम आय दे रही है। ऐसे में केन्द्र हो या राज्य सरकार की मंशा पर सवाल उठता है।

# लीथियम से उम्मीद

**दा**वा किया जा रहा है कि कश्मीर में खोज पहली मर्तबा है, परंतु इससे पहले, 1990 के दशक में भी, कश्मीर में लीथियम उपस्थिति के आरंभिक संकेत मिले थे और यह निष्कर्ष 800 से ज्यादा नमूनों के परीक्षण पर आधारित था, उस वक्त जीएसआई का कहना था कि इस सारी पट्टी में (जहां कहीं बॉक्साइट के उघड़े उर्ध्व-पार्श्व दिखाई देते हैं) वहां पर उच्च-मूल्य लीथियम भी है और बॉक्साइट वाला यह परिदृश्य रियासी जिले के सलाल-रनसूह क्षेत्र में सबसे अधिक है। इससे विभाग को लगा कि इस इलाके में लीथियम होने की ह्यकाफी संभावना है। यह रिपोर्ट 1999 में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को सौंपी गई थी। यह वही क्षेत्र है जिसको लेकर जीएसआई ने इस साल, फिर से, लीथियम की उपस्थिति होने की सूचना दी है और दावा ह्यपहली बार खोज का किया जा रहा है। हाल तक, यानी जुलाई, 2022 में भी, सरकार को कश्मीर में लीथियम भंडार की संभावना का कुछ इल्म नहीं था। जब संसद में देश में लीथियम की उपस्थिति होने के बारे सवाल पूछा गया तो सरकारी जवाब में इसे अनुपस्थित बताया गया। भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण विभाग यह भी कह रहा है कि उसने खोज सत्र 2022-23 में अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, नागालैंड और राजस्थान में 18 लीथियम खोजी अभियान चलाए हैं। ऊर्जा प्राप्ति में स्रोत परिवर्तन और परिवहन को इलेक्ट्रिक वाहन के जरिए करने की ध्येयपूर्ति में भारत के लिए लीथियम की महत्ता के मद्देनजर सरकार को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि लीथियम की स्वदेशी उपलब्धता कितनी है। पहले कदम के तौर पर, 1948 में होमी जे. भाभा की अध्यक्षता में परमाणु ऊर्जा आयोग का गठन हुआ। फिर केरल से मोनाजाइट नामक खनिज का निर्यात रोक दिया गया ताकि इससे स्वदेशी थोरियम निकाला जा सके।

# किसानों के बल पर रिकार्ड खाद्यान्न निर्यात




**देश** से अनाज का रिकार्ड निर्यात हो रहा है। यह देश के किसानों के बल पर संभव हुआ है। हाल ही में कृषि मंत्रालय द्वारा जारी खरीफ सत्र के प्रारंभिक अनुमानों के मुताबिक देश में इस बार खरीफ सत्र में करीब 15.05 करोड़ टन रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन होने की संभावना है। पिछले वर्ष खरीफ सत्र में करीब 14.95 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ था। यह भी महत्वपूर्ण है कि वर्ष 2020-21 में कुल खाद्यान्न उत्पादन करीब 30.86 करोड़ टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा है।

देश में ऐसे प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन के तीन बड़े फायदे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। एक, इससे खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। दो, अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन से देश की खाद्यान्न मांग की पूर्ति सरलता से हो रही है तथा देश के पास खाद्यान्न का सुरक्षित भंडार उपलब्ध है। तीन, अमेरिका तथा ब्राजील सहित दुनिया के कई कृषि निर्यातक देशों में खराब मौसम के चलते फसल को नुकसान पहुंचा है और खाद्यान्न के वैश्विक बाजार में कृषि जिंसों की कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे में भारत से अधिक कृषि निर्यात बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने का मौका है।

इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि कोरोना महामारी की अकल्पनीय मानवीय और आर्थिक आपदाओं के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान देश से 41.25 अरब डॉलर मूल्य के कृषि एवं संबद्ध उत्पादों का निर्यात किया गया। यह निर्यात मूल्य वर्ष 2019-20 के 35.15 अरब डॉलर मूल्य की तुलना में 17.34 फीसदी ज्यादा है। चालू वित्त वर्ष 2021-22 में कृषि निर्यात और अधिक ऊंचाई पर पहुंचते हुए दिखाई दे सकता है।

यदि हम वैश्विक कृषि निर्यात परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि दुनिया के कई खाद्य निर्यातक देश पिछले वर्ष 2020-21 में कोरोना महामारी के व्यवधान के कारण चावल, गेहूं, मक्का और अन्य कृषि पदार्थों का निर्यात करने में पिछड़ गए, ऐसे में भारत ने अनाज, गैर-बासमती चावल, गेहूं, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाजों के निर्यात में भारी वृद्धि का अध्याय लिखा है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं।



-सुधीर शर्मा

> नि:संदेह कृषि निर्यात के लिए देश में कृषि संबंधी शोध और नवाचार की भी अहम भूमिका रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक पिछले पांच साल में सोलह सौ से ज्यादा फसल-किस्में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व उसके संस्थानों, कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के योगदान से विकसित की गई हैं, इसमें धान की अति विकसित 35 नयी किस्म भी हैं, जो प्रधानमंत्री द्वारा 27 सितंबर को राष्ट्र को समर्पित की गई हैं।

देश से कृषि पदार्थों के निर्यात इसलिए बढ़ रहे हैं, क्योंकि देश में कृषि विकास के रणनीतिक प्रयासों से आंतरिक खाद्य जरूरतों की पर्याप्त पूर्ति के अलावा बड़े पैमाने पर अतिरिक्त खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है। विगत 28 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के समारोह में कहा कि बीते 6-7 सालों में साइंस और टेक्नॉलॉजी को खेती से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया जा रहा है। किसानों की जमीन को सुरक्षा देने के लिए, उन्हें अलग-अलग चरणों में 11 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी के साथ-साथ हमने खरीद प्रक्रिया में भी सुधार किया ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। किसानों को 2 करोड़ से ज्यादा किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं। एक लाख करोड़ रुपये का एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, सोलर पावर से जुड़ी योजनाएं खेत तक पहुंचाने, देश के 70 से ज्यादा रेल रूटों पर किसान रेल के माध्यम से छोटे किसानों के कृषि उत्पाद कम ट्रांसपोर्टेशन के खर्चे पर देश के दूरदराज इलाकों तक पहुंचने और कृषि उपज का अच्छा मूल्य मिलने से खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात में वृद्धि हुई है।

प्रतिबंध लगाए जाने से खाद्य पदार्थों के वैश्विक खरीदारों के साथ जुड़ना मुश्किल काम था। ऐसे में कृषि निर्यात संबंधी विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने विशिष्ट वर्चुअल वैश्विक कृषि व्यापार मेलों और देश के कृषि पदार्थों के निर्यातकों के साथ वैश्विक खरीदारों की अलग-अलग इंटरैक्शन मीट आयोजित की। इतना ही नहीं, एपीडा ने कृषि निर्यात से विभिन्न विभागों के साथ निकट समन्वय स्थापित किया और निर्यात को बढ़ाने के लिए दिन-प्रतिदिन के आधार पर कृषि निर्यातकों के साथ सम्पर्क बनाए रखा। इसके साथ-साथ केला, अंगूर, प्याज, आम, अनार, पुष्प आदि के लिए निर्यात संवर्धन मंच (ईपीएफ) की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। यह भी उल्लेखनीय है कि कृषि पदार्थों के निर्यात बढ़ाने में भारत के कृषि मानकों की वैश्विक मान्यता ने भी अहम भूमिका निभाई है। भारत के पास खाद्यान्न, ताजे फल और सब्जियां, प्रसंस्कृत उत्पाद आदि से संबंधित करीब 130 भौगोलिक संकल्प (जीआई) हैं। ज्ञातव्य है कि भौगोलिक संकेत उत्पाद की विशेषताओं को दशार्ता है। इससे उत्पाद का बाजार मूल्य बढ़ता है और उपभोक्ता उत्पाद की गुणवत्ता और विशेषता से खरीदी के लिए आकर्षित होते हैं।

इनके अलावा देश से कृषि निर्यात बढ़ने के कई अन्य कारण भी दिखाई दे रहे हैं। सरकार ने नयी कृषि निर्यात नीति के तहत ज्यादा मूल्य और मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा दिया है। निर्यात किए जाने वाले कृषि जिंसों के उत्पादन व घरेलू दाम में उतार-चढ़ाव पर लगाम लगाने के लिए रणनीतिक कदम उठाए गये हैं। कृषि निर्यात की प्रक्रिया के मध्य खराब होने वाले सामान और कृषि पदार्थों की साफ-सफाई के मसले पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

लेकिन हमें देश से कृषि निर्यात बढ़ाने के लिए और अधिक रणनीतिक कदम बढ़ाने होंगे। यद्यपि देश गेहूं, चावल और चीनी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर है और इनका निर्यात भी हो रहा है। लेकिन अब देश में दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता के साथ इनके निर्यात का दूरगामी लक्ष्य भी सामने रखे जाने होंगे। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में सरकार ने जिस तरह 11,040 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ राष्ट्रीय खाद्य तेल- पाम ऑयल मिशन (एनएमईओ-ओपी) लागू किया है, ऐसे और बड़े अभियानों की जरूरत है।

## खास बात

# जीएसटी कैसे?



**अजय दीप वाधवा,**

क) जब कोई व्यवसाय स्थायी रूप से अपनी संपत्ति का हस्तांतरण या निपटान करता है जिसके लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाया गया है।

ख) व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए दो संबंधित या अलग-अलग व्यक्तियों के बीच की गई आपूर्ति।

ग)आपूर्तिकर्ता की ओर से एजेंट द्वारा माल की आपूर्ति या ग्राहक की ओर से एजेंट द्वारा प्राप्त आपूर्ति।

घ) जब एक कर योग्य व्यक्ति किसी संबंधित व्यक्ति से सेवाओं का आयात करता है, या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए भारत के बाहर अपने स्वयं के व्यवसाय से।

७. आपूर्ति व्यवसाय के क्रम में या व्यवसाय को बढ़ाने के हित में की जानी चाहिए जीएसटी केवल व्यापारिक लेनदेन पर लागू है। इसलिए, जीएसटी के तहत एक लेनदेन को आपूर्ति के रूप में माने जाने के लिए, इसे व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए बनाया जाना चाहिए।

यदि आपूर्ति व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए की जाती है, तो इसे जीएसटी के तहत आपूर्ति नहीं माना जाएगा।

यहां हमें यह भी समझ लेना चाहिए कि जीएसटी के तहत एक आपूर्ति में प्रायः तीन विशेषताएँ होती हैं जिनका उपयोग उस लेनदेन के लिए देय कर की गणना करने के लिए किया जाता हैः स्थान, मूल्य और समय।

क)आपूर्ति का स्थान - यह घटक निर्धारित करता है कि लेनदेन एक अंतर-राज्य आपूर्ति, एक अंतर-राज्य आपूर्ति, या एक बाहरी व्यापार है, जो जीएसटी के प्रकार को निर्धारित करता है जो इससे जुड़ा होगा।

ख) आपूर्ति का मूल्य - यह घटक आपूर्ति के कर योग्य मूल्य का निर्धारण करता है, और इस प्रकार कर की राशि जो इसके लिए भुगतान करने की आवश्यकता होती है।

ग) आपूर्ति का समय - यह घटक निर्धारित करता है कि संबंधित कर और जीएसटी रिटर्न कब देय हैं। समाप्त

**(लेखक वित, निवेश एवम कर सलाहकार, रांची हैं।)**

# सुलोचना का विश्वास

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**

**वानर** सेना को रावण के आने से दुविधा हो गयी। उन्होंने राम से पूछा कि आपने विभीषण को लंकापति बनने का वचन दिया हैं हमलोग उन्हें लंकेश कहते हैं। राम बोले आप लोग धवराइये नहीं। आप लोग धबराइये नहीं अगर रावण वास्तव में हमारे पास शरणागत हो जाता है तो दुनिया में सबसे अधिक मेरे लिये प्रिये हो जाएगा मैं उसे अवधेश बना दूंगा। अयोध्या की गद्दी में रावण को दे दूंगा। जब पालकी निकट आई उसमें से सुलोचना निकली। वह राम के सम्मुख गयी। हाथ जोड़कर परिचय दी। मैं रावण की पुत्रवधू और मेघनाथ की पत्नी हूं। उसके आप्त भरे वचन एवं दुख को देखकर राम द्रवित हो गये। उन्होंने कहा सुलोचना मैं तुम्हारे दुख से दुखी हूं। तुम्हारे पति की मृत्यु अवश्य हुई हैलेकिन अगर मेरे सारे पुण्य लेने से तुम्हारे पति जीवित होते हैं तो तुम ले लो। मैं जीवन भर के पुण्य तुम्हें देने को तैयार हूं। इससे अगर तुम्हारे पति जिंदा होत ` हैं तो मैं तैयार हूं। सुलोचना बोली प्रभु जैसा सुनी थी वैसा पायी लेकिन मेरे पति स्वर्ग की शोभा बढ़ा रहें हैं मैं उन्हें धरती पर वापस नहीं लाना चाहती हूं। मैं उनके मृतक शरीर को लेकर सती बनना चाहती हूं इसलिये मेरे पति का सिर मुझे मिलजाए तो मैं वापस चला जाऊं। राम ने आदेश दिया सती नारी को उसके पति का सिर सम्मान के साथ वापस किया जाए। वह सिर लेने के बाद बोली मैं जाने की आज्ञा चाहती हूं। आपको आर्शिवाद देकर जाती हूं। संसार में सत्य की विजय होती है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**अंतःकरण**-पवित्र, आत्म-विश्वास और आशावादिता जीवन की महत्तम विभूति हैं ! जीवन अंतहीन संभावनाओं और अवसरों का अखंड स्रोत है ! आध्यात्मिक व्यक्ति प्रत्येक प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूलता और उचित अवसर ढूंढ लेता है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## रोचक ट्वीट

**काफी** अकेला हूं ! या अकेला काफी हूं...! नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

**- अनुपम खेर अभिनेता**



किसान भाइयों को बधाई !अन्नदाता किसानों का आर्थिक संबल बनी 'किसान सम्मान निधि' की 13वीं किस्त की 16,000 करोड़ से अधिक राशि आज 08 करोड़ से अधिक किसानों को हस्तांतरित हो गई। **-योगी आदित्यनाथ**

# क्या हमारी नौकरी जाने वाली है?



**सत्यनारायण गुप्ता**

बहुत पहले से ही आशंका जताई जा रही थी कि मनुष्य धीरे-धीरे मशीन का गुलाम होता जा रहा है ।लेकिन आज यह आशंका भी उत्पन्न हो चली है कि मानव-मस्तिष्क भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का गुलाम ना हो जाए। हर सेकेण्ड एक लाख से ज्यादा वेब सर्च का अचूक जवाब देने वाले गूगल का वर्चस्व तो खतरे में है ही , कहा जा रहा है कि एक नए सर्च इंजन ने पत्रकारों, लेखकों ,कवियों, प्रोफेसर्स, प्रोग्रामस, ग्राफिक डिजाइनर्स आदि की नौकरियों को भी खतरे में डाल दिया है।

इंटरनेट और टेक्नोलॉजी की दुनिया में चैट जीपीटी की चर्चा है ।कहा जा रहा है कि यह गूगल को टक्कर दे सकता है। चैट जीपीटी से आप जो सवाल पूछते हैं ,उसका आपको सटीक जवाब मिलता है ।अंग्रेजी भाषा में चैट जीपीटी का फुल फॉर्म ₹ चैट जेनरेटेड प्री ट्रेंड ट्रांसफार्मर ₹होता है इसका निर्माण ओपन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( ओपन आई )के द्वारा किया गया है ,जो कि एक प्रकार का चैट बॉट है ।आप इसके द्वारा शब्दों के प्रारूप में बात कर सकते हैं और यह आपके किसी भी प्रकार के सवाल के जवाब दे सकता है। अभी यह अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है। लेकिन जल्दी ही अन्य भाषाओं में उपलब्ध होगा।

चैट जीपीटी गूगल से इस प्रकार अलग है कि गूगल पर किसी चीज को सर्च करते हैं तो गूगल के द्वारा उस से संबंधित कई वेबसाइट दिखाई जाती है परंतु चैट जीपीटी बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है यह सर्च करने पर उस सवाल का डायरेक्ट जवाब दिखाता है।

## युवा

चैट जीपीटी की शुरूआत शैम अल्टमैन नाम के व्यक्ति के द्वारा एलन मस्क के साथ मिलकर 2015 में की गई थी ।शुरू में यह नन परफार्मिंग कंपनी थी एक-दो साल बाद एलन मस्क इस प्रोजेक्ट से अलग हो गए। इसके पश्चात बिल गेट्स की माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के द्वारा इसमें एक अच्छी रकम का निवेश किया गया और साल 2022 में 30 नवंबर को इसे प्रोटोटाइप के तौर पर लांच किया गया है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैट बॉट- चैट जीपीटी इतिहास का सबसे तेजी से बढ़ने वाला कंज्यूमर ऐप बन गया है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दो महीने में इसके 10 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर्स बने हैं।

चैट- जीपीटी को ट्रेन करने के लिए डेवलपर के द्वारा पब्लिक तौर पर उपलब्ध डाटा का यूज किया जाता है। उसी में यह चैट बॉट आपके द्वारा जो सवाल सर्च किए जाते हैं उसका जवाब ढूंढता है ,फिर जवाब को सही प्रकार से सही भाषा में क्रिएट करता है और इसके पश्चात परिणाम को आपके डिवाइस की स्क्रीन पर प्रस्तुत करता है। सर्च करने वाले यूजर्स को यह भी बताने का विकल्प मिलता है कि आप इसके द्वारा बताए गए जवाब से संतुष्ट हैं या नहीं ।आपके द्वारा दिए गए फिडबैक के हिसाब से डाटा को लगातार अपडेट किया जाता है।

चैट जीपीटी एक वाक्य में अगले शब्द की भविष्यवाणी करते हुए काम करता है ।वह इंटरनेट में उपलब्ध लाखों पुस्तकों का विश्लेषण कर सकता है ।वह लिंक देने की जगह हर शैली में डायरेक्ट उत्तर देता है ?। इससे निबंध, कविता ,कहानी या नाटक के रूप में भी उत्तर प्राप्त किया जा सकता है। अपने उन्नत ई -टूल से यह टेक्स्ट से संगीत की रचना कर सकता है ग्राफिक्स और पेंटिंग्स भी बनाकर यूजर्स को दे सकता है, 3डी इमेज भी रच सकता है, आपके पसंदीदा कवि की रचनाओं को सूरबद्ध और लिपिबद्ध भी कर सकता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### कार सेवा का आग्रह

**मुसलमानों** ने श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए कार-सेवा करने का प्रस्ताव रखा है। यह निश्चित रूप से एक स्वागतयोग्य कदम है। देश में भाईचारे को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यों को बढ़ावा देने का हरसंभव प्रयास होना चाहिए। वहां मस्जिद के साथ-साथ सर्व धर्म समभाव को बढ़ावा देने वाला एक केंद्र भी स्थापित किया जायेगा। धर्म सदैव जोड़ता है तोड़ता नहीं यह तय है। **- राजीव सिंह, कोडरमा**

### मंदिर पर गतिरोध

**आजाद** भारत के इतिहास में इस मंदिर की वजह से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच गतिरोध भी हुआ था। एक लंबी कहानी है सोमनाथ मंदिर की। इन कहानियों को सुनने के बाद आपको लिए सोमनाथ मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहेगा। जिजिविषा का, संघर्ष का और साथ ही इस संदेश का भी कि पुनर्निर्माण की ताकत हमेशा तबाही की ताकत से बड़ी होती। **- सुनीता उरांव, सिमडेगा**

# बेहतरीन शिक्षा की दिशा में उठाने होंगे सही कदम



**अंकिता बनर्जी**

ग्रामीण भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आकांक्षा वास्तव में कभी फलीभूत नहीं हुई। ऐसे में ऊंचे लक्ष्य तय करना जरूरी है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रति छात्र सालाना 12,500 रुपये खर्च किए, जो कि जीडीपी का करीब तीन-चार फीसदी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चाहती है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपना खर्च बढ़ाकर जीडीपी के करीब छह फीसद तक लाएं। 1960 के दशक से यह वांछित लक्ष्य रहा है, लेकिन अब जाकर सरकार ने इसे वास्तविक लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में कुल पंजीकरण का अनुपात 50 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर, शिक्षा के क्षेत्र में दूसरी समस्याएं भी हैं। संगीता कश्यप मध्य प्रदेश की 46 वर्षीय स्कूल शिक्षिका हैं। पीटीआई की अगस्त, 2014 की खबर के अनुसार, अपने 24 साल लंबे करियर में पिछले 23 वर्षों से वह ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली की ऐसी दुसाध्य बीमारियों को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दुरुस्त करना चाहती है। ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए।

## शिक्षा

उनके काम की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन प्रणाली बनानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा।

**(इंट्रेनशिप, स्नातक कामर्स वोकेशनल , संत जेवियर कॉलेज, रांची)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज़

### सेवानिवृत प्रधान सहायक को दी गयी विदाई



मेदिनीनगर। पलामू के जिला नीलाम कार्यालय के प्रधान सहायक रेमेजियुस एक्का 28 फरवरी 2023 को सेवानिवृत्ति हो गये। उनके सेवानिवृत्ति पर समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त अंजनेयुलू दोड्डे ने उनके सुख में जीवन एवं बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति नियुक्ति सामान्य प्रक्रिया है। इन्होंने बेदाग छवि के साथ विभिन्न सरकारी कार्यालयों में रहते हुए बेहतर कार्य किया। उपायुक्त ने कहा कि एक्का ने अपने जीवन के 31 वर्ष सरकारी सेवा में दिये। इसी तरह अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, नीलाम पदाधिकारी कपिलदेव ठाकुर, समेत अन्य ने विदाई समारोह में अपनी बातें रखीं। मौके पर हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी, डीटीओ अनवर हुसैन समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिक्षक अभिषेक लिखित प्रथम प्रायोगिक भौतिकी पुस्तक का विमोचन




सतबरवा पलामू। राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा लिखित प्रथम प्रायोगिक भौतिकी पुस्तक का विमोचन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ रमेश चंचल, गिरवर उच्च विद्यालय मेदिनीनगर के पूर्व प्राचार्य चंद्रमणि चौबे, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, बीपीओ डॉ मनोज तिवारी, जिप सदस्य सुधा कुमारी, गिरवर इंटर कॉलेज के प्राचार्य नीरज द्विवेदी तथा सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर डॉ. चंचल ने कहा कि यह पुस्तक विज्ञान पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए काफी कारगर साबित होगी। वही हरेंद्र तिवारी ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है। वर्तमान समय में कई लेखकों के द्वारा पुस्तक लिखी गई है। यह कार्य काफी काबिले तारीफ है। वही नीरज द्विवेदी ने कहा कि पुस्तक लिखना एक-दो दिन का काम नहीं, मेहनत और त्याग से ही पुस्तक लिखी जा सकती है। वहीं शिक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि काफी मेहनत और त्याग के बाद इस पुस्तक को लिखा हूं। आगे भी निरंतर प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रामरक्षा प्रसाद, शिक्षक मृत्युंजय पाठक, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, गोविंद प्रसाद, अनुज ठाकुर, दिनेश शुक्ला, वीरेंद्र साहू, श्वेता मिश्रा, अभिषेक रजक, मो जिलानी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### सोनपुरवा में जिप के प्रयास से ट्रांसफार्मर लगा



हुसैनाबाद पलामू। प्रखण्ड के उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने ग्रामीणों के मांग पर अपने क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा बीघा पर 100 केवीए का बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगवाया। जिससे ग्रामीणों में हर्ष हैं। इस सबन्ध में मेहता ने बताया कि मुझे जिस आशा और विश्वास से जनता ने चुना हैं उसी संसाधन में बेहतर करने का प्रयास करता हूं। हर्ष व्यक्त करने वाले ग्रामीणों में मुख्य रूप से श्यामकिशोर चौधरी, संदीप चौधरी, मुन्ना चौधरी, रामसुंदर चौधरी, रामाशीष चौधरी, जितेंद्र चौधरी आदि लोग थे।

### परशुराम सेना युवा वाहिनी ने दी शहीद चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि



मेदिनीनगर। चंद्रशेखर आजाद की शहादत समारोह के मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चंद्रशेखर आजाद चौक (रेड़मा) पर सोमवार की देर शाम को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के महानगर कमेटी के अध्यक्ष सीपी शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम आजाद की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलीदान पर चर्चा किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन तिवारी, अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी),पूर्व प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज,किशोर पांडेय, रवि शर्मा, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी,जिला प्रभारी मनीष तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक विकेश शुक्ला, अजय शुक्ला, राकेश पांडेय,जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी, सोशल मिडिया प्रभारी विशाल दूबे, कुणाल शांति प्रिय, मनोज तिवारी व चंदन तिवारी सहित कई सदस्य शामिल थे।

### वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्कूल में चलाया सड़क सुरक्षा अभियान



सतबरवा पलामू। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने पोलपोल स्थित महात्मा गांधी स्कूल, राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल के विद्यार्थियों को संयुक्त रूप से' सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर संस्था के सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि पलामू जिले में लगातार तेजी से बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं अब सभी को डराने लगी हैं, आंकड़े भयावह होते जा रहे हैं। ऐसे में हर व्यक्ति को इसके प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इस अवसर पर उपस्थित सतबरवा थाना प्रभारी अमित सोनी ने सड़क सुरक्षा हेतु अपनाए जाने वाले तथ्यों को साझा किया। इस कार्यक्रम का संचालन बुनियादी विद्यालय पोलपोल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ल ने किया। शुक्ला ने बच्चों को सड़क सुरक्षा पर प्रतियोगिता आयोजन किये जाने एवं उनमें दस सर्व श्रेष्ठ प्रतियोगी को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की। मौके पर किंडा तिर्की प्राचार्या महात्मागांधी उच्च विद्यालय सरजा, पोलपोल, राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ल, समाजसेवी पंकज लोचन, सतबरवा थाना प्रभारी अमित सोनी, रिनू शर्मा, शिक्षक प्रेमचन्द कुमार समेत राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल एवं महात्मा गांधी उच्च विद्यालय सरजा के सैकड़ों विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने किया पदयात्रा का आयोजन, डीसी को सौंपा ज्ञापन



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत उपायुक्त को पलामू की समस्या से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने किया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने कांग्रेस मैदान से पदयात्रा करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो होते हुए लोगों को राहुल गांधी जी के संदेशों को बताया गया। पदयात्रा करते हुए सभी कांग्रेस जनों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर पलामू उपायुक्त को पलामू की समस्या से अवगत कराकर मांग पत्र सौंपा। मौके पर प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, भिखारी राम, तालकेश्वर, सुरेश पाठक, सत्येंद्र सिंह, मिथिलेश सिंह, बागेश्वर पांडे,राजेश चौरसिया, नफीस खान, रिजवान, शेरखान, राजेंद्र अग्रवाल, जितेंद्र कमलापुरी, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, अजय साहू, सागर दास, मिंटू खान, अरविंद, जतरू उरांव, रामानंद पाठक, रविंद्र कुमार, सतनारायण तिवारी, रूद्र शुक्ला, परीक्षित दुबे, रंजीत पासवान, देवांग शुक्ला, सौरभ तिवारी, हर्ष सहानी,सतीश शुक्ला, मुकेश, कुसुम देवी, लल्लू सिंह, सुनील दुबे, सुरेंद्र शुक्ला, उदय यादव, रिंकू सिंह, मीर खुर्शीद आलम, विष्णु देव यादव, ताराचंद, रामानंद पांडे, अभय पांडे, मनोज गुप्ता, अनिल सिंह, अजय पांडे समेत कई लोग शामिल थे।

## विधानसभा में गूंजेगा विद्युत आपूर्ति विभाग की मनमानी का मामला, बिश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी उठायेंगे मामला

- गांधी विचार मंच के अध्यक्ष ने इस संबंध में विधायक को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक को ज्ञापन देते मंच के अध्यक्ष

बिश्रामपुर (पलामू)। गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ने विद्युत आपूर्ति विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि बिजली विभाग बिश्रामपुर प्रखंड, विश्रामपुर नगर परिषद सहित पांडू, नावा बाजार व उंटारी रोड प्रखंड के सभी गांव में मनमानी कर रहा है। विभाग द्वारा ग्रामीणों का भयादोहन किया जा रहा है जिससे आम लोगों में विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। इस संबंध में उपाध्याय ने पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में रवींद्र नाथ उपाध्याय ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले राजीव गांधी विद्युतीकरण के तहत बीपीएल धारी लोगों को फ्री बिजली की आपूर्ति की जा रही थी। समान्य गरीब लोगों को 27 रुपए मात्र बिल पर बिजली की आपूर्ति की जाती थी। उस वक्त विभाग के द्वारा फ्री कनेक्शन देने के नाम पर एक-एक घर से दो से तीन आधार कार्ड लेकर एक ही घर में दो से तीन कनेक्शन कर दिया गया। अब वर्तमान समय में एक एक कनेक्शन पर दस हजार से बीस हजार तक बिल भेज कर पैसे वसूल किया जा रहा है। जबकि ग्रामीणों द्वारा एक से ज्यादा हो गए कनेक्शन काटने का आवेदन विभाग को कई बार दिया गया। बावजूद विभाग ने कोई अग्रतर कार्रवाई नहीं कि जिसके कारण बीस से तीस हजार रूपए का बिल कई ग्रामीणों के नाम से आ रहा है। बिल नहीं चुकाने पर ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज करते हुए बेहिसाब जुर्माना वसूला जा रहा है। इतना ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र के तार पोल व ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर भी भारी रिश्वत लिया जाता है। रवींद्र नाथ ने विधायक चंद्रवंशी से आग्रह किया कि बिजली विभाग द्वारा हुई त्रुटि को दूर कराते हुए उनकी मनमानी पर तत्काल रोक लगाई जाए। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने उपाध्याय को आश्वस्त किया कि इस मामले को विधानसभा के इसी सत्र में जोर शोर से उठाएंगे। सरकार को स्थानीय विद्युत आपूर्ति विभाग पर कार्रवाई करने पर विवश कर देंगे। किसी भी परिस्थिति में ग्रामीणों को न्याय दिलवाकर रहेंगे।

## अपने विश्वास को मजबूती दें, आपकी सारी समस्याएं दूर हो जायेंगी : कुलदीप तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। राख बुध से आरंभ ख्रीस्तीय अनुयायियों का चालीसा काल पश्चाताप, त्याग-तपस्या व मनन चिंतन करने के साथ वह अवसर प्रदान करता है जिसमे प्रत्येक विश्वासी आत्मावलोकन कर अपने जीवन और उद्देश्यों को गहराई से समझने की कोशिश करते है। इस क्रम में लोग इस बात पर भी चिंतन करते हैं कि वे कही पाप के बंधन या बुराईयों के दलदल में तो नहीं है। चालीसा काल मसीहियों के लिए वह अवसर है जो प्रत्येक विश्वासी को इस बात के लिए प्रेरित करता है कि आप हर नजरिए से अपने विश्वास को मजबूत करें तो आपके जीवन की सारी समस्याएं और शंकाएं दूर हो जाएंगी। उक्त बातें झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) के केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने चालीसा के संबंध में बताते हुए खबर मन्त्र के साथ साझा की। एक कथा के माध्यम से समझाने के क्रम में उन्होंने कहा कि एक आदमी किसी स्थान से गुजरते समय सड़क के किनारे रस्सियों से बंधे हाथियों को देख रुक गया। उसे अचरज हुआ की हाथी जैसे विशाल जंतु को लोहे केजंजीरों की जगह छोटी रस्सी से बंधे हुए हैं। व्यक्ति ने पास खड़े महावत से इसका कारण पूछा तो महावत ने बताया कि वास्तव में इन हाथियों को छोटे से ही इन रस्सियों से बाँधा जाता रहा, तब उनके पास इतनी शक्ति नहीं होती की इन रस्सियों को तोड़ सके। धीरे धीरे यह बंधन उनके दिलो दिमाग में बैठ जाता है।

# भाजपा कार्यकर्ता निष्ठा और समर्पण के साथ करें कार्य : कर्मवीर सिंह

>> संगठन के रीढ़ होते हैं कार्यकर्ता : सांसद

>> भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान को ले कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा ने जिला कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय में किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मौजूद थे। कार्यशाला में जिले के प्रत्येक बूथ पर संगठन की मजबूती को लेकर महामंत्री कर्मवीर सिंह ने संबंधित कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की एवं संचालन जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने किया। जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाना है एवं पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सभी कार्यक्रमों को जिले के सभी बूथों पर सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संस्कृति को बचाने एवं भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ देश के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ पर बेहतर तरीके से कार्य करने के कई टिप्स दिए। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन के रीढ़ होते हैं। मौके पर पलामू प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिला प्रभारी विनय जायसवाल, वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे, मेयर अरुणा संकर, डिप्टी मेयर मंगल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, डॉ मुन्ना चंद्रवंशी, विपिन सिंह नरेंद्र पांडे, अमित तिवारी, कामेश्वर कुशवाहा, कर्नल संजय सिंह, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, विभाकर पांडे एवं रामप्रवेश सिंह, ऐसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइया, विजय ओझा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, रामचंद्र यादव, अरविंद सिंह, सुनील पासवान, रीना किशोर एवं अरविंद गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, सीटू गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, उदय शुक्ला, जिला मंत्री धीरेंद्र दुबे एवं मनोज दुबे, जिला मीडिया प्रभारी संटू सिंह एवं नवेंदु मिश्रा, अजय सिंह, सोमेश सिंह, राकेश दुबे, राकेश तिवारी, मनदीप प्रजापति समेत जिले के सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज व पिपरा में री सर्वे पर सरकार गंभीर नहीं: कमलेश

विधायक ने प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से मिलकर पुनः रखी मांग

री सर्वे होने तक महीना में दो बार शिविर लगाकर त्रुटि दूर कराया जायेगा : प्रभारी मंत्री

बार बार कर्मियों की नियुक्ति कर री सर्वे कराने की बात कह भूमि विवाद को बढ़ा रही है सरकार

सरकार जनता को सड़क पर उतरने पर मजबूर न करे

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से बात करते कमलेश सिंह।

हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद-हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन भूमि एवं राजस्व विभाग की प्रभारी मंत्री जोबा मांझी से मिलकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के पांचों अंचलों में भूमि के ऑनलाइन करने में भारी गड़बड़ी को दुरुस्त करने की मांग दोहराई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद री सर्वे कराया जायेगा। फिलहाल त्रुटियों को दूर करने के लिए जिला से महीना में दो बार अधिकारी हुसैनाबाद जाकर शिविर लगाएंगे। विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि तीसरी बार मानसून सत्र के दौरान भी उन्होंने हुसैनाबाद, हरिहरगंज, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, पिपरा में री सर्वे कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि 1980-81 ई में हुए सर्वे को 2016-17 में ट्रायल ऑनलाइन कर भूमि मालिकों को परेशानी में डाल दिया है। ऑनलाइन इंट्री में बड़े पैमाने पर त्रुटि है, जिसे विभागीय अधिकारी भी मानते हैं। जबकि प्रभारी मंत्री जोबा मांझी ने चौथी बार भी इस मामले में रटा रटाया जवाब दिया। विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष से भी इस मामले में बात की है। उन्होंने भी समस्या के समाधान कराने का निर्देश विभागीय मंत्री को दिया है।

### विभागीय मंत्री ने उपायुक्त से की बात

विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय मंत्री को विधायक कमलेश कुमार सिंह के क्षेत्र की समस्या का निदान करने का निर्देश दिया था। मंत्री जोबा मांझी ने पलामू के उपायुक्त से इस मामले में दूरभाष पर बात की। उन्होंने विधायक कमलेश सिंह को बताया कि महीना में दो बार शिविर लगा कर म्यूटेशन समेत अन्य त्रुटि दूर की जायेगी।

### सिर पर कलश धारण करने से श्रद्धालु का आत्मा हो जाती है पवित्र



**पड़वा पलामू। पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के गोल्हना शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर परिसर से हुआ। हजारों महिला पुरुष भगवा व पीले वस्त्र पहन कर कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में हर हर महादेव, जय जय श्रीराम आदि जय घोष से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में ओमप्रकाश तिवारी शामिल थे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए कजरी शिव मंदिर के पास अमानत व कोयल नदी के संगम पर पहुंचा। पंडित सुधांशु मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के बाद श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। पंडित सुधांशु मिश्रा ने कलश यात्रा के महत्व पर बताते हुए कहा कि कलश यात्रा में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु व महेश साथ साथ 33 कोटी के देवी देवता कलश में विराजमान होते हैं।**

## सीएसआइ रांची के एआइटीआइएसएम का हुआ उदघाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। कंप्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया (सीएसआई), रांची चैप्टर और इसके अध्यक्ष अनूप प्रसाद के तत्वावधान में आयोजित इस्पात, खनन और अन्य विनिर्माण उद्योगों में स्वचालन और सूचना प्रौद्योगिकी (एआईटीआईएसएम'23): विजन 2035 का उदघाटन सोमवार को सेल कम्युनिटी हॉल, सैटेलाइट कॉलोनी, रांची में किया गया। उदघाटन मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, निदेशकों, कार्यकारी निदेशकों, वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारियों, प्रायोजकों और मीडिया की गरिमामयी उपस्थिति में गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

अपने मुख्य भाषण में कम्मा गियर फ्लाईव्हील प्रा. लिमिटेड डॉ. श्रीनिवास चगंती ने उनके बड़े पैमाने पर यांत्रिक अनुप्रयोग और 100% हरित बिजली पैदा करने के बारे में चर्चा की। लोटस वायरलेस के डॉ. मनिंदर सिंह ने संपूर्ण भारतीय समाधानों के बारे में बात की, जिसमें बड़ी चुनौतियां और उनकी सफलताएं आरंभ से अंत तक अनुकूलित समाधान शामिल हैं। टाटा स्टील की प्रस्तुति ऊर्जा बचाने और नियंत्रण प्रणालियों के एकीकरण के लिए स्वचालन पर केंद्रित थी।

### रांची विवि के 5 छात्राओं को भू-कौशल सर्टिफिकेट



रांची। सीएससी के तत्वाधान में वोकेशनल एवं शॉर्ट टर्म कोर्सेज को लेकर मंगलवार को रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और सीएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय कुमार राकेश के साथ हुई चर्चा। रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और सीएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय कुमार राकेश द्वारा 5 छात्राओं को भू-कौशल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सीएससी झारखंड के स्टेट हेड शम्भू कुमार और एजुकेशन स्टेट हेड अनुपम उपाध्याय, सीनियर एक्सक्यूटिव विक्रम वर्मा, सुमानता सेन आदि मौजूद थे। रांची विश्वविधालय से कुलसचिव डा मुकुंद चन्द्र मेहता, डॉ राजकुमार शर्मा, सीसीडीसी डा पीके झा, परीक्षा नियंत्रक डा आशीष झा, डा स्मृति सिंह आदि उपस्थित थे।

### रांची विवि के 7 शिक्षक और 3 कर्मचारी रिटायर

रांची। रांची विश्वविद्यालय के सात शिक्षक व तीन शिक्षकेत्तर कर्मचारी मंगलवार को सेवानिवृत हो गये। इनमें डॉ जीएस झा, डीएस डब्ल्यू डॉ राजेश कुमार, रसायन शास्त्र विभाग एवं पूर्व सीसीडीसी, डा बीआर झा, प्रोक्टॉर एंव हेड जियोलॉजी डॉ स्नेहलता सिंह हेड जूलॉजी,डॉ सयद अरसद असलम, डॉ कहकंशा परवीन, डॉ सुरेश पॉण्डये, उग्रेश प्रसाद सिन्हा, मो फिदा हुसैन, एवं बन्धन देवी शामिल थे। मौके पे प्रोवीसी डॉ अरुण कुमार सिन्हा, कुलसचिव डा मुकुन्द मेहता ने किया सबका स्वागत, एफओ डॉ शाहदेव, डी आर-1 डॉ प्रीतम कुमार, डा राजकुमार शर्मा,सीसीडीसी डॉ पीके झा, डा बीके सिन्हा, अजय प्रकाश, पीआरओ डॉ स्मृति सिंह एवं विवि के कर्मचारी उपस्थित थे।

### कायस्थ महासभा ने अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ता प्रो अखौरी ए सिन्हा को किया सम्मानित



रांची। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ता एवं यूनाइटेड स्टेट्स में मिनीसोटा यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अखौरी अच्युतानंद सिन्हा को सम्मानित किया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी सहाय ने आयोजित होली मिलन समारोह में अखौरी अच्युतानंद सिन्हा को शॉल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी मुकेश कुमार ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उस समय से अभी तक उनका दुर्लभ प्रजाति के समुद्री जीव और पक्षियों पर शोध जारी है। इसी खोज के लिए यूनाइटेड स्टेट्स ने अंटार्टिका में एक पर्वत का नामकरण उनके नाम पर माउंटेन सिन्हा रखा है।

## जीवन की सफलता के लिए एबीजी के पांचों वैल्यू को अपने आचरण में समाहित करने की जरूरत : मैनक

कठौतिया माइंस में वैल्यू मंथ समारोह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



पड़वा पलामू। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस परिसर में एबीजी का वैल्यू माह समारोह संपन्न हो गया। समारोह की अध्यक्षता यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने किया। मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि अपने जीवन में सफलता व संस्थान के उत्तरोत्तर विकास के लिए एबीजी के पांचो वैल्यू को अपने आचरण में समाहित करने की जरूरत है। मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि आज देश के प्रगति में हिन्डालको का भी महत्वपूर्ण योगदान है। यूनिट एचआर हेड अरूप बनर्जी ने पांचों वैल्यू को विस्तार पूर्वक से बताते हुए ईमानदारी, प्रतिबद्धता, टीम भावना व निश्चित गति के साथ साथ काम किया जाएगा तो वह काम निश्चित रूप से गुणवत्तापूर्ण तरिके से संपन्न होगा। क्वीज कंपीटिशन में प्रथम योगेश द्विवेदी, द्वितीय सुनील सिन्हा, तृतीय भीमापा कलिगी स्लोगन प्रतियोगिता में विवेक सिंह को प्रथम, रीतेश सिंह को द्वितीय एवं गौतम सिंह को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर चेतलाल विश्वकर्मा, अश्विनी कुमार, केसी मोदक, राकेश सिंह, प्रवीण सिंह, डाक्टर टी गफ्फार आदि मौजूद थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न, डीसी ने दिया अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2023 के बाद अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 39 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 8 लाख 08 हजार रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया वहीं कुल 2 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। समीक्षा के दौरान उपायुक्त दोड्डे ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना सीटीआई और लाइसेंस प्राप्त किए जिले में संचालित क्रेशर को सील करने का भी निर्देश दिया। जिससे जिले में अवैध खनन के साथ-साथ प्रदूषण पर भी नियंत्रण किया जा सके।

# पलामू जिला के 45 हेड कांस्टेबल को एएसआइ पद पर मिली प्रोन्नति

## एसपी ने नये एएसआइ को स्टार लगाकर किया सम्मानित

मिन्हाज आलम



पलामू एसपी ने पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया

मेदिनीनगर। पलामू जिला के 45 हेडकांस्टेबल को पदोन्नति का तोहफा मिला है। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को जारी किए गए आदेशों में तत्काल प्रभाव से 45 हेडकांस्टेबलों को एएसआई के पद पदोन्नति दी है। एसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पलामू एसपी ने पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामना की। मालूम हो कि जिला में हेडकांस्टेबलों को एएसआई पद पर पदोन्नति मिलने के बाद काफी हद तक जांच करने में अधिकारियों की कमी पूरी होगी जाएगी। अभी तक कई मामलों में जांच एएसआई और इससे ऊपर के अधिकारियों को दी जाती है।

प्रमोशन मिलने के बाद पुलिस प्रशासन के पास अब और 45 एएसआई रैंक के पुलिस कर्मी हो गए जिससे लंबित जांच में भी तेजी आएगी। प्रोन्नति पाने वाले में शहंशाह सिद्दीकी, भगवान सिंह, एनाम अली, प्रेम नारायण रजक, अशोक कुमार, महेंद्र कुमार, आनंद प्रसाद रजवार सहित कई एसआई उपस्थित थे।

## उंटारी रोड : बीइइओ पहुंचे मध्य विद्यालय बिरजा, छात्राओं के लगाये गये आरोप की जांच की

अमित चौधरी



मामले की जांच करते बीइइओ महेंद्र प्रजापति, मुखिया कमला देवी व अन्य।

उंटारी रोड पलामू। आओ साथ में खाना खाओ, ससुराल जा कर क्या करोगी, दुपट्टा हटाकर फिर से ओढ़ाने जैसे आरोप जिले के उंटारी रोड अंतर्गत रा० मध्य विद्यालय बिरजा के सहायक अध्यापक संजय कुमार चौधरी पर विद्यालय मे पढ़ने वाली छात्राओं ने लगाया है। जिसको लेकर बीते 25 फरवरी को ग्रामीणों और अभिवावकों ने विद्यालय में एक विशेष बैठक की गई थी।

जिसमें आरोपी शिक्षक ने ग्रामीणों और प्रधानाध्यापक के समक्ष सभी आरोपों को स्वीकार करते हुए माफी मांगा। जिसका विवरण दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था। जिसके बाद सोमवार को उंटारी रोड के बीईईओ महेंद्र प्रजापति और जोगा पंचायत की मुखिया कमला देवी विद्यालय में पहुंच कर छात्राओं से जांच में पूछताछ किया। बीईओ के समक्ष दो छात्राएं उपस्थित थी जबकि दो छात्राएं अनुपस्थित थी।

उपस्थित दोनों छात्राओं से जब बीईईओ ने पूछताछ की तो उन्होने किसी बात को स्पष्ट नहीं बताया। जिसके बाद बीईईओ चले गए। बीईईओ श्री प्रजापति के जाने के बाद जब पंचायत की मुखिया कमला ने अनुपस्थित दोनों छात्राएं को विद्यालय में बुलाई। मुखिया श्री मति देवी के समक्ष सभी छात्राओं ने कहा कि शिक्षक संजय पर दुपट्टा हटाने से लेकर ससुराल जैसे अश्लील बातें करने की बात कही। वहीं छात्राएं पत्रकारों के समक्ष भी कहा कि संजय हमलोग के साथ अश्लील बातें करते हैं। वही आरोपी शिक्षक ने सभी बातों को बेबुनियाद बताया है।

### एसकेएमयू में विज्ञान दिवस पर वैश्विक विज्ञान विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन, बोले कुलपति

# सामाजिक और वैज्ञानिक तकनीकी में समन्वय बना कर रोक सकते है ग्लोबल वार्मिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज एवं अतिथि व मुख्य वक्ता एनआईटी दुगार्पुर के एसोसिएट प्रोफेसर अनिमेष दत्ता समेत विश्वविद्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने समेत साईंस की महत्ता बताते हुए कहा कि विज्ञान के गुण हरके प्राकृतिक संपदा में विद्यमान बतायी। जो वैज्ञानिक कार्य जैसे अविष्कार हो या सामाजिक कार्य हो सभी में विज्ञान की सूक्ष्म से सूक्ष्म उर्जा समाहित होती है। वह चाहे कृषि आधारित सिंचाई की बात हो या अन्य पहलू। सभी में विज्ञान समाहित होता है और किसी न किसी प्रकार के उर्जा के प्रवाह, प्रभाव और तकनीकी से कार्यो का निष्पादन संभव बतायी। विज्ञान दिवस पर खोज करने वाले वैज्ञानिक की तरह विभिन्न विषयों और



संबोधित करती कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज

थियोरी के अविष्कारण की जयंती भी विभिन्न विभागों में मनाने का अपील की। उन्होंने पूरे एक माह विश्वविद्यालय के विभिन्न विज्ञान संकाय के छात्रों को आपस में सामंजस्य बना विज्ञान के दिशा में नए-नए खोज को प्रोत्साहित की। उन्होंने कहा कि एसकेएमयू अन्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से एमओयू कर चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय डिजिटल प्लेटफार्म विज्ञान प्रसार का पोर्टल ऐप के जरीए डाउनलोड़ कर विज्ञान से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर सकते है। पीजी और यूजी के छात्रों से स्कूल और कॉलेजों में जाकर मैट्रिक स्तर के छात्रों के बीच अपनी जानकारियां शेयर करने को कही। जिसका लाभ उनके साथ-साथ स्कूल और इंटरमीडिएट छात्रों को मिल सकेगा। कुलपति ने रसायन, भौतिक और जंतु विज्ञान के छात्रों को इस प्रकार के सामाजिक, प्रर्यावण और तकनीकी अध्ययन करने करीब एक माह तक करने को कहा। जिसका रिपोर्ट विश्वविद्यालय और विभाग को सौंपेंगे। ऐसा प्रयोग विज्ञान के छात्र के साथ अन्य विषयों के छात्रों के साथ करने की बात कही। ऐसा करने से उन्होंने भविष्य आने वाले 3 से 5 साल में ग्लोबल साईंस इन ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निजात दिलाने और प्लास्टिम मुक्त अभियान को सफल बनाने एक नया अविष्कार की असीम संभावनाएं बतायी। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने विज्ञान की आधुनिकता और नए-नए खोज आपसी समन्वय और सहयोग से ही संभव बताया। मुख्य वक्ता डॉ दत्ता ने बेहतरी और विकास के लिए विभाग के बीच अंतःविषय सहयोग के महत्व को बताया। जो भारत की राष्ट्रीय नीति के सतत विकास लक्ष्य का एक हिस्सा बताया। जिसे बड़े पैमाने पर विशेष रूप से समाज का हित सुनिश्चित होना महत्वपूर्ण बताया। अतिथि वक्ता विश्वविद्यालय के गणितज्ञ डॉ. डी. एन. गोराई ने आकाशीय यांत्रिकी के विकासात्मक इतिहास को बताया। वक्ता भौतिक शिक्षक मॉडल कॉलेज मॉडल, दुमका के प्रो राजेश कुमार ने विज्ञान के दार्शनिक पहलुओं को बताया। उन्होंने वस्तुनिष्ठ सोच की पद्धति पर जोर दिया। वक्ता पीजी रसायन विज्ञान की छात्रा अपराजिता कुमारी ने धातु विज्ञान पर रसायनशास्त्र की भूमिका बतायी। यहां बता दें कि विज्ञान दिवस वैज्ञानिक के सम्मान में मनाया जाता है। इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान के स्नातकोत्तर विभाग के छात्रों और विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्त्ता शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के चल रहे विभिन्न प्रयोगात्मक सेटअप का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ संजय सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ सदस्य, डॉ. ए. सत्तार, डॉ. एसएल बोंड्यि, डॉ. शर्मिला सोरेन, डॉ. सुजीत सोरेन, प्रो. बास्की नीरज, प्रवक्ता डॉ. संभू सिंह आदि उपस्थित थे।

## बरगद पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**जामा।** थाना क्षेत्र के नवाडीह पंचायत अंतर्गत धवाडीह गांव के पास मैदान में स्थित बरगद पेड़ से लटकता शव को पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया। शव की पहचान शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बेनागड़िया गांव 32 वर्षीय सुनील हांसदा के रूप हुई। जो अपनी बड़ी बहन शर्मिला हांसदा के घर धवाडीह गांव आया था। बहन ने बताया कि वह सोमवार की शाम गुहियाजोरी बाजार घूमने निकला था। लेकिन देर रात तक घर लौट कर नहीं आया तो बहन ने सोचा कि शायद अपने घर चला गया। लेकिन सुबह किसी ने बताया कि उसका भाई फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। जाकर देखने पर सूचना सही पाया। सूचना पर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की बहन के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

# अतिशबाजी की चिंगारी से बासुकीनाथ धाम में आधा दर्जन दुकानें जलकर खाक

### रोक के बाद बारातियों के डीजे व आतिशबाजी से लोग परेशान, स्थानीय प्रशासन बेखबर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बासुकीनाथ।** अगलगी में बीते सोमवार को बासुकीनाथ धाम में कई दुकानें जलकर खाक हो गई। अगलगी का कारण बारातियों के पटाखे से निकली चिंगारी बताया जा रहा है। सुरेश कुटीर के पास बारातियों ने पटाखे जलाये। जिससे एक के बाद एक कई दुकानों में चिंगारी से आग लग गई। आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठने लगी। देखते देखते चूड़ी लहठी मनिहारी पीतल एवं चाय पान के आधे दर्जन दुकान जलकर खाक हो गए। आग के लपेटे में बासुकीनाथ का एसबीआई ब्रांच भी आ गया। गनीमत रही कि आग पर काबू पा लिया गया। फिर भी एसबीआई शाखा की दो एसी सोलर पैनल एवं जिओ टावर जल गया। अगलगी से चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। वैवाहिक स्थल सुरेश कुटीर में ठहरे बाराती



धू-धूकर जलती दुकानें।

के शरात पर आक्रोशित लोगों का भीड़ टूट पड़ा। गुस्साए लोग धर्मशाला में रखे कुर्सी टेबल पर अपना भड़ास निकाला और तोड़फोड़ की। जिससे दर्जनों टेबल कुर्सी को क्षति पहुंची। उधर इस घटना के बाद आग बुझाने पहुंची दमकल की गाड़ी को आक्रोशित भीड़ ने रोक दिया। स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। इसी बीच कृषि मंत्री बादल भी घटनास्थल पर पहुंच पीड़ितों को सांत्वना दिया। कृषि मंत्री ने पीड़ित दुकानदारों को सरकारी प्रावधानों के मुताबिक संपूर्ण सुविधा का भरोसा दिलाया। इस तरह की घटना की पुनरावृति से बचने के लिए बासुकीनाथ में डीजे एवं आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। वहीं आगजनी को लेकर ब्रांच मैनेजर मनीष प्रिय बैंकिंग कार्य प्रभावित होने के साथ तीन से चार लाख तक नुकसान की बात कही हैं। दरअसल बासुकीनाथ धाम बीते कुछ वर्षों से झारखंड-बिहार एवं पड़ोसी बंगाल का मैरिज हब बना हुआ है। लोगों के पसंदीदा वैवाहिक स्थल बन जाने से यहां लगन के सीजन में रोज दर्जनों जोड़ी विवाह के बंधन में बंधते हैं। इसी क्रम में लोग डीजे और पटाखे जलाते है। जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का समाना करना पड़ता है। मालूम हो कि बासुकीनाथ में रात 10 बजे के बाद डीजे एवं आतिशबाजी पर प्रशासनिक प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बावजूद ऐसी घटना स्थानीय पुलिसिंग की पोल खोल रही है। बासुकीनाथ में अग्निकांड की घटना के पीड़ित दुकानदारों को कृषि मंत्री ने सहायता राशि भिजवाया। कृषि मंत्री ने पीड़ित दुकानदारों के सहायता के लिए कुल 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद भेजा है।

## चक्रधरपुर के पारा शिक्षकों के सेवा सत्यापन को लेकर हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के पारा शिक्षकों( सहायक अध्यापक ) के मानदेय में चार फीसद वृद्धि को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बैठक हुई। बैठक में पारा शिक्षकों के संतोषजनक सेवा सत्यापन पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान कई पारा शिक्षकों के के मानदेय में चार फीसद के वृद्धि पर मुहर लगाई गई। मालूम हो कि चक्रधरपुर प्रखंड में इंटर पास पारा शिक्षकों की संख्या 117 एवं स्नातक पास के 51 है। इंटर पास पारा शिक्षकों की सेवा सत्यापन पंचायत स्तरीय समिति एवं स्नातक पास शिक्षकों का प्रखंड स्तरीय समिति ने चर्चा के बाद



मानदेय वृद्धि पर मुहर लगाई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मनोज कुमार सिन्हा, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी अविनाश राम, मुखिया सेलाय मुंडा, अरविंद तिग्गा, सोमनाथ कोया, मेलानी बोदरा, आंति सामाड, रूकमणि मोदिन, शांति देवी, समीना गागराई, जंगल सिंह गागराई, पंचायत सचिव श्याम सुंदर महतो, सोहन महतो, दिलीप महतो के अलावा विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी के आरोपी ने विभाग के कर्मियों के साथ किया दुर्व्यवहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर अनुमंडल के मनोहरपुर में संवेदक नंदलाल गुप्ता व उनके पुत्र सौरभ गुप्ता ने बिजली विभाग के कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी है। इसे लेकर मनोहरपुर के सहायक अभियंता सुभाष प्रसाद ने थाने में पिता-पुत्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मनोहरपुर थाना को दिए लिखित शिकायत में सहायक अभियंता ने बताया है कि 27 फरवरी दिन सोमवार को मैं एवं मेरी टीम जिसमें सुमित कुमार आलोक (कार्यालय सहायक) दिनेश कुमार लोहरा (कनीय सारणी पूरूष) सुजीत महतो (ऊर्जा मित्र) नारायण राम हो, सत्यवाहन नायक, एवं सूरज लाल पूर्ति शामिल थे। विभाग के राजस्व संग्रहण एवं विद्युत संबंध विच्छेद का कार्य मनोहरपुर बाजार क्षेत्र में कर रहे थे। इस दौरान समय लगभग ढाई बजे में जब हमारी टीम पंकज गुप्ता के आवास पर पहुंची तो उनके द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने पर उनका विद्युत संयोजन विच्छेद कर दिया गया। तत्पश्चात हमारी टीम आगे पोस्ट ऑफिस के निकट कार्यरत थी। इस दौरान अचानक से नंदलाल गुप्ता एवं उनका पुत्र सौरम गुप्ता पहुंचे और लाईन जाड़ने के लिए अभद्र व्यवहर करते हुए दबाव बनाने लगे। इस पर जब मेरे द्वारा बिना बकाया राशि जमा किये लाईन जोड़ने से इनकार किया गया तो नंदलाल गुप्ता एवं उनके पुत्र द्वारा मेरे एवं मेरे टीम के साथ गाली-गलौज एवं धक्का-मुक्की किया गया। नंदलाल गुप्ता द्वारा हाथ में जूता निकालकर हवा में लहरते हुए मुझे एवं टीम में शामिल सदस्यों को मारने की कोशिश की गई। साथ ही उनके द्वारा जान से मार देने की धमकी देने के साथ-साथ फिल्ड में जान मरवा देंगे, उठवा देंगे. 6 इंच छोटा कर देंगे आदि तथा राजनीतिक रसूख का हवाला देते हुए नौकरी खा जाने एवं महिला के साथ छेड़खानी एवं अभ्रदता का गलत आरोप लगा कर मेरे ऊपर उल्टा गलत कैसे कर देने की धमकी भी दी। इस महमागहमी के दौरान श्री गुप्ता द्वारा मेरे कार्यालय सहायक सुमीत कुमार आलोक का कॉलर पकड़कर जान से मारने की धमकी भी दी।

# सुरक्षित रहे ओशो की समाधि, न बेचा जाए आश्रम : मां अनिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पुणे स्थित ओशो की समाधि सुरक्षित रहे और यह आश्रम न बिके, इसके लिए देश के हर राज्य से सन्यासी 21 मार्च को पुणे पहुंच रहे हैं। झारखंड से लगभग 20 सन्यासी जा रहे हैं। यह कहना है मां अनिता का। आश्रम बचाने के लिए बनायी गयी कमेटी में झारखंड कॉर्डिनेटर मां अनिता ने बताया कि 21 मार्च को पुणे में देश-विदेश से आए सन्यासी नाच गाकर ध्यान करके प्रदर्शन करेंगे और विरोध करेंगे। उनकी मांग है कि आश्रम को ना बेचा जाए। ओशो ने जो माला दीक्षा में पहनाई थी, वह माला पहन कर आश्रम के भीतर जाने दिया जाए। ओशो के चित्र को आश्रम में लगाया जाए। जो पांच समाधि आश्रम के भीतर हैं, उन्हें इज्जत दी जाए।



उल्लेखनीय है कि पुणे के कोरेगांव पार्क में ओशो का एक विश्वस्तरीय मुख्य ध्यान केंद्र है, जो रजनीश आश्रम के नाम से प्रसिद्ध है। विगत 20 वर्षों से इसे ओशो इंटरनेशनल मैडिटेशन रिसोर्ट के नाम से जाना जाता है। पहले यहां सौ से अधिक देशों के हजारों लोग आते रहे हैं। इस केंद्र का संचालन भारतीय ट्रस्टी ओशो इंटरनेशनल फाउंडेशन करती है। लेकिन ये मात्र दिखावा है। इसी नाम का एक दूसरा ट्रस्ट करीब 25 वर्षों पहले जूरिख में रजिस्टर्ड किया गया। जूरिक में इसके 4 सदस्य विदेशी हैं। एक भारतीय है जिसका अमेरिकन पासपोर्ट है और इस इन पांच सदस्यों ने मिलकर जूरिख में रजिस्टर्ड अपने ट्रस्ट को ओशो का मुख्यालय घोषित करके ओशो की समुचित बौद्धिक संपदा का एकाधिकार कर लिया और भारत में स्थित ओशो इंटरनेशनल फाउंडेशन को अपने अधीन कर लिया। मां अनिता बताती हैं कि जूरिख वालों ने ओशो का एक फर्जी वसीयतनामा भी बनवा लिया, जिसकी फॉरेंसिक क्राइम ब्रांच में जांच हुई और पता चला कि ओशो के हस्ताक्षर नकली है। फिर भी वह पुणे स्थित आश्रम को कंट्रोल करते हैं। ओशो की समस्त बौद्धिक संपदा पर कंट्रोल करते हैं। रॉयल्टी आदि की सारी आमदनी विदेशों में रख लेते हैं। यह सब पिछले 25 वर्षों से हो रहा है। लगभग 70 भाषाओं में अनुवादित ओशो की 650 पुस्तकों की बिक्री का धन विदेश में इन ट्रस्टियों की निजी कंपनियों में रख लिया जाता है। भारत में ओशो का आश्रम इससे वंचित रह जाता है। पुणे आश्रम की जानबूझ कर उपेक्षा की गयी और प्रचारित किया गया कि आश्रम में अब बहुत लोग नहीं आते, इस कारण यह घाटे में है, इसलिए इसके एक हिस्से को बेचने की जरूरत है। उनलोगों ने बजाज ग्रुप के मालिक राजीव नयन बजाज से 107 करोड़ में सौदा कर 50 करोड़ रूपये एडवांस भी ले लिया।

ओशो दीवाने झारखंड की मां अनीता, मां मधुरिमा , मां शालू, स्वामी राजकुमार ने कहा - भारत के ओशो शिष्यों के दिल को इससे बहुत चोट लगी कि उनके गुरु के आश्रम के एक हिस्से को बेचा जा रहा है। आश्रम में जहां ओशो की समाधि है, उनके शिष्यों की भी पांच समाधियां है। उनके रखरखाव में भी उपेक्षा हो रही है। उन समाधियों पर काला कपड़ा बिछा रहता है। मां अनिता ने बताया कि ओशो की समाधि पर जाने के लिए प्रतिदिन का शुल्क 970 रुपये वसूला जाता है। भारत में कहीं भी ऐसा नहीं होता है, जहां गुरु की समाधि के दर्शन के लिए अथवा वहां मौन ध्यान में आधा घंटा बैठने के लिए इतना शुल्क देना पड़े। इन बातों को लेकर देश भर में ओशो सन्यासियों में नाराजगी है और वे चरणबद्ध आंदोलन शुरु कर रहे हैं।

## एक नजर में

### एसपी कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**दुमका।** एसपी कॉलेज में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के आधुनिक व स्वदेशी तकनीक पर तैयार मॉडल और प्रोजेक्ट पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन मंगलवार को किया। छात्र रचनात्मक प्रतिभा और तीव्र बुद्धिमता से जटिल संरचना पर आधारित संयंत्र के बेहतर तकनीक के जरिए आसान तरीके से मॉडल प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदर्शनी का उद्घाटन एसकेएमयू के डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह ने फीता काट किया। डीएसडब्लू एवं कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा ने छात्रों के प्रतिभा और हुनर को सराहा। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक मॉडल तैयार किया। जिसमें रसायनशास्त्र, जंतु विज्ञान, वनस्पति शास्त्र विभाग एवं भौतिकी विभाग के छात्रों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएसडब्लू ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी आमतौर पर छात्रों द्वारा तैयार और प्रस्तुत की जाने वाली विज्ञान परियोजनाओं की एक प्रदर्शनी है। छात्रों को रुचि पूर्ण अधिगम और व्यवहारिक गतिविधियों में संलग्न करने के लिए इन प्रदर्शनों को समय के नियमित अंतराल पर आयोजित किया जाना चाहिए। कुलसचिव ने विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना बताया। जिससे उनकी रचनात्मकता को अच्छी तरह से पोषित किया जा सके। साथ ही उनके साथी अपने सहपाठियों द्वारा किए गए नवाचार की सराहना करने में सक्षम होंगे। जो उन्हें भी किसी प्रकार से ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने प्रदर्शनी के उद्देश्य से बच्चों को अवगत कराया।

### छात्राओं को बताई गई विज्ञान की महत्ता

**दुमका।** एसपी महिला कॉलेज में विज्ञान दिवस मंगलवार को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रीना लकड़ा ने की। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी एक व्यक्ति में वैज्ञानिक छुपा है। आवश्यकता है उसे निखारने और सामने लाने की। उन्होंने नए-नए खोज को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर डॉ अविनाश सोरेन, डॉ उमा भारती, डॉ हनीफ, डॉ महाश्वेता, प्रो ज्योत्सना बा ने विज्ञान की महता बताया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता छात्राओं के बीच आयोजित हुई। छात्राओं ने कई 3 डी मॉडल प्रस्तुत की। रंगाली बना पानी और धरती को बचाने का संदेश दी। विज्ञान वरदान या अभिशाप पर अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जंतु विज्ञान शिक्षिका डॉ खुशबु तिग्गा ने की।

### इंजीनियरिंग कॉलेज पर विज्ञान पखवारा का आयोजन

**दुमका।** टेक्नों इंडिया इंजीनियरिंग कॉलेज में विज्ञान दिवस पर भावी इंजीनियरिंग छात्रों ने एक-एक नए अविष्कार प्रदर्शनी लगाया। कॉलेज के विभिन्न ट्रेड के छात्रों ने प्रर्यावरण संरक्षण, 3 डी मॉडल समेत विभिन्न तकनीकी अविष्कार पर मॉडल प्रस्तुत किया। छात्रों के बीच विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को कॉलेज प्रशासन ने सम्मानित किया। यहां बता दें कि कॉलेज में विज्ञान पखवारा 22 फरवरी से आयोजित है। जिसका समापन मंगलवार को विज्ञान दिवस पर हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ गणेश, रतन कुमार बोस, पंकज सरकार, राजू गोस्वामी, अर्नव घोष, देवव्रत कुमार दास, सप्तऋषि सरकार, प्रशासनिक पदाधिकारी अभिषेक मुखर्जी एवं जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान चला कर लोगों को किया गया जागरूक

**हंसडीहा।** सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता अभियान के तहत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को हँसडीहा पुलिस के द्वारा हंसडीहा गांधी चौक पर जागरुकता रैली निकाला गया। रैली के दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया यातायात नियमों का पालन करके दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। आप सुरक्षित रहेंगे तो आपका परिवार भी सुरक्षित रहेंगे।किसी भी तरह का नशा करके वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें। हमेशा वाहन की रफ्तार कम रखें। यात्रा करते समय ड्राइविंग लाइसेंस व वाहन से संबंधित वैध कागजात अपने साथ रखें।इस दौरान एसआई सचिन मिश्रा, मनोज सिंह, मशीलाल सोरेन सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### विज्ञान दिवस: एसकेएमयू में वैश्विक विज्ञान विषय पर सेमिनार का आयोजन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज एवं अतिथि व मुख्य वक्ता एनआईटी दुगार्पुर के एसोसिएट प्रोफेसर अनिमेष दत्ता समेत विश्वविद्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने समेत साईंस की महत्ता बताते हुए कहा कि विज्ञान के गुण हरके प्राकृतिक संपदा में विद्यमान बतायी। जो वैज्ञानिक कार्य जैसे अविष्कार हो या सामाजिक कार्य हो सभी में विज्ञान की सूक्ष्म से सूक्ष्म उर्जा समाहित होती है। वह चाहे कृषि आधारित सिंचाई की बात हो या अन्य पहलू। सभी में विज्ञान समाहित होता है और किसी न किसी प्रकार के उर्जा के प्रवाह, प्रभाव और तकनीकी से कार्यो का निष्पादन संभव बतायी। विज्ञान दिवस पर खोज करने वाले वैज्ञानिक की तरह विभिन्न विषयों और थियोरी के अविष्कारण की जयंती भी विभिन्न विभागों में मनाने का अपील की। उन्होंने पूरे एक माह विश्वविद्यालय के विभिन्न विज्ञान संकाय के छात्रों को आपस में सामंजस्य बना विज्ञान के दिशा में नए-नए खोज को प्रोत्साहित की। उन्होंने कहा कि एसकेएमयू अन्य विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से एमओयू कर चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय डिजिटल प्लेटफार्म विज्ञान प्रसार का पोर्टल ऐप के जरीए डाउनलोड़ कर विज्ञान से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कर सकते है। पीजी और यूजी के छात्रों से स्कूल और कॉलेजों में जाकर मैट्रिक स्तर के छात्रों के बीच अपनी जानकारियां शेयर करने को कही। जिसका लाभ उनके साथ-साथ स्कूल और इंटरमीडिएट छात्रों को मिल सकेगा।

### पत्नी के हत्यारे पति को न्यायालय ने दिया दोषी करार, आजीवन कारावास की सजा व जुर्माना

**दुमका।** विवाहिता की हत्या मामले में न्यायालय ने पति को दोषी करार देते हुए सश्रम कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। फैसला व्यवहार न्यायालय के डीजे वन रमेश चन्द्रा की अदालत ने मंगलवार को सुनाया है। पत्नी के हत्या मामले में न्यायालय ने दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा और 10 हजार रुपए नगद जुमार्ना किया है। जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के स्थिति में तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त मसलिया थाना क्षेत्र के चरकापाथर गांव निवासी पति सुशील मुर्मू है। अदालत ने सत्र वाद संख्या 97/2016 में भादवी की धारा 302 में सजा के बिंदु पर दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद पत्नी की हत्या मामले में दोषसिद्ध आरोपी सुशील मुर्मू को सश्रम आजीवन कारावास एवं जुमार्ना किया है। मामले में 7 गवाहों की गवाही पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। मामले में सरकार की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक चम्पा कुमारी पैरवी एवं बचाव पक्ष से आशुतोष बोस बहस कर रहे थे।

**क्या था मामला** : जिले मसलिया थाना क्षेत्र के दुधीचुंआ निवासी सूचक नुनुधन सोरेन ने आवेदन देकर बेटी सोरोमती सोरेन को बेरहमी से लाठी-डंडा से पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए संबंधित थाना में लिखित शिकायत 12 फरवरी 2016 को किया था। पुलिस मामले में भादवि की धारा 302 के तहत मसलिया थाना में कांड संख्या 08/2016 दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजी थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सूचक ने बताया था कि 16 वर्ष पूर्व संताली रीति-रिवाज से बेटी सोरोमति सोरेन की शादी थाना क्षेत्र के चरकापाथर गांव निवासी सुशील मुर्मू से किया था। आरोपी दामाद सुशील मुर्मू ने 12 फरवरी 2016 को सूचक के बेटे फिलिप सोरेन को फोन पर उसकी बहन की बीमारी से मौत हो जाने की सूचना दी।





# तीसरे टेस्ट में भी गरजने को तैयार भारत के रणबांकुरे

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट आज सुबह 9:30 से : स्टीव स्मिथ करेंगे कंगारू टीम की कप्तानी



इंदौर। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे मैच के लिए पूरी तरह से तैयार है। सीरीज में अब तक दो मैच खेले जा चुके हैं। इन दोनों ही मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह से हराया है। सीरीज का पहला मैच नागपुर में खेला गया था जिसमें टीम इंडिया ने पारी और 132 रनों से जीत हासिल की थी। वहीं दूसरा टेस्ट मैच दिल्ली में खेला गया था इस मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट पटखनी दी थी। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की टीम सीरीज में 2-0 से पिछड़ने की बाद अब तीसरे टेस्ट में वापसी की कोशिश जरूर करेगी। हालांकि पिछले दो मैचों को देखें तो मेहमान टीम हर विभाग में भारत से पीछे रही है। वहीं तीसरे मुकाबले में भी भारतीय टीम अपने उसी दबदबे को कायम रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। हालांकि उससे पहले आइए जानते हैं तीसरे टेस्ट से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां।

## कैसा रहेगा इंदौर टेस्ट के दौरान मौसम का मिजाज, क्या अपने ही जाल में फंसेगा भारत?

एजेंसी

**इंदौर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया सीरीज में 2-0 की बढ़त बना चुकी है और खिताब को अपने अपने पास ही बरकरार रखा है। ऐसे में तीसरे टेस्ट मैच भी टीम इंडिया की कोशिश होगा कि वह अपने विजय अभियान को जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलिया को हराए। सीरीज में लगातार दो मैच में हारने के बाद भी मेहमान टीम के लिए मुश्किलें कम नहीं हुआ है। कप्तान पैट कमिंस के बाद ओपनर बल्लेबाज डेविड वॉर्नर सीरीज से बाहर हो चुका है। वहीं होल्कर स्टेडियम में भारतीय टीम के रिकॉर्ड को देखें तो वह भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इस मैदान पर भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाजों का प्रदर्शन धमाकेदार रहा है। ऐसे में आइए जानते हैं तीसरे टेस्ट मैच के दौरान कैसा रहेगा मौसम का मिजाज और कैसी है यहां पिच।

### कैसा रहेगा मौसम का मिजाज?

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में 1 मार्च से खेला जाएगा। वहीं मौसम बड़ी तेजी से अपना करवट बदल रहा है। गर्मी की तपिश बढ़नी शुरू हो चुकी है। वहीं दिन के अधिक तापमान 33 से 34 डिग्री रहने की उम्मीद है जबकि न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहेगा। वहीं खेल के पहले दिन आसमान में बादल छाए रहने की उम्मीद है लेकिन बारिश की संभावना ना बराबर है। इसके अलावा हर दिन तापमान में वृद्धि होने के ही आसार बताए जा रहे हैं। ऐसे में मेहमान टीम के सामने स्पिन आक्रमण के अलावा यहां के मौसम की मार को झेलनी पड़ेगी। इंदौर के बीच को लेकर यह कहा जा रहा है कि स्पिन गेंदबाजों के लिए मददगार होगा। इसके अलावा बल्लेबाजों के लिए रन बनाने में भी काफी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ेगा लेकिन स्पिनरों के सामने चुनौती जरूर होगी। वहीं पिच पर घास रहने की उम्मीद है लेकिन लगातार पानी डाल कर दोनों छोड़ के गढ़े को सपाट कर दिया गया है। नागपुर और दिल्ली टेस्ट मैच सिर्फ तीन दिन में खत्म हो गया था। ऐसे में इंदौर में काली मिट्टी की पिच पर मैच कराए जाने की उम्मीद है। इंदौर स्टेडियम में दोनों तरह की पिच है लेकिन टेस्ट को रोमांचक बनाने के लिए ऐसा बनाया जा रहा है कि कम से कम तीन दिन में मुकाबला खत्म ना हो।



## आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 में क्वालीफाई करने वाली टीमें

**दुबई।** आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के समापन के बाद, 2024 में खेले जाने वाले टूनार्मेंट के अगले संस्करण के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमों का निर्धारण हो गया है। योग्यता प्रक्रिया के अनुसार, प्रत्येक समूह की शीर्ष तीन टीमों ने सीधे योग्यता अर्जित कर ली है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका लीग चरण में ग्रुप 1 की शीर्ष तीन टीमों के रूप में सीधे योग्यता अर्जित करने वाली टीमें हैं, जबकि इंग्लैंड, भारत और वेस्टइंडीज ने समान रूप से ग्रुप 2 से क्वालीफाई किया है। बांग्लादेश टूनार्मेंट के नौवें संस्करण का मेजबान है, जिसके कारण उसने टूनार्मेंट के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है।

## इंदौर में घंटी बजाकर होगी भारत और ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट मैच की शुरूआत

**इंदौर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच की शुरूआत घंटी बजाकर की जाएगी। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी आरआर पटेल ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि इस टेस्ट मैच के अवसर पर विशेष रूप से होलकर स्टेडियम स्थित खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम के सामने एक बड़ी पीतल की घंटी लगाई गई है। हर दिन खेल शुरू होने से पांच मिनट पहले खेल से जुड़ी हस्तियां घंटी बजाकर खेल शुरू होने का संकेत देंगी। ज्ञातव्य है कि घंटी बजाकर मैच शुरू करने की परम्परा लार्ड्स लंदन और ईडन गार्डन कोलकाता सहित कई मैदानों द्वारा निभाई जाती है। इस टेस्ट मैच के पूर्व दोनों कप्तानों, एमपीसीए के पदाधिकारी, संजय जगदाले और रिचर्ड होलकर की उपस्थिति में भारत के पहले टेस्ट कप्तान स्व. सीके नायडू की प्रतिमा का अनावरण भी किया जाएगा।

## एक्सीडेंट के बाद पंत का पहला इंटरव्यू

**नयी दिल्ली।** एक्सिडेंट के बाद ऋषभ पंत ने मीडिया से पहली बार बातचीत की। ऋषभ पंत ने कहा कि वह तेजी से ठीक हो रहे हैं। इस मुश्किल घड़ी में साथ देने वालों का शुक्रिया अदा किया। साथ ही कहा कि वह इस यात्रा में आगे की चुनौतियों के लिए तैयार हैं। भगवान का शुक्रिया अदा करना नहीं भूले। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे अब जिंदगी को देखने का नया नजरिया मिल गया है।

### छोटी-छोटी चीजों में आनंद लेता हूं

पंत, 'आज मैं जीवन का पूरी तरह से आनंद लेने पर विश्वास करने लगा हूं, इसमें वो छोटी-छोटी चीजें शामिल हैं, जिन्हें हम अपनी दिनचर्या में नजरअंदाज कर देते हैं। आज हर कोई कुछ खास हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, लेकिन हम उन छोटी-छोटी चीजों का आनंद लेना भूल गए हैं जो हमें हर दिन खुशी देती हैं। हादसे के बाद, मुझे हर दिन अपने दांतों को ब्रश करने के साथ-साथ धूप में बैठने में भी खुशी मिलती है। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास करते समय, ऐसा लगता है जैसे हमने जीवन में नियमित चीजों को महत्व नहीं दिया है। यह मेरे लिए एक सीख है।'

### क्रिकेट को कितना मिस कर रहे?

पंत कहते हैं कि, 'बता पाना मुश्किल है, क्योंकि मेरा जीवन क्रिकेट के लिए है, लेकिन मैं अब दोबारा अपने पैरों पर खड़ा होने पर फोकस कर रहा हूं। मैं सुबह उठता हूं और फिर मैं अपने फिजियोथेरेपिस्ट के साथ दिन का पहला फिजियोथेरेपी सत्र लेता हूं। इसके बाद, मैं दूसरे सत्र के लिए खुद को तरोताजा करने के लिए थोड़ा आराम और समय लेता हूं। मैं अपना दूसरा सत्र जल्द ही शुरू करता हूं। मैं कितना दर्द सह सकता हूं, इसके अनुसार ट्रेनिंग लेता हूं। शाम को फिजियोथेरेपी का तीसरा सत्र लेता हूं। मैं धूप में भी बैठने की कोशिश करता हूं।

## मारकंडे के स्थान पर मुलानी टीम में शामिल

**मुंबई।** अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने 2021-22 रणजी ट्रॉफी चैंपियंस मध्य प्रदेश के खिलाफ ईरानी कप के लिए शेष भारत (आरओआई) की टीम में चोटिल मयंक मारकंडे के स्थान पर ऑलराउंडर शम्स मुलानी को शामिल किया है। मयंक मारकंडे को ट्रेनिंग के दौरान दाहिनी तर्जनी में चोट लग गई और वह टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। शेष भारत (आरओआई) की टीम ग्वालियर के कप्तान रूप सिंह स्टेडियम, में 1-5 मार्च, 2023 तक 2021-22 रणजी ट्रॉफी चैंपियंस मध्य प्रदेश से भिड़ेगी।

## फीफा पुरस्कार: वर्ष 2022 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए लियोनेल मेसी और एलेक्सिया पुटेलस

एजेंसी



**पेरिस।** विश्व कप विजेता कप्तान लियोनेल मेसी को 27 फरवरी को पेरिस में आयोजित द बेस्ट फीफा फुटबॉल अवाड्र्स 2022 में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया है। मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने ऐतिहासिक विश्व कप 2022 का खिताब जीता था। मेसी ने फ्रांस के काइलियन एम्बाप्पे और करीम बेंजेमा को हराकर यह पुरस्कार जीता। मेसी ने फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना के लिए सात गोल किए थे और केवल एक गोल से गोल्डन बूट से चूक गए है। मेसी ने दूसरी बार यह खिताब जीता है, इससे पहले उन्होंने 2019 में पहली बार यह खिताब अपने नाम किया था। मेसी ने रिकॉर्ड सात बैलन डी'ओर पुरस्कार भी जीते हैं। पुरस्कार जीतने के बाद मेसी ने कहा, यह आश्चर्यजनक है। यह एक जबरदस्त वर्ष था और यह पुरस्कार जीतना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं स्कालोनी और मेरे साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं; उनके बिना, मैं यहां नहीं होता। मैंने वह सपना हासिल किया जिसकी मैं इतने लंबे समय से उम्मीद कर रहा था और आखिरकार, मैंने इसे हासिल कर लिया। एफसी बार्सिलोना फेमेनी की स्पेनिश मिडफील्डर एलेक्सिया पुटेलस को एक सफल वर्ष के बाद लगातार दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी चुना गया है। मैरी एर्प्स को एक साल के बाद सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर चुना गया है। अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को फीफा विश्व कप 2022 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर का पुरस्कार मिला। अंग्रेजी राष्ट्रीय टीम की प्रबंधक सरीना विगमैन को इंग्लैंड को यूरोपीय गौरव और उसके बाद लगातार दूसरे यूईएफए यूरो खिताब दिलाने के लिए सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच चुना गया, जबकि अर्जेंटीना के बॉस लियोनेल स्कालोनी को सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच की ट्रॉफी दी गई।

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड पर एक रन से दर्ज की रोमांचक जीत

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने फॉलो ऑन खेलने के बावजूद इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में रोमांचक अंदाज में पांचवें और अंतिम दिन वेलिंगटन में एक रन से पराजित कर दिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में ऐसा करने वाली चौथी टीम बन गई जिसने फॉलो ऑन खेलने के बाद जीत हासिल की। बता दें कि यह सीरीज 1-1 से ड्रॉ हो गई। कीवी टीम के कप्तान टिम साउदी और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के बीच ट्रॉफी शेयर की गई है। जिसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। इसी के साथ मैच की बात करें तो तेज गेंदबाज नील वेगनर (4/62) न्यूजीलैंड की जीत के हीरो रहे। उन्होंने जेम्स एंडरसन को लेग साइड में विकेटकीपर के हाथों कैच करा कर न्यूजीलैंड को ऐतिहासिक जीत दिलाई। मेजबान टीम की उम्मीदें उस समय पस्त हो गई थीं जब इंग्लैंड ने 08 विकेट पर 435 रन बनाकर पारी घोषित के जवाब में उनको (न्यूजीलैंड) 209 रन पर सिमटा दिया था और कीवी टीम को फॉलो ऑन खेलने के लिए मजबूर किया था।हालांकि केन विलियम्सन के चौथे दिन 26वें टेस्ट शतक ने न्यूजीलैंड को खेल में बरकरार रखा। ऐसे में इंग्लैंड को जीत के लिए 258 रन का लक्ष्य मिला और वे उस समय पूरी तरह से नियंत्रण में नजर आ रहे थे जब जो रूट (95) और बेन स्टोक्स (33) क्रीज पर थे और इंग्लैंड को 60 रनों से कम की जरूरत थी। लेकिन वेगनर और टिम साउदी (3/45) ने शानदार गेंदबाजी की और न्यूजीलैंड को दो मैच की सीरीज 1-1 से बराबर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड इस तरह चौथी टीम बन गई जिसने फॉलोआन खेलने के बाद जीत हासिल की। इससे पहले 2001 में भारत ने कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अविश्वसनीय जीत हासिल की थी। न्यूजीलैंड की एक रन की जीत का अंतर टेस्ट क्रिकेट इतिहास में दूसरा मौका है जब मैच का फैसला इतने कम अंतर से हुआ है। इससे पहले वेस्ट इंडीज ने 1983 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में एक रन से जीत हासिल की थी। यह मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं था क्योंकि न्यूजीलैंड और इंग्लैंड दोनों ही जून के फाइनल की होड़ से बाहर हो चुके हैं।

टेस्ट इतिहास में दूसरी बार हुआ यह कारनामा




## नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में 22 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। उसका शव कमरे के भीतर पंखे से लटका मिला। मामला सदर थाना क्षेत्र के सुस्ता की है। घटना के बाद इलाके के सनसनी फैल गई। मौके पर स्थानीय लोगो की भिड़ जुट गई। लोगो ने मामले की जानकारी सदर थाने की पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची सदर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। शव को फंदे से उतारा। फिर, कमरे की जांच की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका 22 वर्षीय प्रियंका कुमारी थी। मामले में सदर थाने के दारोगा राम विनोद राय ने बताया की घटना की जानकारी पर जांच की गई हैं। महिला के पति और सास ससुर से पूछताछ की जा रही है।

## नवादा में मरीज की मौत पर हॉस्पिटल में बवाल

**नवादा।** नवादा के सदर अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजन ने जमकर हंगामा किया है। वहीं ड्यूटी में तैनात रहे डॉ मनोज कुमार के साथ भी हाथापाई करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। मारपीट की घटना को देखते हुए ड्यूटी में मौजूद सभी लोगों ने अस्पताल छोड़कर भाग गए। वही मौके पर स्थानीय लोगों ने तुरंत आपातकालीन सेवा 112 पुलिस पर फोन करके बुलाया। इसके बाद पूरे मामले को शांत कराया गया। वहीं डॉ मनोज कुमार ने कहा कि वीआईपी कॉलोनी मोहल्ला के रहने वाले धर्म शीला देवी नामक एक मरीज अस्पताल में भर्ती हुई और उसी दौरान इलाज के क्रम में मौत हो गया मरीज को उल्टा सास चल रहा था। और मरीज की स्टेटमेंट की जा रही थी लेकिन ट्रीटमेंट के पहले ही मरीज की तुरंत मौत हो गई।

## रिटायर्ड दारोगा के बेटे की हत्या

शिवहर। शिवहर में एक रिटायर्ड दरोगा के बेटे की लाश नदी के पास खेत में मिली है। दोनों हाथ काटने के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को बागमती नदी के पास फेंक दिया गया। परिजन ने बताया कि बीती रात आदित्य एक रिश्तेदार के यहां बारात में गया था। देर रात बारात से लौटने के दौरान उसकी बेरहमी से हत्या की गई। जब गांव के कुछ लोग मंगलवार दोपहर खेत की तरफ गए। खून से लथपथ एक युवक का शव पड़ा हुआ था। उसके दोनों हाथ कटे हुए थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पूरनहिया थाने की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची।

## शहीद बेटा का स्मारक बनाने पर पिता को जेल

**हाजीपुर (वैशाली)।** बिहार पुलिस ने गलवान घाटी में शहीद के पिता के साथ कुख्यात अपराधियों जैसा व्यवहार किया। पिता की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने सरकारी जमीन पर शहीद बेटे की याद में स्मारक बना दिया था। पुलिस रात के अंधेरे में शहीद के घर पहुंची। पिता को जबरन गाड़ी में बिठाकर थाने लेकर आई। मारपीट के बाद जेल भेज दिया। इसके बाद से हिंदू संगठनों ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूरा मामला वैशाली जिले के जंदाहा थाने की मुकुंदपुर भात पंचायत के चकफतह गांव का है।

# बिहार बजट :10 लाख नौकरियों की बात

एजेंसी

**पटना।** बिहार सरकार ने बजट में 10 लाख नौकरियों देने की बात दोहराई। वित्त मंत्री विजय चौधरी ने बीपीएससी से लेकर पुलिस में बंपर भर्तियों का ऐलान किया। वित्त मंत्री ने कहा कि बीपीएससी से 49 हजार, बीटीएससी में 12 हजार और बीएसएससी में 29 सौ भर्तियां होंगी। पुलिस में विभिन्न पदों पर 75 हजार नियुक्ति की जाएगी। शिक्षा विभाग में नई भर्तियों की भी बात कही। बजट में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं पर फोकस रहा। वित्त मंत्री इस बार लाल रंग की जगह मैरून कलर का सूटकेस लेकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। पिछले साल से 24 हजार करोड़ ज्यादा का बजट पेश किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2 लाख 61 हजार 885 करोड़ का बजट पेश किया। साल 2022-23 में बजट 2,37,691 करोड़ का था।



### 10 साल में 3 गुना बजट बढ़ा

वित्त मंत्री ने कहा कि 10 सालों में बजट का आकार 3 गुना बढ़ा है। बिहार की आर्थिक वृद्धि दर 10.98 फीसदी रही। जब कि देश की आर्थिक वृद्धि दर 6 फीसदी रही। देश दुनिया में बिहार की स्थिति बहुत अच्छी है। बहुत जल्द हम 1 नंबर पर होंगे। हमारी विकास दर हमेशा 10 से ऊपर ही रहने वाली। ये राज्य की योजनाओं की वजह से है। सरकार की नीतियों की वजह से ये संभव हो पाया है। 10 सालों में बिहार की उपलब्धियां लगातार बढ़ रही हैं। बीजेपी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि ये नहीं है कि ये साथ थे तो बढ़ रहा था। अब ये नहीं है तो नहीं बढ़ रहा है। विजय चौधरी ने कहा कि युवा और रोजगार को बजट में प्रमुखता दी गई है। युवाओं को सरकारी नौकरी के अलावा रोजगार सृजन करने के लिए सरकार प्रयासरत है। पुलिस के अलग-अलग 75,343 पदों के लिए स्वीकृति दी गई है। एक साल में 522 शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। सरकार ने स्टार्टअप नीति लागू की है। बिहार की योजनाएं देश के बाकी राज्यों में चल रही हैं। हमने 2016 में नल-जल योजना लागू की। केंद्र ने इसे 2019 में लागू किया। इसी तरह आजीविका योजना, हर घर बिजली योजना, जल-जीवन हरियाली योजना भी नाम बदल-बदलकर लागू की गई। हमें देखकर वो काम करते हैं।

### जीएसटी से नुकसान

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि हम लोगों पर कर का बोझ बिना बढ़ाए काम कर रहे हैं, लेकिन जीएसटी लागू होने के बाद हमें नुकसान हो रहा है। पहले राज्य सरकार को उसका मुआवजा भी मिलता था। लेकिन, अब हमारे कर संसाधन को सीमित कर दिया है। राजस्व घाटा 11 हजार 325 से कम होकर 4 हजार 422 हो गया है।

### बीजेपी ने हंगामा किया

मंत्री सुरेंद्र यादव के अग्निवीरों को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर बीजेपी ने कार्य स्थगन की मांग की। कार्य स्थगन प्रस्ताव के ना मंजूर होने पर भाजपा के विधायक हंगामा करने लगे। बीजेपी के विधायकों ने वेल में जमकर हंगामा किया। इसके बाद सदन से वॉकआउट कर गए। अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने कहा कि आसान पर दबाव डालकर आप काम कराना चाहते हैं तो आसान दबाव में नहीं आने वाला है।

### मंत्री मंसूरी के इस्तीफे की भी मांग

भाजपा विधायकों ने मंत्री इजराइल मंसूरी के इस्तीफे के मांग को लेकर भी विधानसभा में जमकर हंगामा किया। बीजेपी ने नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि वह कहते थे कि अपराधी को संरक्षण नहीं देते, लेकिन दागी मंत्री मंसूरी को बचा रहे हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विरोधी दल विजय सिन्हा ने मंत्री इसराइल मंसूरी पर हत्या की दर्ज होने और मंत्री सुरेन्द्र यादव के बयान का मसला सदन में उठाया। विपक्ष के विरोध पर सीएम ने कहा कि आप लोगों ने जो कागज भेजा हैं, उसे हमने अधिकारियों को भेज दिया है। पूरे मामले को देखने का निर्देश भी दे दिया है। कहीं कोई बात होगी तो उसे भी बताया जाएगा। नीतीश कुमार के आश्वासन के बाद नेता विरोधी दल ने कहा कि मंत्री के रहते न्याय नहीं मिल सकता। इसलिए जब तक जांच हो रही है, तब तक उन्हें मंत्री पद से हटा दिया जाए।

### सीएम ने मंत्री को किया तलब

सदन में विपक्ष के आरोपों के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्री इसराइल मंसूरी को अपने चेंबर में बुलाया है। इस दौरान इसराइल मंसूरी के साथ मंत्री जमा खान और अशोक चौधरी भी मौजूद हैं। सीएम पूरे मामले की पूछताछ कर रहे हैं। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि मंत्री इसराइल मंसूरी के ऊपर हत्या में शामिल होने का केस दर्ज है, लेकिन पुलिस पूरे मामले पर मंत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही। ना ही जांच हो रही। नेता विरोधी दल ने सदन में कई कागजात भी दिए थे, जिसे सीएम ने अपने अधिकारियों को देकर मामले की जांच की बात कही थी। कांग्रेस विधायक असरफ सिद्दकी विधानसभा में गिर गए हैं। मार्शल ने सहारा देकर बाहर निकाला।

## पेज 1 का शेष...

### ट्विटर प्रमुख एलन मस्क...

दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति रहे भारतीय कारोबारी गौतम अडाणी कुछ ही दिनों में खिसक कर 32वें नंबर पर आ गये हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार दो महीनों में उनकी संपत्ति में 82.8 अरब डॉलर की गिरावट आयी है। इससे उनकी संपत्ति घटकर 37.7 अरब डॉलर रह गयी है। दरअसल, 24 जनवरी को अमेरिकी वित्तीय रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने अडाणी समूह पर एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके बाद से ही अडाणी समूह की कंपनियों के शेयर औंधे मुंह गिर रहे हैं।

### राज्य के 13 हजार डॉक्टर...

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन रिम्स ने दिया समर्थन : जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (रिम्स) के अध्यक्ष डॉ जयदीप चौधरी ने कहा कि आइएमए और झासा के आह्वान पर जेडीए के सभी सदस्य 1 मार्च को कार्य बहिष्कार करेंगे। हाल के दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों में चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे में जेडीए पूरी मजबूती के साथ कार्य बहिष्कार को अपना समर्थन करता है। **बीते 15 दिनों में चिकित्सकों के साथ हुई घटनाएं :** रांची के वरिष्ठ ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ अंचल कुमार पर जानलेवा हमला। गढ़वा में जनप्रतिनिधियों द्वारा सिविल सर्जन, उपाधीक्षक एवं डीपीएम को गाली-गलौज और मारपीट। हजारीबाग डीडीसी द्वारा पीडियाट्रिक हेड के साथ बदसलूकी और कॉलर पकड़कर बाहर निकालने की घटना। जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी द्वारा सिविल सर्जन को धमकी और कार्य में हस्तक्षेप। पेटरवार में डॉ अजय चौधरी के साथ मारपीट की घटना। लोहरदगा सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार को जान से मारने की धमकी और रिम्स के डॉ सौरव की मृत्यु के बाद सरकार द्वारा परिवार के साथ सौतेला व्यवहार।

### धालभूमगढ़ में नहीं बनेगा...

इसके लिए राज्य सरकार को हवाई अड्डे के विकास के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सभी भार मुक्त भूमि उपलब्ध कराने थी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को राज्य सरकार द्वारा आवश्यक भूमि सौंपने के बाद हवाई अड्डे का विकास करना था तथा अन्य क्षेत्र को राज्य सरकार द्वारा विकसित किया जाना था। सिंधिया ने श्री हरिवंश को जानकारी दी है कि पर्यावरण मूल्यांकन समिति ने देखा कि प्रस्तावित स्थल जंगलों में पड़ता है जो बड़ी संख्या में हाथियों का निवास स्थान है और हाथी गलियारे के रूप में जाना जाता है। इसलिए 25 सितंबर 2020 की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित स्थल हवाई अड्डे के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है। समिति वर्तमान स्थल चयन से सहमत नहीं थी और परियोजना के प्रस्ताव को एक वैकल्पिक स्थल का पता लगाने के लिए कहा गया। राज्य सरकार द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को अभी तक कोई वैकलिपक जमीन नहीं सौंपी गई है और राज्य सरकार द्वारा वन अनापत्ति मंजूरी अभी प्राप्त की जानी बाकी है इसलिए साइट पर कोई विकास कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

सिंधिया ने यह भी बताया है कि उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने धालभूमगढ़ एयरपोर्ट लिमिटेड को बंद करने का निर्णय लिया है और प्रक्रिया के अनुसार सहमति के लिए राज्य सरकार को गत 23 दिसंबर 2022 को पत्र भेजा गया है।

## स्पीड न्यूज

### कर्नाटक में ब्रेन डेड महिला के अंगदान दिये

**मंगलुरु।** कर्नाटक के उडुपी जिले के मणिपाल स्थित कस्तूरबा अस्पताल (केएमसी) में ब्रेन डेड घोषित की जा चुकी 44 वर्षीय एक महिला के परिवार द्वारा उसके अंग दान की इच्छा जाहिर किए जाने के बाद, महिला के पांच अंग प्रतिरोपण के लिए निकाले गए हैं। महिला का जिगर (लीवर) बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में और एक गुर्दा (किडनी) मंगलुरु के एक अस्पताल में भर्ती जरूरतमंद मरीजों के लिए भेजे गए हैं।

### अमेठी में ग्राम प्रधान के पति समेत दो की हत्या

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के भद्दौर गांव में मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर चुनावी रंजिश को लेकर एक ग्राम प्रधान के पति और उनके भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि ग्राम प्रधान के पति बृजेश यादव और उनके भतीजे सुरेश यादव को सोमवार रात को घर लौटते समय दादरा गांव के पास गोली मारी गई। दोनों बोलेरो से जा रहे थे।

### राजौरी में सीआरपीएफ जवान ने खुदकुशी की

**राजौरी।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। जवान का शव एक शिविर के अंदर मिला है और शव पर गोली लगने का घाव था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नौशेरा इलाके में टाइन ब्रिज शिविर के अंदर जवान संतरी की ड्यूटी पर था, जब उसने देर रात करीब पौने तीन बजे अपनी सर्विस राइफल से कथित रूप से खुद को गोली मार ली।

### टीएमसी नेता मुकुल रॉय अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल रॉय को बेचैनी की शिकायत के बाद शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व रेल मंत्री रॉय तंत्रिका संबंधी रोग से पीड़ित हैं। उन्हें रविवार रात तबीयत बिगड़ने के बाद एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि रॉय की हालत अब ह्यह्यस्थिरह्लह्ल है और अभी वह चिकित्सकों की निगरानी में हैं। रॉय ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में कृष्णानगर उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर 2021 का विधानसभा चुनाव जीता था और उसी साल जून में वह टीएमसी में शामिल हुए थे।

### गुजरात के सभी स्कूलों में गुजराती विषय पढ़ना अनिवार्य

**गांधीनगर।** गुजरात सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में गुजराती विषय पढ़ाना अनिवार्य कर दिया है। प्रदेश के सभी स्कूलों में कक्षा 1 से लेकर 8वीं तक के छात्रों को अब गुजराती भी पढ़ाई जाएगी। इस संबंध में विधानसभा में विधेयक पेश किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। विधेयक में जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है।

### कोविड-19 रोधी नैनो टीका चूहों पर सफल

**नयी दिल्ली।** शोधकर्ताओं ने कोविड के खिलाफ नैनो वैक्सीन विकसित करने के लिए शरीर की अपनी प्रतिरक्षा कोशिकाओं का उपयोग किया है। यह जानकारी चूहों पर किए गए एक अध्ययन से सामने आयी। वर्तमान में उपयोग किए जाने वाले टीकों के विपरीत, जो विपरीत करने के लिए सिंथेटिक सामग्री या एडिनोवायरस की उपयोग करते हैं। आईआईटी, दिल्ली के शोधकर्ताओं ने अगली पीढ़ी के टीके की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। नैनो वैक्सीन (टीका) वर्तमान में स्वीकृत टीकों की तुलना में लाभकारी हो सकता है। यह रक्त के थक्के जमीने को कम करेगा, जो टीके ले चुके व्यक्तियों में देखा गया था। यह अध्ययन एसीएस बायोमेटेरियल्स साइंस एंड इंजीनियरिंग जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

# चंद्रयान-3 मिशन के लिए महत्वपूर्ण इंजन का परीक्षण सफल

## चांद चूमने की ओर इसरो का एक और कदम बढ़ा

**सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति ताप टेस्ट सफल**

एजेंसी

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 मिशन के प्रक्षेपण वाहन के क्रायोजेनिक ऊपरी चरण को गति प्रदान करने वाले सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण सफल रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी।

इसरो ने बताया कि 24 फरवरी को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में स्थित इसरो प्रणोदन परिसर के हाई एल्टीट्यूड प्रक्षेपण केंद्र में 25 सेकंड की निर्धारित अवधि के लिए उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण किया गया था।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि परीक्षण के दौरान इंजन सभी प्रणोदन मानकों पर खरा उतरा और उसका प्रदर्शन अनुमान के मुताबिक मिला।

इसरो ने कहा कि क्रायोजेनिक इंजन के पूरी तरह से एकीकृत उड़ान क्रायोजेनिक चरण को साकार करने के लिए उसे प्रोपेलेंट टैंक, स्टेज स्ट्रक्चर और संबंधित द्रव लाइनों के साथ जोड़ा जाएगा। इससे पहले, साल की शुरूआत में चंद्रयान-3 के लैंडर का तिरुपति स्थित यू आर राव उपग्रह केंद्र में सफल ईएमआई/ईएमसी परीक्षण किया गया था। उस समय इसरो ने कहा था कि उपग्रह मिशनों के लिए ईएमआई/ईएमसी (विद्युत चुंबकीय हस्तक्षेप/विद्युत चुंबकीय संगतता) परीक्षण अंतरिक्ष के



वातावरण में उपग्रह प्रणाली की कार्यक्षमता और अपेक्षित विद्युत चुंबकीय स्तरों के साथ उसकी संगतता सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा था कि यह परीक्षण उपग्रह के निर्माण की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। चंद्रयान-3 भारत का तीसरा चंद्र अभियान है, जिसके तीन प्रमुख मॉड्यूल में प्रणोदन मॉड्यूल, लैंडर मॉड्यूल और रोवर शामिल है। मिशन की जटिलता को देखते हुए तीनों मॉड्यूल के बीच रेडियो फ्रीक्वेंसी (आरएफ) संचार लिंक स्थापित करना अहम है।

चंद्रयान-3 अभियान का मकसद चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और रोवर के घूम-घूमकर नमूने जुटाने की क्षमता प्रदर्शित करना है। इसरो इसे जून में प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। चंद्रयान-3 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च व्हीकल मार्क-3 (एलवीएम-3) के जरिये चंद्रमा की ओर रवाना किया जाएगा।

# सिसोदिया की जमानत खारिज

## आबकारी नीति घोटाले में सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली के डिप्टी सीएम को नहीं मिली राहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति में अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की रिट याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सिसोदिया की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही गलत मिसाल कायम करेगा। सिर्फ इसलिए कि दिल्ली में एक घटना हुई थी, हमसे संपर्क किया गया था।

पीठ की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कहा कि याचिकाकर्ता दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष प्रभावी उपाय का लाभ उठा सकता है। वरिष्ठ



अधिवक्ता ए एम सिंघवी ने पीठ के समक्ष दलील देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने पहले पत्रकार अर्नब गोस्वामी और विनोद दुआ के मामले में हस्तक्षेप किया था।

इस पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि अर्नब गोस्वामी का मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले के बाद शीर्ष अदालत में आया था। विनोद दुआ के मामले में तथ्य और परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं। कोविड-19 दौरान दुआ के मामले में अदालत ने हस्तक्षेप किया था। दिल्ली की एक विशेष

**मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन ने मंत्रिमंडल से दिया इस्तीफा**

अदालत ने सोमवार को श्री सिसोदिया को सीबीआई की हिरासत में चार मार्च तक भेज दिया था। श्री सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी और सीबीआई अदालत के इस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। दिल्ली की 2021-2022 की आबकारी नीति की कथित अनियमितता के आरोपों से घिरे श्री सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी और पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेजने के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। सीबीआई ने दिल्ली की आबकारी नीति 202-2022 ( विवाद के बाद दिल्ली सरकार ने इस नीति को रद्द कर दिया था) में कथित अनियमितता के मामले में श्री सिसोदिया को रविवार को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। सीबीआई का आरोप है कि श्री सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। सीबीआई ने 17 अक्टूबर 2022 श्री सिसोदिया पूछताछ की थी। सीबीआई ने 17 अगस्त को श्री सिसोदिया समेत 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दोनों मंत्रियों के इस्तीफे स्वीकार कर लिये हैं। श्री सिसोदिया आबकारी घोटाला मामले में पांच दिन की सीबीआई की रिमांड पर हैं। जैन पहले से ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद हैं। श्री सिसोदिया के पास शिक्षा, लोक निर्माण, वित्त, आबकारी, ऊर्जा, जल, स्वास्थ्य जैसे सबसे अहम विभाग थे। श्री सिसोदिया अपने विभागों के साथ ही जैन के विभागों का काम भी देख रहे थे।

## कश्मीरी पंडित को मारने वाला आतंकी समेत दो मुठभेड़ में ढेर, एक जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में अवंतीपोरा उपजिले के पदगामपोरा में सोमवार की रात आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद हो गया और दो आतंकी मारे गये। आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने पदगामपोरा में घेराबंदी व तलाशी अभियान छेड़ा था। सुरक्षा बल के जवान संदिग्ध स्थान पर पहुंचे तभी वहां छुपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी। दोनों पक्षों के बीच रात भर चली मुठभेड में दो आतंकवादी मारे गये। एक मृत आतंकवादी की पहचान पुलवामा निवासी अकीब मुस्ताक भट के रूप में की गयी है , जो ह्यद रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)ह्ल से जुड़ा था और ह्यएह्ल श्रेणी का आतंकवादी था। अन्य मृत आतंकवादी की अभी पहचान नहीं की जा सकी है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दो सैनिक भी घायल हो गये जिनमें से एक की बाद में मौत हो गयी। शहीद जवान की तात्कालिक रूप से पहचान नहीं की जा सकी है। एडीजीपी ( कश्मीर रेंज) विजय कुमार ने बताया कि मुठभेड़ में मारा गया आतंकवादी दो दिन पहले एक कश्मीरी पंडित संजय कुमार की हत्या में शामिल था।

## काबुल में आइएसकेपी के खुफिया और सैन्य प्रमुख फतेह मारा गया

एजेंसी

**काबुल।** इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) के खुफिया और सैन्य प्रमुख काबुल में एक अभियान के दौरान मारे गए, मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया- एक अलग ऑपरेशन में, अफगान तालिबान प्रशासन ने उच्च पदस्थ आईएसकेपी अधिकारी को गिरफ्तार किया, जिसे आतंकवादी संगठन के उपमहाद्वीप प्रमुख के रूप में काम करने के लिए जाना जाता है। ऑपरेशन के विवरण के अनुसार, काबुल के खैर खाना, शहरक-ए-जाकिरीन की पहली गली में सेल के खिलाफ रात भर के ऑपरेशन में दाएश के दो सदस्य मारे गए।

मारे गए लोगों में आईएसकेपी का प्रमुख सदस्य कारी फतेह था, जो पहले खुरासान के लिए अमीर-अल-हर्ब (सैन्य नेता) के रूप में कार्य करता था, कुनार प्रांत का प्रमुख, पूर्वी क्षेत्र का प्रमुख और वर्तमान में खुफिया और संचालन प्रमुख के रूप में, जो सीधे तौर पर काबुल में राजनयिक मिशनों, मस्जिदों और अन्य लक्ष्यों के

**काबुल में राजनयिक मिशनों मस्जिदों के खिलाफ हाल के अभियानों का मास्टरमाइंड था**



खिलाफ हाल के अभियानों का मास्टरमाइंड था। अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने मीडिया को बताया कि 13 फरवरी को आईईए के विशेष बलों के विशेष अभियान के परिणामस्वरूप भारतीय उपमहाद्वीप के नेता एजाज अमीन अहिंगर सहित दाएश के तीन सदस्य मारे गए थे। उन्होंने कहा, हाल के दिनों में घातक हमलों की योजना बना रहे विदेशी नागरिकों समेत दाएश के कई अन्य सदस्यों को भी हिरासत में लिया गया है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि ऑपरेशन उन बैठकों की पृष्ठभूमि के तहत हैं जहां देश के रक्षा मंत्री के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के पिछले हफ्ते काबुल का दौरा करने के बाद प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा उत्पन्न नए खतरे से निपटने के लिए पाकिस्तान अफगान तालिबान से नई प्रतिबद्धता हासिल करने में कामयाब रहा।

## प्रचंड अब करेंगे अपने मंत्रिमंडल का विस्तार

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड उनकी सरकार से तीन राजनीतिक दलों के बाहर निकलने पर रिक्त हुए करीब 16 मंत्री पदों को भरने करने के लिए अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल करने की तैयारी कर रहे हैं। मीडिया में मंगलवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। नेपाल की संसद में देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी सीपीएन-यूएमएल ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार के समर्थन को लेकर मतभेद पैदा होने के बाद सोमवार को प्रचंड नीत सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। इसके साथ ही, देश में राजनीतिक अस्थिरता का एक नया दौर शुरू हो गया है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) भी सरकार से बाहर निकल गई है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने भी सरकार से अपने मंत्रियों को हटा लिया है। हालांकि, यह बाहर से सरकार का समर्थन करना जारी रखेगी। सरकार से तीन बड़े राजनीतिक दलों के बाहर निकलने के साथ सात दलों का सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है। प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस व छह अन्य दलों से हाथ मिलाया है तथा यथाशीघ्र एक नया सत्ता साझेदारी समझौता चाहते हैं।

## प्रौद्योगिकी की मदद से 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत बड़े स्तर पर एक आधुनिक डिजिटल ढांचा तैयार कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि डिजिटल क्रांति का लाभ सभी तक पहुंचे। मोदी ने आम बजट के बाद आयोजित हो रहे वेबिनार की श्रृंखला में क्षमताओं का दोहन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से जीवन सुगमता विषय पर कहा कि सरकार छोटे व्यवसायों के लिए अनुपाल लागत कम करना चाहती है। उन्होंने उद्योग से ऐसे अनुपालनों की एक सूची तैयार करना चाहती है। उन्होंने उद्योग से ऐसे अनुपालनों की एक सूची तैयार करने को कहा कि जिन्हें खत्म किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम छोटे व्यवसायों की अनुपाल लागत को कम करना चाहते हैं। क्या आप (उद्योग) अनावश्यक अनुपालनों की एक सूची तैयार कर सकते हैं, जिन्हें खत्म किया जा सकता है। हमने 40000 अनुपालों को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहाकि करदाताओं के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्राद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए कर प्रणाली को फेसलेस बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब

**टैक्स प्रणाली को बनाया जा रहा है फेसलेस : प्रधानमंत्री**



आपकी शिकायतों और उनके समाधान के बीच कोई इंसान नहीं, सिर्फ तकनीक है। मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी की वजह से ही एक राष्ट्र, एक राशन योजना साकार हो सकी। उन्होंने कहा कि जैम त्रयी (जनधन योजना, आधार और मोबाइल) ने गरीबों तक लाभ पहुंचाने में मदद की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5 जी और एआई (कृत्रिम मेधा) जैसी तकनीकों पर चर्चा की जा रही है और ये चिकित्सा, शिक्षा, कृषि और कई अन्य क्षेत्रों को बदलने के लिए तैयार है। उन्होंने हितधारकों को आम आदमी के सामने वाली 10 ऐसी समस्याओं की पहचान करने को कहा, जिनका समाधान एआई का इस्तेमाल करके किया जा सकता है। उन्होंने हितधारकों से आम आदमी के सामने आने वाली 10 ऐसी समस्याओं की पहचान करने को कहा, जिनका समाधान एआई का इस्तेमाल करके किया जा सकता है।

# 10 साल फील्ड में रहेंगे युवा अधिकारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने अपनी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए कहा है किअब तक, नवनियुक्त अधिकारियों को भी मुख्यालय में तैनात किया जा सकता था। यह फैसला इसलिए लिया गया कि अधिकारियों को मुख्यालय में सुविधाजनक पदों पर आने से पहले क्षेत्र में काम करने का भी पर्याप्त अनुभव मिले। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सीधी भर्ती ग्रुप ए रेलवे अधिकारियों को क्षेत्र में काम करने का पर्याप्त अनुभव प्रदान करने के लिए यह तय किया गया है कि वे अपने सेवाकाल के शुरूआती 10 साल क्षेत्र में तैनात किए जाएंगे और उक्त अवधि के दौरान उन्हें मुख्यालय में पदस्थ नहीं किया जाएगा। हाल में आंध्र प्रदेश में एक ट्रेन के पटरी से उतर जाने के बाद रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ए. के. लाहोटी ने महाप्रबंधकों और मंडलीय रेलवे प्रबंधकों से देशभर में दुर्घटनास्थलों पर खुद जाने तथा स्थिति का समाधान करने के लिए कहा था।

**रेलवे ने अपनी नीति में किया बड़ा बदलाव मुख्यालय में तैनाती से पहले क्षेत्र में जमीनी हकीकत से रूबरू होंगे**

इस फैसले के पीछे की वजह बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि क्षेत्र में तैनाती रेलवे के लिए श्रमसाध्य तथा अधिक रचनात्मक है। यह युवा अधिकारियों को ऐसी चुनौतियों के लिए भी तैयार करती है, जिसका वे सामना कर सकते हैं और इससे उनमें निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है। एक अधिकारी ने कहा कि यह महसूस किया गया कि जमीनी स्तर की वास्तविकताओं से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शुरूआती तैनाती से वे जमीनी हकीकत से रूबरू हो सकेंगे। वे यह भी सीख सकेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में कैसे रहना है, जहां अक्सर मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव होता है। बोर्ड द्वारा 21 फरवरी को जारी आदेश में कहा गया है कि किसी अधिकारी को अपवाद वाले कारणों को लेकर संबंधित महाप्रबंधक की मंजूरी से ही मुख्यालय में तैनात किया जा सकता है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 4.4 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में घटकर 4.4 प्रतिशत रही है। मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से जीडीपी में गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था 11.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वहीं, चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इसके अलावा एनएसओ ने बीते वित्त वर्ष 2021-22 की वृद्धि दर को 8.7 प्रतिशत से संशोधित कर 9.1 प्रतिशत कर दिया है।

## प्रियंका चोपड़ा ने शेयर की वेब सीरीज सिटाडेल की झलक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आने वाली वेबसीरीज सिटाडेल की पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। वेबसीरीज सिटाडेल का निर्माण रूसो ब्रदर्स कर रहे हैं।प्रियंका इस वेबसीरीज में



अहम भूमिका निभाती नजर आयेंगी। प्रियंका चोपड़ा सिटाडेल में अपने किरदार की कई तस्वीरें साझा कीं। प्रियंका ने तस्वीरें इंस्टाग्राम एकाउंट से शेयर की हैं। प्रियंका के अलावा सीरीज से और भी प्रमुख किरदारों की झलक दिखायी गई है। प्रियंका ने नौ तस्वीरें साझा की हैं। पहली फोटो में वह पिस्तौल ताने हुए बैठी हैं। बाकी तस्वीरों में भी उनके तेवर नजर आ रहे हैं। सिटाडेल साइंस फिक्शन ड्रामा सीरीज है। प्रियंका स्पाइ के किरदार में नजर आएंगी। उनके किरदार का नाम एजेंट नादिया का है। पहले सीजन में 6 एपिसोड्स होंगे, जिनमें से दो अप्रैल में रिलीज किये जा रहे हैं।

## वाणिज्य की खबरें

### शेयर बाजार में आठवें दिन गिरावट सेंसेक्स 59,000 अंक से नीचे फिसला

**मुंबई।** तेल एवं गैस, दवा और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों के प्रमुख सूचकांक मंगलवार को लगातार आठवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। मिले-जुले वैश्विक संकेतों, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और घरेलू निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई और बाजारों में गिरावट जारी रही।बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 326.23 अंक यानी 0.55 प्रतिशत गिरकर चार माह के निचले स्तर 58,962.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 492.38 अंक गिरकर 58,795.97 अंक पर आ गया था।इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 88.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी कारोबार के अंत में 17,303.95 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार आठवां कारोबारी दिन है जब दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

### भारती एयरटेल इस साल सभी प्लान में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ाएगी

**बार्सिलोना।** भारती एयरटेल इस साल अपने सभी प्लान में मोबाइल सेवाओं की दरें बढ़ाने पर विचार कर रही है। दूरसंचार कंपनी के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने यहां यह जानकारी दी। कंपनी ने पिछले महीने अपने न्यूनतम रिचार्ज या 28 दिन की मोबाइल फोन सेवा योजना के शुरुआती स्तर के प्लान की कीमत लगभग 57 प्रतिशत बढ़कर 155 रुपये कर दी थी। यह बढ़ोतरी आठ सर्किलों में की गई। उन्होंने कहा कि दूरसंचार व्यवसाय में पूंजी पर प्रतिफल बहुत कम है और इस साल एक दर वृद्धि की उम्मीद है। उनसे पूछा गया था कि जब कंपनी के बही-खाते बेहतर स्थिति में हैं, तो ऐसे में दरों में बढोतरी की जरूरत कितनी है। मित्तल ने सोमवार को यहां मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) में कहा कि यह (दर वृद्धि) सभी जगह होगी।उन्होंने कहा कि कंपनी ने बहुत अधिक पूंजी निवेश किया है। इससे बही-खाते मजबूत हो रहे हैं, लेकिन उद्योग में पूंजी पर प्रतिफल बहुत कम है।

### सोना 110 रुपये टूटा, चांदी भी फिसली

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 110 रुपये की गिरावट के साथ 55,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 55,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 63,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ह्यह्यदिल्ली में सोने की हाजिर कीमत 110 रुपये के नुकसान के साथ 55,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी।अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,808 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी भी गिरावट के साथ 20.47 डॉलर प्रति औंस रह गयी।

### आरबीआई गवर्नर से मिले बिल गेट्स

**मुंबई।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास से मुलाकात की और वित्तीय समावेशन, भुगतान प्रणाली, सूक्ष्म वित्त और डिजिटल कर्ज समेत तमाम मुद्दों पर चर्चा की। रिजर्व बैंक ने ट्वीट किया कि श्री गेट्स आज आरबीआई, मुंबई आए और उन्होंने गवर्नर के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। गेट्स की अगुवाई वाला गेट्स फाउंडेशन भारत में कई तरह की गतिविधियां चला रहा है। इनमें वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य क्षेत्र और जलवायु परिवर्तन से संबंधित गतिविधियां भी शामिल हैं। अरबपति उद्योगपति गेट्स बड़े पैमाने पर परमार्थ कार्य भी करते हैं। दास ने एक ट्वीट में कहा कि बिल गेट्स के साथ वित्तीय समावेशन, भुगतान प्रणाली, सूक्ष्म वित्त और डिजिटल कर्ज पर काफी अच्छी बैठक हुई।

### एचडीएफसी, पीएनबी ने कर्ज पर ब्याज की दरें बढ़ाईं, आज से प्रभावी

**नयी दिल्ली।** आवासीय ऋणदाता एचडीएफसी लिमिटेड और सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपनी कर्ज की दरों में 0.25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने की मंगलवार को घोषणा की। संशोधित दरें एक मार्च से लागू होंगी। इसके साथ ही नए एवं पुराने ग्राहकों दोनों के लिए कर्ज महंगा हो जाएगा। एचडीएफसी ने एक बयान में कहा कि वह अपनी प्रमुख ऋण दर में 0.25 प्रतिशत तक की वृद्धि कर रहा है। इसके साथ ही उसकी प्रमुख खुदरा ऋण दर बढ़कर 9.20 प्रतिशत हो गई है। पीएनबी ने भी एमसीएलआर पर आधारित दर में 0.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। यह वृद्धि सभी अवधि वाले कर्जों पर लागू होगी। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि एक साल की अवधि के वाहन, आवास एवं व्यक्तिगत ऋणों पर ऋण दर को 8.4 प्रतिशत से संशोधित कर 8.5 प्रतिशत कर दिया गया है।

